CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 17° C

हल्द्वानी, सोमवार 30 मार्च 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 212 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | चैत्र शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2083 | 10 शव्वाल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


बसपा सरकार में पूरे हुए जेवर एयरपोर्ट के सभी बुनियादी काम: मायावती पेज 2


जब भी खेलने आता हूं, 120 प्रतिशत के साथ आता हूं: कोहली खेल टाइम्स


ट्रम्प की हठधर्मिता से धराशायी हुई वैश्विक अमेरिकी प्रभुत्व की धारणा सम्पादकीय


किम जोंग उन ने बढ़ाई ट्रम्प की टेंशन पेज 12

# ईरानी मिसाइलों से थर्राया सऊदी स्थित अमेरिकी एयरबेस

## ईरान ने किया कई एयरक्राफ्ट मार गिराने का दावा, कबाड़ बना दिखा अवाक्स

**तेहरान, वार्ता**

**पश्चिम एशिया** से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। पिछले एक महीने से जारी भीषण जंग के बीच ईरान ने सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी एयरबेस को निशाना बनाया है। ईरान ने दावा किया है कि इस हमले में अमेरिका के कई विमान तबाह हुए हैं।

ईरानी मीडिया के मुताबिक, इस हमले में 6 बैलिस्टिक मिसाइलों और 29 खतरनाक ड्रोन का इस्तेमाल किया गया था। सबसे हैरत की बात यह है कि इस हमले में वहां तैनात अमेरिका का सबसे आधुनिक कमांड एंड कंट्रोल विमान 'ई-3 अवाक्स' मलबे के ढेर में तब्दील हो गया है। दावा करते हुए ईरान ने कुछ तस्वीरें भी जारी की हैं। तस्वीरों में दिख रहा है कि विशालकाय विमान का बीच का पूरा हिस्सा उड़ चुका है। इसके अलावा, विमानों में ईंधन भरने वाले रिफ्यूलिंग विमानों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। ईरान का दावा है कि बदले की इस कार्रवाई में कम से कम 10 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं। वहीं, दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।



**ईरान ने हमले में 6 बैलिस्टिक मिसाइलों और 29 खतरनाक ड्रोन का किया इस्तेमाल**

### जो भी ईरान आएगा, ताबूत में लौटेगा

**अमेरिकी सैनिकों की तैनाती पर ईरानी मीडिया की चेतावनी, लिखा वेलकम टू हेल**

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य बलों की बढ़ती तैनाती के बीच, ईरानी अंग्रेजी अखबार तेहरान टाइम्स ने वाशिंगटन को चेतावनी भरा संदेश दिया है। अखबार ने शनिवार के अंक के पहले पृष्ठ पर बड़े अक्षरों में लिखा 'वेलकम टू हेल' और चेताया कि जो भी अमेरिकी सैनिक इरानी क्षेत्र में प्रवेश करेंगे, वे सिर्फ ताबूत में लौटेंगे। अखबार की चेतावनी के ठीक समय पर लगभग 3,500 अमेरिकी मरीन सैनिक पश्चिम एशिया में अमेरिका के सेंट्रल कमांड क्षेत्र में तैनात किए गए। मरीन सैनिक यूएसएस त्रिपोली के जरिये जापान से रवाना किए गए, जो अमेरिका के सबसे बड़े अम्फीबियस असाल्ट जहाजों में से एक है। यह कदम पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य शक्ति बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह तैनाती खर्ग द्वीप को कब्जे में लेने के लिए अमेरिकी ऑपरेशन की तैयारी हो सकती है।


वाशिंगटन: 'नो किंग्स' ( डोनाल्ड ट्रम्प ) के विरोध प्रदर्शन के दौरान नेशनल मॉल में आयोजित एक रैली में नकली खून से लथपथ एक प्रदर्शनकारी।

## संक्षिप्त समाचार

### भर्ती के लिए रिश्वत लेने में सीआरपीफ के डीआईजी को तीन साल की सजा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सीआरपीएफ में सिपाही (जीडी) भर्ती में रिश्वत लेने के मामले में सीबीआई के विशेष न्यायाधीश ने तत्कालीन डीआईजी विनोद कुमार शर्मा, सीआरपीएफ कर्मी सत्यवीर सिंह व तीरथ पाल चतुर्वेदी को तीन वर्ष कैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने तीनों पर 1.20 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बताते चलें कि वर्ष 2009 में सिपाही (जीडी) भर्ती के दौरान अभ्यर्थियों से नौकरी दिलाने के बदले रिश्वत लेने के आरोप लगे थे। डीआईजी विनोद कुमार शर्मा पर अन्य आरोपियों के साथ मिलकर इसकी साजिश रचने के आरोप लगे थे। जांच में इसकी पुष्टि हुई थी। जांच में पता चला था कि पैसे लेने के बाद उम्मीदवारों को भर्ती से जुड़ी जानकारियां पहले से मुहैया कराकर भर्ती में मदद की जाती थी। शिकायत पर सीबीआई ने 23 फरवरी 2009 को मामला दर्ज किया गया था।

### मेरठ में प्रतिमा से जाट शब्द हटाने पर हंगामा

**मेरठ।** मेरठ में सूरजमल की प्रतिमा अनावरण समारोह में हंगामा हो गया। महाराज सूरजमल की प्रतिमा की फाउंडेशन वॉल से जाट शब्द हटाने पर लोग भड़क गए। बिरादरी के लोग धरने पर बैठकर हंगामा करने लगे। मौके पर एसडीएम सरधना उदित नारायण पहुंचे। उन्होंने 10 दिन का समय मांगा। एसडीएम ने कहा कि जाट शब्द वाली प्लेट कहीं खो गई। उसे खोजकर 10 दिनों में लगा दी जाएगी। इस पर अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के संस्थापक ने प्रशासन को 15 दिन का समय दिया। उन्होंने कहा कि अगर 15 दिन में जाट शब्द नहीं लगा, तो 16वें दिन पंचायत होगी। इसके बाद धरना खत्म कर दिया गया। इस दौरान करीब 45 मिनट तक धरना प्रदर्शन होता रहा। वहीं इस मामले पर नागौर सांसद हनुमान बेनिवाल ने सीएम योगी पर निशाना साधा। उन्होंने मंच से कहा कि पुलिस ने जाट शब्द हटा दिया। वो तो बालियान जी अपने आप बात करेंगे, नहीं तो आपके योगी जी को ही हटवा देंगे। लोगों का कहना है कि पुलिस-प्रशासन जान बूझकर हमारे समाज को नकार रहा है। हमारे महाराजा श्री का अपमान किया जा रहा है।

# जंग के चलते दुनिया में पेट्रोल-डीजल का संकट: मोदी

## कहा: भारत चुनौती से निपट रहा, अफवाहों में न आएं, सरकार पर भरोसा करें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि दुनिया में जंग चल रही है। पेट्रोल-डीजल का संकट पैदा हुआ है, लेकिन भारत इस चुनौती से निपट रहा है। सरकार लोगों से अपील करती है कि किसी तरह की अफवाहों में न आएं।

सरकार की तरफ से जानकारी पर भरोसा करें। कुछ लोग माहौल बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं। इससे वे देश का नुकसान कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि जंग के चलते ऊर्जा संकट: साथियों, जिस क्षेत्र में अभी युद्ध चल रहा है, वह क्षेत्र हमारी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा केंद्र है। इसकी वजह से दुनिया भर में पेट्रोल और डीजल को लेकर संकट की स्थिति बनती जा रही है। हमारे वैश्विक संबंध, अलग-अलग देशों से मिल रहा सहयोग और पिछले एक दशक में देश का जो सामर्थ्य बना है, इनकी वजह से भारत इन परिस्थितियों का डटकर मुकाबला कर रहा है। मैं सभी देशवासियों से अपील भी करूंगा कि वो जागरुक रहें, अफवाहों के बहकावे में ना आएं, सरकार की तरफ से जो आपको निरंतर जानकारी दी जा रही है, उस पर भरोसा करें और उसी पर विश्वास करके कोई कदम उठाएं। मुझे हर बार की तरह इस बार भी विश्वास है कि जैसे हमने देश के 140 करोड़ देशवासियों के सामर्थ्य से पुराने संकटों को हराया था, इस बार भी हम सब मिलकर के इस कठिन हालत से बहुत ही अच्छी तरह बाहर निकल जाएंगे। मार्च का ये महीना, वैश्विक स्तर पर बहुत ही हलचल भरा रहा है। हम सबको याद है कि पूरी दुनिया इससे पहले कोविड के कारण एक लंबे समय तक अनेक समस्याओं से गुजर चुकी है। हम सभी की अपेक्षा थी कि कोरोना के संकट से निकलने के बाद दुनिया नए सिरे से प्रगति की राह पर आगे बढ़ेगी, लेकिन दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में लगातार युद्ध और संघर्ष की परिस्थितियां बनती चली गईं। वर्तमान में हमारे पड़ोस में एक माह से भीषण युद्ध चल रहा है। हमारे लाखों परिवारों के सगे-संबंधी इन देशों में रहते हैं, खासतौर पर खाड़ी देशों में काम करते हैं। मैं खाड़ी देशों का बहुत आभारी हूं, वे ऐसे एक करोड़ से ज्यादा भारतीयों को वहां पर हर प्रकार की मदद दे रहे हैं। पीएम ने कहा कि पिछले महीने के आखिर में कर्नाटक के हुबली में एक बहुत ही रोचक मुकाबला देखने को मिला, इस मुकाबले को जीतकर जम्मू-कश्मीर की क्रिकेट टीम ने रणजी ट्राफी को अपने नाम कर लिया। सबसे खुशी की बात है कि करीब 7 दशकों के लंबे इंतजार के बाद इस टीम ने अपना पहला रणजी खिताब हासिल किया।



**मोदी ने मन की बात के 132वें एपिसोड में अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का जिक्र किया**

### पीएम मोदी का त्रिशूर में रोड शो

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार से केरल में भाजपा के चुनाव प्रचार की शुरुआत की है। पलक्कड़ में रैली के बाद पीएम त्रिशूर पहुंचे हैं। यहां उनका रोड शो 34 मिनट तक चला।

सड़क के दोनों और लोगों की भीड़ मौजूद रही। इससे पहले पलक्कड़ में रैली को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा था कि दशकों से केरल मतलबी पॉलिटिक्स के दो मुखौटों के बीच फंसा हुआ है। एक तरफ एलडीएफ, दूसरी तरफ यूडीएफ

**पलक्कड़ में बोले: केरल स्वार्थी राजनीति के दो मुखौटों में फंसा**
**एलडीएफ-यूडीएफ दोनों भ्रष्टाचारी**

एक तरफ कम्युनिस्ट, दूसरी कांग्रेस। एक करप्ट, दूसरा महा-करप्ट। एक कम्युनल, दूसरा महा-कम्युनल। एलडीएफ और यूडीएफ की सारी पॉलिसी सिर्फ वोट-बैंक पॉलिटिक्स के लिए हैं। पीएम ने कहा कि इन भ्रष्टाचारी पार्टियों को बीजेपी से डर लगता है।

# अमेरिका में ट्रम्प के खिलाफ 80 लाख लोगों का मार्च

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिका में** राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ हुए 'नो किंग्स रैली' में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए।

आयोजकों ने बताया कि अक्टूबर में हुए पिछले नो किंग्स प्रदर्शनों की तुलना में इस बार करीब 10 लाख ज्यादा लोग शामिल हुए और लगभग 600 ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे ट्रम्प सरकार की कई नीतियों से नाराज हैं। उनका गुस्सा खास तौर पर ईरान के साथ बढ़ते तनाव, सख्त इमिग्रेशन कार्रवाई और बढ़ती महंगाई को लेकर है। कई जगहों पर लोगों ने ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के खिलाफ पोस्टर दिखाए और उन्हें पद से हटाने की मांग की। ट्रम्प के खिलाफ अब तक राष्ट्रीय स्तर पर 3 बार नो किंग्स प्रदर्शन हो चुके हैं। पहला बड़ा प्रदर्शन जून 2025 में आयोजित किया गया। इसके बाद अक्टूबर 2025 में दूसरा प्रोटेस्ट हुआ। जबकि तीसरा प्रोटेस्ट 28 मार्च को हुआ था। अमेरिका के लॉस एंजिलिस में प्रदर्शनकारी मार्च करते हुए। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रम्प की नीतियों के खिलाफ विरोध जताया। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर और मैनहट्टन इलाके में भी बड़ी संख्या में लोग जुटे। कई प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्प की फोटो के साथ एपस्टीन लिखे हुए पोस्टर लहराए। मिनेसोटा के मिनियापोलिस और सेंट पाल में करीब 2 लाख लोगों ने ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किया। मिनेसोटा के मिनियापोलिस और सेंट पाल में करीब 2 लाख लोगों ने ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किया। अमेरिका के ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड में प्रदर्शन के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी (आईसीई) के दफ्तर के बाहर अमेरिकी झंडा जला दिया। अमेरिका में ज्यादातर जगहों पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन लास एंजिलिस में कुछ जगहों पर हालात बिगड़ गए। वहां कुछ प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव हुआ, जिसमें कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। अमेरिका में ज्यादातर जगहों पर प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहे, लेकिन लॉस एंजिलिस में कुछ जगहों पर हालात बिगड़ गए। वहां कुछ प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच टकराव हुआ, जिसमें कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में 'नो किंग्स' प्रदर्शन के दौरान लोगों ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पुतले के जरिये अपना विरोध जताया। ग्रीस की राजधानी एथेंस में अमेरिकी दूतावास के बाहर युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किया गया। यह अमेरिका में चल रहे 'नो किंग्स' आंदोलन के समर्थन में था। इटली की राजधानी रोम में 'नो किंग्स' विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों ने कई बड़े नेताओं के पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू, इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मिलोनी और डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन किए। मिनेसोटा राज्य में डेमोक्रेट नेता बर्नी सैंडर्स ने लोगों को संबोधित किया। ट्रम्प और नेतन्याहू ने अमेरिका को ईरान के साथ एक ऐसे युद्ध में धकेल दिया जो असंवैधानिक और अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है।



**50 राज्यों में 3,300 जगह प्रदर्शन**
**ईरान वॉर और महंगाई मुद्दे को लेकर पद से हटाने की मांग**
**प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति ट्रम्प की नीतियों से नाराज**

# बेंगलुरु में प्रोफेसर ने स्टूडेंट को आतंकी कहा, सस्पेंड

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेंगलुरु में निजी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के खिलाफ स्टूडेंट को आतंकी कहने पर शनिवार को केस दर्ज हुआ। यूनिवर्सिटी ने प्रोफेसर को सस्पेंड कर दिया है। घटना का 58 सेकेंड का वीडियो वायरल है। पुलिस ने मामले पर खुद से नोटिस लिया।


घटना 24 मार्च की है। एफआईआर के मुताबिक, विशेष समुदाय के छात्र ने प्रोफेसर से क्लास से बाहर जाने की परमिशन मांगी। इस पर प्रोफेसर को गुस्सा आ गया। उन्होंने कहा कि शर्म नहीं आती तुमको आतंकी। प्रोफेसर यहां नहीं रुके, उन्होंने कहा कि मैंने सोचा था कि मैं आज बहुत शांत रहूंगा। ईरान युद्ध तुम्हारे जैसे लोगों की वजह से हुआ। ट्रम्प तुम्हें ले जाएगा। तुम बेवकूफ हो, तुम नरक में जाओगे।' पुलिस के मुताबिक प्रोफेसर ने क्लास में पीड़ित छात्र को बार-बार आतंकी कहा और उसके साथ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। घटना के वक्त क्लास में 60 स्टूडेंट मौजूद थे। पुलिस का कहना है कि छात्र की ओर से औपचारिक शिकायत नहीं मिली है, लेकिन प्रोफेसर के खिलाफ बीएनएस की धारा 299 (धार्मिक भावनाएं आहत करने का प्रयास) और 352 (जानबूझकर अपमान) में केस दर्ज किया है।

**आरोप- यूनिवर्सिटी ने क्लास में पीड़ित का सपोर्ट करने पर अन्य छात्रों को सस्पेंड किया**

# होर्मुज स्ट्रेट संकट के बीच भारत को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** होर्मुज स्ट्रेट में युद्ध जैसे हालात के बीच भारत के लिए राहत की खबर आई है। देश के दो और एलपीजी टैंकर सुरक्षित रास्ता पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। ये टैंकर देश की एक दिन की रसोई गैस की जरूरत पूरी करने जितनी गैस लेकर आ रहे हैं।

सरकारी जानकारी के मुताबिक, बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम नाम के दो एलपीजी जहाज करीब 94 हजार टन गैस लेकर होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके हैं। बीडब्ल्यू टीवाईआर 31 मार्च तक मुंबई पहुंचेगा, जबकि बीडब्ल्यू ईएलएम अप्रैल तक न्यू मैंगलोर पहुंचेगा। इजरायल और अमेरिका के हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण इस रास्ते पर जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई थी। हालांकि अब कुछ जहाज सुरक्षित निकलने लगे हैं। इससे पहले चार भारतीय टैंकर भी सुरक्षित भारत पहुंच चुके हैं। पाइन गैस और जग वसंत करीब 92,612 टन गैस लेकर 26 से 28 मार्च के बीच भारत पहुंचे। वहीं, एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी भी इससे पहले गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाह पहुंच चुके हैं। इससे देश में गैस सप्लाई को बड़ी राहत मिली है। भारत अपनी करीब 60 प्रतिशत रसोई गैस जरूरत आयात से पूरी



**दो और एलपीजी टैंकर करीब 94 हजार टन गैस लेकर सुरक्षित रास्ता पार कर भारत की ओर बढ़ रहे**

## 55 लाख से ज्यादा सिलेंडर वितरित

### केंद्र सरकार बोली: एलपीजी आपूर्ति सामान्य

**नई दिल्ली।** पेट्रोलियम मंत्रालय ने रविवार को स्पष्ट किया है कि देश में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति सामान्य है। शनिवार को 55 लाख से अधिक एलपीजी सिलेंडर वितरित किए गए। इसके साथ ही 64,000 पांच किलोग्राम के फ्री-ट्रेड सिलेंडरों की बिक्री भी हुई।

मंत्रालय के अनुसार, किसी भी एलपीजी वितरक पर स्टाक खत्म होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। उद्योग स्तर पर एलपीजी सिलेंडरों की ऑनलाइन बुकिंग 94 प्रतिशत तक बढ़ गई है। वितरकों के स्तर पर किसी भी तरह के विचलन को रोकने के लिए, डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड (डीएसी) आधारित डिलीवरी का प्रतिशत फरवरी में 53 प्रतिशत से बढ़कर 84 प्रतिशत हो गया है।

**साथ ही 64,000 पांच किलोग्राम के फ्री-ट्रेड सिलेंडरों की बिक्री भी हुई**

सरकार की ओर से बताया गया है कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और कच्चे तेल के पर्याप्त भंडार मौजूद हैं। देश में पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टाक बना हुआ है। घरेलू खपत का समर्थन करने के लिए रिफाइनरियों से घरेलू एलपीजी उत्पादन बढ़ाया गया है। सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। सरकार ने उपभोक्ताओं से एलपीजी बुकिंग ऑनलाइन करने और एलपीजी वितरकों के पास जाने से बचने का आग्रह किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विमान लैंडिंग के समय दरवाजा खोलने का प्रयास

**वाराणसी।** वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शनिवार रात बेंगलुरु से आ रही इंडिगो विमान का दरवाजा एक युवक द्वारा खोलने का प्रयास किया गया। क्रू मेंबर्स ने तत्काल उसे रोक लिया। पायलट ने इसकी सूचना एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को दी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) द्वारा युवक से पूछताछ के बाद उसे फूलपुर पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। आरोपी युवक मोहम्मद अदनान मऊ जिले का रहने वाला है। इंडिगो की फ्लाइट 6ई-185 बेंगलुरु से रात्रि 8 बजे उड़ी थी। बताया जा रहा है कि अदनान ने सफर शुरू होते ही एक बार दरवाजा खोलने का प्रयास किया था। क्रू मेंबर्स ने उसे समझा-बुझाकर बैठा दिया था। विमान के वाराणसी पहुंचने और लैंडिग की सूचना मिलते ही अदनान एक बार फिर सीट से उठकर गेट के पास पहुंच गया।

### यूपी में 3574 क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद आज से

**लखनऊ।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद सोमवार यानी 30 मार्च से शुरू होगी। गेंहू खरीद की प्रक्रिया इस बार 15 जून तक चलेगी। इस बार प्रदेश में खरीद शुरू होने से पहले ही 2.24 लाख से अधिक किसानों ने पंजीकरण करा लिया है। प्रदेश में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए अब तक 3574 क्रय केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि कुल 6500 केंद्रों पर खरीद की व्यवस्था की जाएगी। ये केंद्र सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक संचालित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया है कि सभी केंद्रों पर किसानों के लिए छाया, पेयजल और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### आजमगढ़ निवासी महिला की याचिका पर अदालत का रुख सख्त

# भरण-पोषण मामले में आदेशों का कितना पालन हुआ

शाह टाइम्य ब्यूरो



- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक माह के भीतर उप्र के सभी परिवार न्यायालयों से मांगी विस्तृत रिपोर्ट
- उम्रकैद काट रहे पूर्व मंत्री अंगद यादव की पैरोल याचिका खारिज, सरकार के फैसले को माना सही

**प्रयागराज/लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पूछा कि भरण-पोषण मामलों में आदेशों का कितना पालन किया गया है। कोर्ट ने इसकी एक माह के भीतर प्रदेश के सभी परिवार न्यायालयों से रिपोर्ट मांगी है। यह आदेश न्यायमूर्ति प्रवीण कुमार गिरि की एकल पीठ ने आजमगढ़ निवासी महिला की याचिका पर दिया है।

याचिका में आरोप है कि आजमगढ़ के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश ने 11 जुलाई 2025 को पति को सीआरपीसी की धारा-125 (अब बीएनएसएस की धारा 144) के तहत 4000 रुपए प्रतिमाह भरण-पोषण देने का आदेश दिया था। पति ने अब तक केवल 5000 रुपए ही जमा किए, जबकि बकाया राशि एक लाख रुपए से अधिक हो गई है। याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि प्रधान न्यायाधीश ने आवेदन की तिथि से भुगतान करने का आदेश दिया था पर पति ने अब तक केवल पांच हजार रुपए दिए हैं। बचाव पक्ष के अधिवक्ता ने दलील दी कि पति बकाया राशि का 50 प्रतिशत जमा करने के लिए तैयार है। साथ ही नियमित भरण-पोषण की राशि का भुगतान करेगा। कोर्ट ने पति को एक माह में 50 प्रतिशत बकाया जमा करने का आदेश दिया। साथ ही शेष राशि अगले एक माह में जमा करने का आदेश दिया। चेतावनी भी दी है कि आदेश का पालन न करने पर पति को सिविल जेल जाना पड़ सकता है। संपत्ति कुर्क कर नीलामी की जाएगी। साथ ही बकाया राशि छह प्रतिशत ब्याज के साथ वसूल होगी। कोर्ट ने आदेशों को लेकर आजमगढ़ के परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश के साथ ही प्रदेश के सभी परिवार न्यायालयों के न्यायाधीशों से विवरण एक माह में मांगा है। 27 अप्रैल को मामले की सुनवाई होगी। वहीं यूपी में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे पूर्व मंत्री अंगद यादव की पैरोल याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने साफ कहा कि केवल बच्चों की शादी तय करने या रिश्ते खोजने के लिए किसी कैदी को पैरोल नहीं दी जा सकती।

### मुख्तार पर हमले के आरोपी बृजेश सिंह समेत पांच आरोपी बरी, कोर्ट में आरोप नहीं हुए साबित

**लखनऊ।** यूपी के मऊ से माफिया विधायक मुखतार अंसारी पर 22 वर्ष पहले जानलेवा हमले के मामले में राजधानी लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंस नारायण ने पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह, त्रिभुवन सिंह, आनंद राय, सुनील राय और अजय सिंह को दोषमुक्त कर दिया है। कोर्ट ने देर शाम करीब 6रू30 बजे आरो. पियों को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन आरोपियों के खिलाफ आरोपों को साबित नहीं कर पाए। ऐसे में आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया जाता है। इसके पहले बृजेश सिंह, आनंद राय और सुनील राय कोर्ट में हाजिर हुए। जबकि, अन्य मामले में मिर्जापुर जेल में बंद त्रिभुवन सिंह और वाराणसी जेल में बंद अजय सिंह को पुलिस सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया।

# सीएम योगी ने 665 नर्सिंग अफसरों को सौंपे नियुक्ति पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो



- बोले- कोई एक भी नियुक्ति पर सवाल नहीं उठा सकता, पिछले 9 वर्ष में हम लोगों ने 9 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में 665 नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्ष में हम लोगों ने 9 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी। एक भी नौकरी की पारदर्शिता व चयन प्रक्रिया पर विरोध का एक भी प्रश्न नहीं उठा सकता है। ये नियुक्ति की प्रक्रिया जो सफलता पूर्वक सफल हो रही है।

मेरिट के आधार पर आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए जिन नौजवानों का चयन हो रहा है परिणाम क्या है, एक नियुक्ति की प्रक्रिया पारदर्शी, सुचिता पूर्वक होने से न्यायालय का हस्तक्षेप नहीं है। एक पक्ष वह है 2017 से पहले की सभी नियुक्तियां बाधित थी दूसरा पक्ष जो 9 लाख मैनपावर यूपी से जुड़ा, ए प्रतिभाशाली है, यंग ऊर्जा से भरपूर है। इसका लाभ है कि जो राज्य बीमारू था आज हमने उसे भारत की इकानमी का ग्रोथ इंजन बना दिया। जिस राज्य में वेतन देने के लिए पैसे नहीं थे आज वो रेवेन्यू सरप्लस हो गया। उन्होंने कहा कि जिस राज्य की आमदनी प्रतिव्यक्ति आय, देश के अंदर आबादी में सबसे ऊपर लेकिन आमदनी में सबसे नीचे के पायदान पर गिना जाता था। बाटम 6 में गिना जाता था, आज वह राज्य देश के अंदर टाप अर्थव्यवस्था में एक है। अपनी प्रतिव्यक्ति आय को 16 की तुलना में 3 गुना करने में सफलता मिली है। जीरो टालरेंस सिर्फ अपराध व अपराधियों के प्रति ही नहीं है। जीरो टालरेंस करप्शन के प्रति भी है। जीरो करप्शन के लक्ष्य को लेकर सरकार पहले दिन से चल रही है। इसी लिए इस पूरी प्रक्रिया में ट्रांसपेरेंसी हो, किसी भी प्रकार से ह्यूमन इंटरफेयरस न हो इस बात को ध्यान में रख कर इस पूरी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का काम हुआ है। इसी का परिणाम है कि हर हफ्ता हम किसी न किसी नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम से जुड़ते है।

# बहुजन भाईचारा महारैली में गरजे चंद्रशेखर

- आजाद समाज पार्टी सांसद ने आरक्षण और हक की लड़ाई को बताया सबसे बड़ा हथियार

**लखीमपुर।** यूपी के लखीमपुर खीरी स्थित शहीद नसीरुद्दीन मेमोरियल मैदान में आजाद समाज पार्टी की ओर से सम्राट अशोक की जयंती पर आयोजित बहुजन भाईचारा संवाद महारैली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने केंद्र व प्रदेश सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि यह तानाशाही सोच वाली सरकार है और अब इसके पतन का समय शुरू हो चुका है। उन्होंने भीमराव आंबेडकर के संविधान की ताकत को सबसे बड़ा हथियार बताते हुए कहा कि हमारे अधिकार हमें किसी सरकार ने नहीं, बल्कि बाबा साहब के संविधान ने दिए हैं। इन्हें कोई छीन नहीं सकता। उन्होंने कहा कि जब-जब बहुजन समाज एकजुट हुआ है, तब-तब सत्ता को झुकना पड़ा है। चंद्रशेखर आजाद ने कहा हम डरने वाले नहीं, लड़ने वाले लोग हैं। अगर हमारे हक पर चोट होगी तो हम सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष करेंगे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा और संगठन के रास्ते पर चलें और अपने अधिक. ारों के लिए सजग रहें। तिकुनिया कांड का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रशासन ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन वे मोटर साइकिल से पीड़ितों तक पहुंचे। उन्होंने कहा हम अन्याय के खिलाफ हर हाल में खड़े रहेंगे, चाहे कितनी भी बाधाएं आएं। उन्होंने यह भी कहा कि वोट की ताकत से ही तिकुनिया कांड से जुड़े लोगों को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया गया, जो लोकतंत्र की असली ताकत है।

# यूपी में नोएडा एयरपोर्ट पर सियासी जंग शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो



- बसपा सरकार में पूरे हुए जेवर एयरपोर्ट के सभी बुनियादी काम: मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सभी बुनियादी काम बसपा की सरकार में पूरे हो गए थे। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि अगर केंद्र में रही कांग्रेस की सरकार ने इस पर रोड़े न अटकाए होते तो इसका निर्माण काफी पहले ही पूरा हो जाता।

उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि काफी लम्बे इंतजार के बाद जेवर में नोएडा इण्टरनेशनल हवाई अड्डा के प्रथम चरण का कल उद्घाटन हुआ, जबकि इसकी रूपरेखा ही नहीं, बल्कि इसके सभी जरूरी बुनियादी कार्य बीएसपी की मेरी सरकार में ही शुरू हो गए थे। उन्होंने आगे कहा कि इतना ही नहीं बल्कि उस समय केन्द्र में रही कांग्रेस पार्टी की सरकार अगर रोड़ा नहीं अटकाती तो विकास का यह कार्य, यमुना एक्सप्रेसवे आदि की तरह, काफी पहले मेरी सरकार में ही पूरा हो गया होता। जहां तक सपा सरकार का सवाल है, तो इनका ज्यादातर समय उत्तर प्रदेश की गरीबी व पिछड़ेपन आदि को दूर करने हेतु विकास के ठोस कार्य करने के बजाय, खासकर बीएसपी सरकार द्वारा समाज के कमजोर तबकों के हित, कल्याण व उनके उत्थान हेतु लिए गए ऐतिहासिक फैसलों व किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को निष्क्रिय बनाने के साथ-साथ बहुजन समाज में जन्में महान संतों, गुरुओं व महापुरुषों के आदर-सम्मान में निर्मित शिक्षण व मेडिकल संस्थानों व जिला आदि का नाम बदलने व उनके नाम पर बने स्थलों, स्मारकों, एवं पार्कों आदि की अनदेखी व उपेक्षा करने के नकारात्मक, जातिवादी व राजनीतिक द्वेष में ही ज्यादातर समय लगी रही, जो किसी से भी छिपा हुआ नहीं है। अतः इन सबके मद्देनजर यूपी की जनता से अपील है कि वे विरोधी पार्टियों की छलावापूर्ण राजनीति व बहकावे में ना आकर बी.एस.पी. के 'सर्वजन हिताय व सर्वजन सुखाय' की नीति व सिद्धान्त में विश्वास रखते हुए अपने व प्रदेश के विकास हेतु बीएसपी के आयरन नेतृत्व पर ही भरोसा करें। इसके साथ ही, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट की अलग से बेंच व उनके लिए अलग से प्रदेश बनाने का सपना ना जाने कब पूरा होगा?

### सास और ससुर को बहू से भरण-पोषण पाने का कानूनी अधिकार नहीं: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि सास-ससुर को अपनी बहू से भरण-पोषण पाने का कानूनी अधिकार नहीं हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता या पूर्ववर्ती दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 के तहत भरण-पोषण पाने वालों की सूची में ससुर या सास शामिल नहीं किया गया है। यह फैसला न्यायमूर्ति मदन पाल सिंह की पीठ ने आगरा के राकेश कुमार और एक अन्य की आपराधिक पुनरीक्षण अर्जी पर दिया है। आगरा निवासी याचियों ने परिवार न्यायालय में बहू से भरण पोषण की मांग करते हुए अर्जी दायर की, जिसे खारिज कर दिया। इस फैसले को याचियों ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। याची अधिवद्रा ने दलील दी कि याची वृद्ध, अनपढ़ और निर्धन हैं।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 73583.22
निफ्टी 22819.60



सोना 141000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 225000
प्रति किलो



# ईरान युद्ध और घरेलू आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में पिछले कुछ सप्ताह से जारी गिरावट के बीच आने वाले सप्ताह में एक बार फिर निवेशकों की नजर ईरान युद्ध की स्थिति पर रहेगी। इसके अलावा आने वाले सप्ताह में कुछ प्रमुख आंकड़े भी आने वाले हैं। सोमवार 30 मार्च को फरवरी के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े जारी होने हैं। पश्चिम एशिया संकट शुरू होने के बाद की तस्वीर बताने वाला मार्च का पहला वृहत आंकड़ा विनिर्माण पीएमआई का होगा, जो 02 अप्रैल को जारी होगा।

वाहनों की बिक्री के कंपनियों के अलग-अलग आंकड़े भी 1 और 2 अप्रैल को जारी किए जाएंगे। इन सभी कारकों का असर शेयर बाजारों पर दिखेगा। बीते सप्ताह गुरुवार को रामनवमी के अवकाश के कारण बाजार में चार दिन ही कारोबार हुआ। सोमवार और शुक्रवार को बड़ी गिरावट रही, जबकि मंगलवार और बुधवार को लिवाली को जोर रहा। बीएसई का संसेक्स पिछले सप्ताह 949.74 अंक (1.27 प्रतिशत) लुढ़ककर शुक्रवार को 73,583.22 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी इस दौरान



294.90 अंक यानी 1.27 प्रतिशत टूटकर 22,819.60 अंक पर आ गया। मझौली और छोटी कंपनियों पर भी दबाव रहा। सप्ताह के दौरान निफ्टी मिडकैप-50 सूचक. ांक 1.13 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.63 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयरों में साप्ताहिक गिरावट दर्ज की गई। बीईएल का शेयर सबसे अधिक पांच फीसदी टूटा। रिलायंस इंडस्ट्रीज का 4.69 प्रतिशत, ट्रेंट का 4.64, भारतीय स्टेट बैंक का 3.62, एचडीएफसी बैंक का 3.10, टाइटन का 3.09 और अडानी पोर्ट्स का 2.01 प्रतिशत फिसल गया। टाटा स्टील का शेयर 1.75 प्रतिशत, आईटीसी का 1.72, मारुति सुजुकी का 1.70, एनटीपीसी का 1.29 और इंडिगो का 1.16 प्रतिशत गिर गया।

### इंडिगो नवी मुंबई से 30 से अधिक नए मार्गों पर शुरू करेगी उड़ानें

**नई दिल्ली।** देश की प्रमुख विमान सेवा प्रदाता कंपनी इंडिगो ने 29 मार्च से 23 अप्रैल के बीच नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से 30 से अधिक नए मार्गों पर उड़ानें शुरू करने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने रविवार को बताया कि नए मार्गों में नवी मुंबई से आगरा, अयोध्या, बागडोगरा, बेलगांव, चंडीगढ़, दीव, कन्नूर, कोलकाता, पटना, राजकोट, श्रीनगर, वाराणसी और विशाखापत्तनम के लिए उड़ानें शामिल होंगी। इन उड़ानों के साथ नवी मुंबई से और नवी मुंबई के लिए इंडिगो की सप्ताह में 400 से अधिक उड़ानें हो जाएंगी। विमान सेवा कंपनी ने आज ही गुजरात के भावनगर और महाराष्ट्र के नवी मुंबई के बीच भी उड़ान शुरू की है। इस मार्ग पर एटीआर विमान का परिचालन किया जा रहा है।

# चावल मजबूत, गेहूं, चीनी में साप्ताहिक गिरावट, दाल, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। गेहूं और चीनी की कीमतों में नरमी रही जबकि खाद्य तेल और दालों में उतार.चढ़ाव देखा गया।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 45 रुपए बढ़कर सप्ताहांत पर 3,852 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 22 रुपए टूटकर 2,797 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। आटे का भाव दो रुपए बढ़कर 3,296 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 72 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। उड़द दाल 68 रुपए और चना दाल पांच रुपए सस्ती हुई। मूंग दाल में 19 रुपए की गिरावट रही। मसूर दाल का भाव चार रुपए प्रति क्विंटल बढ़ा। बीते सप्ताह पाम ऑयल में औसतन 219 रुपए प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। मूंगफली तेल 74 रुपए और सरसों तेल 48 रुपए फिसल गया। सूरजमुखी तेल की कीमत 30 रुपए और वनस्पति की 29 रुपए टूट गई। सोया तेल भी 145 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 44 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया। चीनी भी 19 रुपए सस्ती हुई।



सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7708.92 रुपए, मसूर काली 8050.33 रुपए, मूंग दाल 10173.12 रुपए, उड़द दाल 10787.15 रुपए, तुअर दाल 11168.69 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2796.99 रुपए और चावल 3852.10 रुपए प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3295.55 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस 4298.78 रुपए और गुड़ 4991.02 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17656.22 रुपए, मूंगफली तेल 18698.00 रुपए, सूरजमुखी तेल 17257.92 रुपए, सोया तेल 14527.26 रुपए, पाम ऑयल 13241.65 रुपए और वनस्पति 14690.16 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# पान मसाला उद्योग से तीन गुना अधिक स्क्रैप में की गई टैक्स चोरी

लखनऊ, वार्ता

स्क्रैप सेक्टर में टैक्स चोरी का दायरा पान मसाला उद्योग की तुलना में तीन गुना से भी अधिक सामने आया है। केंद्रीय जांच एजेंसियों के आंकड़ों के अनुसार, लोहा, तांबा और स्क्रैप से जुड़े मामलों में करीब 20 हजार करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई है। जबकि, पान मसाला और तंबाकू सेक्टर में यह आंकड़ा लगभग 6000 करोड़ रुपये है।

उत्तर प्रदेश में भी स्थिति कुछ इसी तरह की है। जांच एजेंसियां अब इस बात की भी पड़ताल कर रही हैं कि क्या पान मसाला उद्योग में टैक्स चोरी का भय दिखाकर जांच टीमों का फोकस वहां केंद्रित किया गया। जबकि, दूसरी ओर स्क्रैप से भरे ट्रक हाईवे पर बिना रोक-टोक गुजरते रहे। इस दौरान संगठित तरीके से बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी को अंजाम दिया गया। डायरेक्टोरेट जनरल आफ जीएसटी इंटेलिजेंस द्धडीजीजीआईऋ के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में स्क्रैप सेक्टर से जुड़े 1976 मामलों में 16,806 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई। वहीं, पान मसाला और तंबाकू से जुड़े 212 मामलों में 5,794 करोड़ रुपये की चोरी सामने आई। वर्ष 2025-26 में इन मामलों में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि स्क्रैप नेटवर्क में प्रदेश की कुछ बड़ी इस्पात कंपनियों की संलिप्तता हो सकती है। प्रदेश में जीएसटी चोरी के खिलाफ जारी कार्रवाई में स्क्रैप माफिया के बड़े सिंडिकेट का खुलासा हुआ है। हाल ही में यूपी एसटीएफ ने गाजियाबाद में 100 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी पकड़ी। नोएडा पुलिस ने भी फर्जी कंपनियों के जरिए करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले व्यापारियों को गिरफ्तार किया है। इस नेटवर्क में करीब 2,600 फर्जी फर्मों के शामिल होने की बात सामने आई है। मेरठ और गाजियाबाद को केंद्र बनाकर चल रहे 500 करोड़ रुपये के फर्जी इनवाइस रैकेट का भी भंडाफोड़ किया गया है। स्क्रैप सेक्टर में टैक्स चोरी मुख्यतः फर्जी इनवाइसिंग और सर्कुलर ट्रेडिंग के जरिए की जाती है। इसके लिए प्रवासी मजदूरों या आम लोगों के आधार और पैन कार्ड का दुरुपयोग कर कागजी कंपनियां बनाई जाती हैं। ये फर्में आपस में केवल कागजों पर लेनदेन दिखाती हैं, जबकि वास्तविक रूप से कोई माल सप्लाई नहीं होता। छोटे कबाड़ियों से नकद में स्क्रैप खरीदकर व्यापारी उस पर मिलने वाले इनपुट टैक्स क्रेडिट द्धआईटीसीऋ की कमी को फर्जी बिलों के जरिए पूरा करते हैं। एक ही स्क्रैप के बिलों को कई कंपनियों के बीच बार-बार घुमाया जाता है, जिससे नकली टर्नओवर बढ़ाया जाता है। इस प्रक्रिया के जरिए बिना वास्तविक व्यापार के करोड़ों रुपये का टैक्स क्रेडिट या रिफंड हासिल कर लिया जाता है।

# अगले तीन दिन में कई बार करवट लेगा यूपी का मौसम

**लखनऊ।** मौसम का मिजाज हर दिन करवट बदल रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव की वजह से एक बार फिर से 29 मार्च से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का दौर शुरू होने की संभावना बढ़ गई है।

मौसम विभाग के अनुसार बारिश का यह दौर एक अप्रैल तक जारी रहने की संभावना जताई जा रही है, जो 30 और 31 मार्च को प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी अपना प्रभाव डालेगा। मौसम विभाग के अनुसार 29 मार्च को 3 से 5 डिग्री तक तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है और देर शाम या रात को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश हो सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बारिश का यह क्रम 30 व 31 मार्च को तीव्र हो सकता है और लखनऊ समेत बाकी हिस्सों में भी प्रभाव डाल सकता है। इस वजह से कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हो सकती है। बारिश की वजह से 31 मार्च तक तापमान में 3 से 5 डिग्री की ही गिरावट के बाद फिर से अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की क्रमिक बढ़ोतरी हो सकती है। रविवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं।

# दर्दनाक हादसे- दो मां और दो बच्चों की मौत, चारों को ट्रकों ने कुचला

लखीमपुर खीरी, वार्ता

- इन घटनाओं के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल

यूपी के लखीमपुर खीरी में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में अलग-अलग स्थानों पर हुए दो दर्दनाक सड़क दुर्घटनाओं में कुल चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन घटनाओं के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। पहले हादसे में लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग पर बाइक और डीसीएम में टक्कर हो गई। जिसमें छह माह की बच्ची और 28 वर्षीय मां शाहमीन की दर्दनाक मौत हो गई।

डीसीएम लेकर भागने के प्रयास में ईरिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा में सवार चालक समेत पांच लोग घायल हो गए। सभी घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल ओयल रेफर कर दिया गया है। पठान पुरवा निवासी इसराइल अपनी पत्नी शाहमीन और तीन बेटियों के साथ बाइक से नीमगांव अपने मामा के यहां शादी समारोह में जा रहे थे। इसराइल ने बताया वह लखीमपुर मोहम्मदी मार्ग स्थिति राजेपुर गांव का पास पहुंचे थे। उसी समय सामने से डीसीएम आ गई। बाइक चालक ने बताया डीसीएम चालक ने बाइक के पिछले हिस्से में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठी शाहमीन और रशीदा बाइक से उछलकर डीसीएम के नीचे आ गई। पहिए के नीचे आए से छह माह की बच्ची रशीदा के दो टुकड़े हो गए और 28 वर्षीय शाहमीन के सीने के ऊपर हिस्सा कुचलकर अलग हो गया। जबकि बाइक चला रहे इसराइल द्ध29ऋ आफरीन छह वर्ष और पलक तीन वर्ष उछलकर दूसरी तरफ गिरने से बाल बाल बच गए। दुर्घटना के बाद डीसीएम चालक मौके से भागने के प्रयास में आगे जा रहे रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे रिक्शा उछलकर सड़क किनारे पलट गया। ई रिक्शा में सवार चालक समेत पांचों लोग घायल हो गए। सभी घायलों को 108 एम्बुलेंस से सीएचसी फरधान लाया गया। जहां से ई रिक्शा चालक राजकुमार को छोड़कर चार लोगों को जिला अस्पताल ओयल के लिए रेफर कर दिया गया है। दुर्घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों ने आकर डीसीएम मौके पर रोक लिया और चालक को पकड़ लिया।

# प्रधानमंत्री के प्रयासों से उत्तराखंड पर्यटन को मिला नया आयाम: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को देहरादून के इन्द्रानगर स्थित एक होटल में आयोजित प्रधानमंत्री के ष्मन की बातष्कार्यक्रम के 132वें एपिसोड को सुना। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के साथ कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर विचार साझा किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया एक अद्वितीय जनसंवाद मंच है, जो विश्व के किसी भी राष्ट्राध्यक्ष द्वारा संचालित सबसे लंबे समय तक चलने वाले प्रेरणादायी कार्यक्रमों में से एक है। यह कार्यक्रम समाज के विभिन्न वर्गों, विशेष रूप से दूरस्थ और कठिन परिस्थितियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और सम्मान प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा देश के कोने-कोने में कार्य कर रहे उन लोगों का उल्लेख किया जाता है, जो सीमित संसाधनों में भी असाधारण कार्य कर समाज के लिए प्रेरणा बनते हैं। 'मन की बात' के माध्यम से ऐसे व्यक्तित्वों की कहानियां देशभर के नागरिकों तक पहुंचती हैं, जिससे सकारात्मक ऊर्जा और प्रेरणा का संचार होता है। सीएम ने यह भी उल्लेख किया कि प्रधानमंत्री अपने लगभग प्रत्येक कार्यक्रम में उत्तराखंड का विशेष रूप से स्मरण करते हैं। 'मन की बात' के कई एपिसोड में राज्य की शीतकालीन यात्रा, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक विरासत का उल्लेख किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वयं भी उत्तराखंड के विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर चुके हैं, जिनमें आदि कैलाश और उत्तरक. ाशी जिले का हर्षिल-मुखवा क्षेत्र प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री के इन दौरों और उनके द्वारा किए गए उल्लेख का सकारात्मक प्रभाव राज्य के पर्यटन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। सीएम ने कहा कि वर्तमान वर्ष में उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को अभूतपूर्व बढ़ावा मिला है। अब तक डेढ़ लाख से अधिक पर्यटक राज्य में शीतकालीन यात्रा के लिए पहुंच चुके हैं, जबकि आदि कैलाश क्षेत्र में 36,700 से अधिक श्रद्धालु एवं पर्यटक पहुंच चुके हैं। यह संख्या राज्य के पर्यटन क्षेत्र में निरंतर बढ़ती संभावनाओं को दर्शाती है। इस अवसर पर विधायक सविता कपूर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



■ शीतकालीन पर्यटन में रिकॉर्ड बढ़ोतरी ■ सीएम धामी ने सुना 'मन की बात' का १३२वां एपिसोड ■ जनप्रतिनिधियों संग साझा किए विचार

### उत्तराखंड को ऑल-सीजन टूरिज्म हब बनाने की दिशा में तेजी से काम: धामी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष पर्यंत पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे उत्तराखंड एक 'ऑल-सीजन टूरिज्म डेस्टिनेशन' के रूप में स्थापित हो सके। इसके लिए पर्यटन स्थलों पर आधारभूत सुविधाओं का विस्तार, सड़क संपर्क में सुधार, आवासीय व्यवस्थाओं का विकास तथा डिजिटल सुविधाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार स्थानीय लोगों की आजीविका बढ़ाने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए पर्यटन को एक प्रमुख माध्यम के रूप में विकसित कर रही है। ग्रामीण पर्यटन, होमस्टे योजना और धार्मिक पर्यटन को विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिससे राज्य के दूरस्थ क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हैं।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार


**चमोली।** जनपद चमोली में पुलिस ने नाबालिग के दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुआ थी और पुलिस आरोपी तक पहुंच गई है। युवती के गर्भवती होने पर इस राज से पर्दा उठा था। नंदानगर थाने में विगत माह 30 जनवरी को एक व्यक्ति द्वारा तहरीर दी गई थी कि वर्ष 2025 में उनकी नाबालिग पुत्री को एक 24 वर्ष के युवक द्वारा बहला-फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया।आरोपी द्वारा किसी को भी ये बात बताने पर धमकी दी गई। बता दें कि पीड़िता के गर्भवती होने पर दुष्कर्म का यह मामला सामने आया था। जानकारी देते हुए पुलिस द्वारा बताया गया कि नाबालिग युवती के पिता की तहरीर के आधार पर थाना नंदानगर में पॉक्सो अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था और विवेचना महिला उपनिरीक्षक मीता गुसाईं को दी गई थी।

# जौलीग्रांट एयरपोर्ट में डिजी यात्रा किड्स जोन और फ्लाइब्रेरी का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डोईवाला।** देहरादून हवाई अड्डे पर सुविधाओं का विस्तार किया गया है। केंद्रीय उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने वर्चुअली इन सुविधाओं का उद्घाटन किया। इन सुविधाओं के शुरू होने से यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। केंद्रीय उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने कहा यात्रियों की सुविधाओं के लिए केंद्र सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा इन सुविधाओं से हवाई यात्रियों का सफर और भी स्मार्ट और सुविधाजनक होगा।

जौली ग्रांट एयरपोर्ट पर यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाओं की रविवार को शुरुआत गई। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा एयरपोर्ट को हाईटेक बनाने की दिशा में यह बड़ा कदम माना जा रहा है। इन सुविधाओं का उद्घाटन केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममो. हन नायडू द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया. केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने वर्चुअल अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो सपना आम नागरिक के लिए देखा था वो अब साकार होने लगा है। एयरपोर्ट पर जो सुविधा प्रदान की जा रही हैं वह बेहद सस्ती हैं खाने-पीने की चीजों में भी मामूली शुल्क लगाया गया है. जिससे आम नागरिक भी हवाई सफर कर सके। कार्यक्रम के बाद एयरपोर्ट निदेशक एसएस नेगी ने कहा इससे यात्रियों को बेहतर अनुभव मिलेगा. एयरपोर्ट पर इन नई व्यवस्थाओं से यात्रियों को तेज, सुरक्षित और आरामदायक सफर का अनुभव मिलेगा. यह पहल देहरादून एयरपोर्ट को देश के आधुनिक एयरपोर्ट्स की श्रेणी में लाने की दिशा में अहम माना जा रहा है। बता दें देहरादून हवाई अड्डे के साथ-साथ, देश के सात अन्य हवाई अड्डों पर डिजी-यात्रा का उद्घाटन किया गया. उन्नचास हवाई अड्डों पर वाई-फाई सेवाएं शुरू की गई. नौ हवाई अडडों पर किडस जोन सुविधाएं तथा पंद्रह हवाई अड्डों पर फ्लाइब्रेरी प्रारंभ की गई. ये पहले भारतीय विमानन को किफायती, सुलभ, समावेशी एवं डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ हवाई अड्डों को जीवंत एवं यात्री-अनुकूल स्थलों में परिवर्तित करने के प्रति सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।



■ केंद्रीय उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने वर्चुअली इन सुविधाओं का किया उद्घाटन

### इन सुविधाओं का हुआ आगाज़

- **डिजी-यात्रा:** यह बायोमेट्रिक श्फेसियल रिकग्निशनश तकनीक के माध्यम यात्रा सुगम होगी। यात्रियों को अब कतारों में नहीं लगना पड़ेगा।
- **नि:शुल्क वाई-फाई सुविधा:** यह डिजिटल को बढ़ावा देती है. यात्रियों को अपनी यात्रा के दौरान एयरपोर्ट पर बेहतर सुविधाएं और अपनों से जुड़ने के लिए नि:शुल्क वाई-फाई सुविधा प्रदान करती है।
- **किड्स जोन:** यह बच्चों और परिवारों के लिए सुरक्षित एवं आकर्षक खेल क्षेत्र उपलब्ध कराता है. जिससे यात्रा का अनुभव बेहतर होता है।
- **फ्लाइब्रेरी:** यह हवाई अड्डा टर्मिनलों में पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्थापित की गई है। यह सुविधा देहरादून हवाई अड्डे के सेक्योरिटी होल्ड क्षेत्र के प्रथम ताल पर, स्पर्श हिमालय फाउंडशन, थानो, देहरादून के सहयोग से स्थापित की गई है।

# सरकारी कर्मचारियों को मिलेंगे गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक आवास

## प्रदेश भर में सरकारी आवासों के पुनर्निर्माण और नए निर्माण की योजना तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व मुख्य सचिव आनंद बर्धन के दिशा-निर्देश पर सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में उत्तराखंड सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार प्रदेश भर में सरकारी कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक आवास उपलब्ध कराने की व्यापक योजना पर काम कर रही है।

इस पहल का उद्देश्य न केवल कर्मचारियों को बेहतर आवास उपलब्ध कराना है, बल्कि सरकारी आवासीय परिसंपत्तियों का व्यवस्थित रखरखाव और विस्तार सुनिश्चित करना भी है। राज्य संपत्ति विभाग के अनुसार लंबे समय से कई सरकारी आवास जर्जर हो चुके हैं, जिससे कर्मचारियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सरकार अब ऐसे आवासों की पहचान कर उन्हें मरम्मत और पुनर्निर्माण के माध्यम से बेहतर बनाने की योजना पर तेजी से काम कर रही है।

**जर्जर आवासों की पहचान, नए निर्माण की तैयारी:** सरकार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में मौजूद जर्जर सरकारी आवासों का सर्वे शुरू करने का निर्णय लिया है। जिन भवनों की स्थिति बेहद खराब है, उन्हें या तो पुनर्निर्मित किया जाएगा या फिर उनकी जगह नए आधुनिक आवास बनाए जाएंगे। इसके साथ ही जहां भी विभागीय या सरकारी भूमि उपलब्ध है, वहां आवश्यकता के अनुसार नए आवासीय परिसरों के निर्माण की योजना बनाई जा रही है। इन आवासों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा ताकि कर्मचारियों को सुरक्षित, व्यवस्थित और कार्यस्थल के निकट रहने की सुविधा मिल सके। सरकार का मानना है कि बेहतर आवास मिलने से कर्मचारियों का कार्य परिवेश भी बेहतर होगा और वे अधिक दक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे।



■ धामी सरकार की पहल: सरकारी कर्मचारियों को मिलेंगे बेहतर घर, जर्जर आवासों की जगह बनेंगे आधुनिक क्वार्टर

**कार्यों की निगरानी के लिए बनी उच्चस्तरीय समिति:** इन योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू करने के लिए राज्य संपत्ति विभाग के स्तर पर एक उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति को निर्देश दिए गए हैं कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध भूमि, जर्जर भवनों और नए निर्माण की संभावनाओं का त्वरित सर्वेक्षण किया जाए।

सर्वेक्षण के आधार पर विस्तृत प्राक्कलन तैयार कर शासन को भेजा जाएगा, ताकि निर्माण और मरम्मत से जुड़ी परियोजनाओं को समय पर स्वीकृति मिल सके। इसके अलावा कार्यदायी संस्थाओं को भी स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हों और तय समयसीमा के भीतर पूरे किए जाएं। नियमित निरीक्षण और मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी की संभावना कम हो सके।

**सरकारी आवासीय ढांचे को मिलेगा नया स्वरूप:** समिति की बैठक में इन परियोजनाओं पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया, जिसके बाद विचार-विमर्श के पश्चात दोनों योजनाओं को स्वीकृति देने पर सहमति व्यक्त की गई। सरकार की इस पहल को प्रदेश में सरकारी आवासीय ढांचे को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। बेहतर आवासीय सुविधाओं से कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और प्रशासनिक कार्यों की दक्षता पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### आने वाले समय में सरकारी आवासीय ढांचे को मजबूत और आधुनिक बनाना लक्ष्य: डॉ आर. राजेश

राज्य संपत्ति विभाग के सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई जिलों में पुराने सरकारी आवास जर्जर स्थिति में पहुंच चुके हैं, इसलिए उनकी पहचान कर मरम्मत और पुनर्निर्माण की योजना तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि जहां भी विभागीय भूमि उपलब्ध है, वहां नए और आधुनिक आवासों का निर्माण कराया जाएगा, ताकि कर्मचारियों को सुरक्षित और सुविधाजनक आवास मिल सके। डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि सभी परियोजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए उच्चस्तरीय मॉनिटरिंग व्यवस्था बनाई गई है। उनका कहना है कि सरकार का लक्ष्य आने वाले समय में पूरे प्रदेश में सरकारी आवासीय ढांचे को मजबूत और आधुनिक बनाना है, जिससे कर्मचारियों को बेहतर कार्य परिवेश मिल सके।

### रेसकोर्स में बनेंगे नए आवास

राज्य संपत्ति विभाग के नियंत्रणाधीन देहरादून के ओल्ड ऑफिसर्स कॉलोनी, रेसकोर्स क्षेत्र में भी नए आवासों के निर्माण की योजना बनाई गई है। यहां जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण के बाद खाली हुई भूमि पर श्रेणी-2 के 31 नए आवास बनाने का प्रस्ताव समिति के समक्ष रखा गया। इसके अलावा 6 मार्च 2026 को इसी कॉलोनी में उपलब्ध अन्य भूमि पर श्रेणी-4 के 10 आवासों के निर्माण की योजना भी प्रस्तुत की गई। दोनों परियोजनाओं के लिए सिंचाई विभाग के परियोजना खंड द्वारा विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार कर समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इन आवासों के निर्माण के लिए श्रेणी-2 के 31 आवासों पर लगभग 1458.56 लाख रुपये और श्रेणी-4 के 10 आवासों के लिए लगभग 743.95 लाख रुपये की लागत का अनुमान लगाया गया है।

# अनुशासनहीनता व भ्रष्टाचार में भाजपा से रिजेक्ट हुए कांग्रेस में सिलेक्ट: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने उनके कहे शब्दों पर कांग्रेसी आपत्तियों को कांग्रेसी द्विअर्थी सोच का नतीजा बताते हुए कहा कि, जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। वहीं पुन: स्पष्ट किया कि जो अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार के चलते भाजपा से रिजेक्ट हुए, वही कांग्रेस में सिलेक्ट हुए हैं। हालत ये है कि आने वालों से अधिक संख्या नाराज लोगों की है, कोई इस्तीफा तो कोई मौन धारण कर कोप भवन चला गया है।

पार्टी मुख्यालय में मीडिया से हुई अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने अपने बयान पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोदियाल की आपत्ति को सिरे से नकार दिया। कहा, गलती बयान में नहीं बल्कि कांग्रेस नेताओं की द्विअर्थी सोच के तरीके में है। जो सोच कांग्रेस नेताओं के मन में अपने ही साथी नेताओं के प्रति रहती है, वही अर्थ उनको समझ में आया है। ऐसी स्थिति के लिए रामायण में पहले ही तुलसी दास जी कह गए हैं, 'जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी'।

उन्होंने एक बार फिर अपने बयान को स्पष्ट करते हुए कहा, कुछ लोगों का कल कांग्रेस में शामिल होना, अंधे के हाथ बटेर लगने जैसा है। इनमें अधिकांश को भाजपा अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार और अनैतिक आचरण के चलते बहुत पहले पार्टी से निकाल चुकी है। इन्होंने जनता के बीच जाकर भी चुनाव में अपना पक्ष रखा, वहां भी नकारे गए।

लिहाजा यह कहने में कोई संकोच नहीं कि भाजपा और जनता से रिजेक्टेड लोग कांग्रेस के लिए सिलेक्टेड हो गए है। फिलहाल उनकी खुशफहमी उन्हें मुबारक, लेकिन भाजपा अनुशासन, नैतिकता और आचरण को लेकर कभी समझौता नहीं करती है।



■ कांग्रेस करे इस्तीफा या मौन धारण कर कोप भवन जाने वालों की चिंता

### हरीश रावत के मौन व्रत और गुटबाजी पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कसा तंज

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने हरीश रावत के मौन व्रत और गुटबाजी पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस में कुछ लोगों के आने से, बहुत सारे लोगों का अब जाना निश्चित हो गया है। संभवत उनके बड़े-बड़े नेता और सबसे बड़े नेता भी इस नई भर्ती से नाखुश हैं। कुछ इस्तीफा दे रहे हैं कोई मौन धारण कर कोप भवन में बैठ गए। लिहाजा आने वाले दिनों में जो थोड़े बहुत स्वाभिमान वाले बड़े और बहुत बड़े नेता भी वहां कुछ दिनों के मेहमान हो सकते हैं। लिहाजा अपने यहां आने वाले नेताओं की सूची से पहले कांग्रेस को अपने शेष बचे नेताओं की सूची संभालने की जरूरत है।

# उत्तराखंड में फिर मौसम बदलने की संभावना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में आज मौसम यू टर्न ले सकता है. जिसकी मौसम विभाग ने भी पूर्वानुमान जताया है. प्रदेश के मैदानी और पर्वतीय जिलों के अधिकांश इलाकों में बादल आंख-मिचौनी खेल रहे हैं. जिस कारण आज पहाड़ी जिलों में बारिश की संभावना बनी हुई है. मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार आज प्रदेश के 9 पहाड़ी जनपदों में कहीं-कहीं गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने का अंदेशा जताया गया है।

साथ ही आकाशीय बिजली चमकने, झोंकेदार हवाओं लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं बारिश और बर्फबारी की चेतावनी के बीच लोगों को सतर्क रहने की अपील की है।

देहरादून मौसम विभाग के मुताबिक उत्तराखंड के उत्तरकाशी, देहरादून, हरिद्वार, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, नैनीताल और पिथौरागढ़ जिले के कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश गरज व चमक के साथ हो सकती है। जबकि इन जिलों में 3300 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने की संभावना है। उत्तराखंड के शेष जनपदों में कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश गरजना के साथ हो सकती है।

वहीं 3300 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी होने का अंदेशा जताया है। राज्य के पर्वतीय जनपदों में कहीं-कहीं गरज के साथ आक. ाशीय बिजली चमकने, झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है. जिसके लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

राजधानी देहरादून में सोमवार को आसमान मुख्यत: साफ रहने से लेकर आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। बहुत हल्की से हल्की बारिश होने, गरज के साथ बिजली चमकने / तेज हवा चलने की संभावना है।

■ 9 जिलों में बारिश और बर्फबारी की संभावनाएं

# पीएम की प्रस्तावित जनसभा को लेकर तैयारियां तेज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राजधानी देहरादून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित जनसभा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। भले ही अभी दौरे की आधिकारिक तारीख का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन प्रशासन और संगठन स्तर पर लगभग सभी अहम बिंदुओं को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इस बार खास बात ये है कि पहली बार कैंट क्षेत्र स्थित महिंद्रा ग्राउंड प्रधानमंत्री की विशाल जनसभा का गवाह बनने जा रहा है, जिससे पूरे राज्य में एक बड़ा राजनी. तिक संदेश देने की तैयारी है।

उत्तराखंड में इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दौरे हो चुके हैं। अब प्रधानमंत्री मोदी का दौरा राज्य की राजनीति और विकास योजनाओं के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। ये कार्यक्रम अप्रैल महीने के पहले हफ्ते में प्रस्तावित है, जिसके मद्देनजर तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं।

हाल ही में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद इस दौरे को लेकर चर्चाएं और तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि इस मुलाकात में मुख्यमंत्री ने न केवल पीएम मोदी के प्रस्तावित दौरे पर चर्चा की, बल्कि राज्य में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं और राजनीतिक परिस्थितियों की भी जानकारी दी।

इस बैठक के बाद अब प्रशासनिक स्तर पर कार्यक्रम को अंतिम रूप देने की कवायद तेज हो गई है। प्रधानमंत्री के इस दौरे की एक और बड़ी खासियत दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का संभावित उद्घाटन है। लंबे समय से इस परियोजना के उद्घाटन के लिए प्रधानमंत्री के समय का इंतजार किया जा रहा था। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि अपने इस दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी इस महत्वपूर्ण एक्सप्रेसवे का लोकार्पण कर सकते हैं, जिससे उत्तराखंड और दिल्ली के बीच कनेक्टिविटी को नई गति मिलेगी।



■ महत्वपूर्ण परियोजना का कर सकते हैं लोकार्पण

## भगवान महावीर के सिद्धांत और उपदेश आज भी हैं प्रासंगिक : सीएम

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महावीर जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

महावीर जयंती की पूर्व संध्या के अवसर पर जारी अपने संदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भगवान महावीर का जीवन हमें करुणा, शान्ति, सत्य, अहिंसा, त्याग, प्रेम एवं आत्मसंयम का संद. ेश देता है।

उन्होंने कहा कि भगवान महावीर द्वारा दी गई शिक्षा हमारे समाज में नैतिकता और सदाचार का संचार करने वाली है। भगवान महावीर के सिद्धांत और उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं।

# रिप परियोजना: 74 आपदा प्रभावित उद्यम परिवारों को 93 लाख वितरित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत छमरौली ग्राम पंचायत स्थित नागरा. जा मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में आपदा प्रभावित परिवारों को राहत प्रदान करते हुए 74 उद्यमी परिवारों को 93 लाख से अधिक की सहायता राशि के चेक वितरित किए।

यह सहायता ग्राम्य विकास विभाग के अंतर्गत संचालित ग्रामोत्थान (रिप) परियोजना के तहत प्रदान की गई, जिसमें ग्राम पंचायत फुलेत, छमरौली, सरोना, सिल्ला, सिम्यारी, शेरकी, सरखेत आदि प्रभावित गांवों के परिवारों को लाभ प्रदान किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा कि राज्य सरकार आपदा से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लगातार सहयोग प्रदान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ग्रामोत्थान (रिप) परियोजना ग्रामीण आजी. विका को सशक्त करने का एक प्रभावी माध्यम है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आपदा के बाद केवल राहत देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रभावित परिवारों को स्थायी आजीविका उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इसी दिशा में यह सहायता राशि लाभार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करेगी और उनके जीवन में आर्थिक स्थिरता लाने में सहायक सिद्ध होगी। कैबिनेट मंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ये समूह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा राज्य सरकार महिलाओं के आजीविका संवर्धन और उन्हें आत्मनिर्भरता को बढ़ाने की दिशा में लागतार प्रयासरत है।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य वीर सिंह चौहान, श्याम लाल, धनश्याम नेगी, दीपक भट्ट, कविता, श्याम सिंह पयाल, रमेश नौटियाल सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।



■ कैबिनेट मंत्री जोशी ने कहा, राज्य सरकार आपदा से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध

# ट्रैक्टर-ट्राली हादसे में दो युवकों की मौत

## पत्थरों के नीचे बुरी तरह दबे चार युवक



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** जिले में सड़क दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को स्याल्दे ब्लॉक के चिंतोली में के पास पत्थरों से लदी ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। हादसे में चार युवक पत्थरों के नीचे बुरी तरह दब गए। चारों को निकालकर देघाट सीएचसी भेजा गया, लेकिन दो युवकों ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

जबकि दो घायलों को रामनगर रेफर किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार एक ट्रैक्टर ट्राली पत्थर भरकर चिंतोली गांव की ओर जा रही थी। ट्रैक्टर में चालक समेत चार युवक सवार थे। इसी दौरान ट्रैक्टर की ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। ट्राली पलटने से चारों युवक पत्थरों से दब गए। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए और पत्थरों के नीचे दबे युवकों को निकाल सीएचसी देघाट पहुंचाया गया। इसी दौरान दर्शन सिंह पुत्र छोदाण सिंह और चन्दन सिंह पुत्र प्रेम सिंह, दोनों निवासी ग्राम चिन्तोली ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि गोपाल सिंह पुत्र गब्बर सिंह और नरेन्द्र सिंह पुत्र दीवान सिंह, निवासी ग्राम चिन्तोली को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रामनगर रेफर कर दिया। थानाध्यक्ष देघाट अजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना कैसे हुई इसकी जांच की जा रही है।

# काली फिल्म लगी कार चालक पर कार्रवाई

**अल्मोड़ा।** जनपद के रानीखेत क्षेत्र में पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की। एसएसपी चंद्रशेखर घोडके के निर्देश पर अवैध लाल-नीली बत्ती, हूटर और काली फिल्म लगे वाहनों के खिलाफ अभियान तेज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार एएसपी हरबन्स सिंह के मार्गदर्शन और सीओ विमल प्रसाद के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक भुवन चंद्र जोशी ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक कार के शीशों पर काली फिल्म पाई गई, जिसे मौके पर हटवाकर चालक के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालान किया गया तथा भविष्य में नियमों का पालन करने की चेतावनी दी गई।

# प्रशासन की निगरानी में बंटी गैस

## एसडीएम और तहसीलदार की मौजूदगी से बनी रही व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** एलपीजी आपूर्ति पर सख्त निगरानी, पारदर्शी एवं समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन प्रतिबद्ध जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे के निर्देशों के क्रम में जनपद में एलपीजी गैस आपूर्ति को पारदर्शी, सुचारू एवं उपभोक्ता हितैषी बनाए रखने हेतु सभी तहस. ीलों में सघन मॉनिटरिंग एवं निरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था का निरंतर निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। उपजिलाधिकारी गरुड़ वैभव काण्डपाल द्वारा गरुड़ क्षेत्र में गैस वितरण व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान एचपी गैस एजेंसी, टीट बाजार कौसानी एवं इंडेन गैस एजेंसी गागरीगोल का निरीक्षण कर सुरक्षा मानकों, स्टॉक स्थिति एवं अभिलेखों का गहन परीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि कौसानी क्षेत्र में एचपी गैस एजेंसी तथा छतिया, गागरीगोल, पुरड़ा, भौरा एवं उदखुली क्षेत्रों में इंडेन गैस एजेंसी द्वारा नियमित वितरण किया जा रहा है। वहीं गरुड़ तहसीलदार निशा रानी द्वारा भी अपने क्षेत्र में गैस एजेंसियों का निरीक्षण कर समस्त व्यवस्थाओं का सत्यापन किया गया। उपजिलाधिकारी कपकोट अनिल कुमार चन्याल ने कपकोट क्षेत्र में गैस एजेंसियों का निरीक्षण करते हुए स्टॉक रजिस्टर, वितरण प्रणाली एवं उपभोक्ताओं को प्रदान की जा रही सेवाओं की



गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया कि गैस सिलेंडरों का वितरण समयबद्ध एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। इसी क्रम में तहसीलदार कपकोट नितिशा आर्या द्वारा शिखर भारत गैस सर्विस, शामा का निरीक्षण करते हुए वितरण प्रणाली, स्टॉक स्थिति एवं उपभोक्ता शिकायत निवारण व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा संबंधित संचाल. कों को पारदर्शी एवं समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। तहसीलदार बागेश्वर ऋतु गोस्वामी द्वारा बागेश्वर क्षेत्र में ठाकुरद्वारा, पेट्रोल पंप के निकट एवं आरे बाईपास क्षेत्रों में इंडेन गैस द्वारा की जा रही आपूर्ति की मॉनिटरिंग की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से संवाद कर उनके बुि. कंग नंबर की जांच की तथा वितरण की वास्तविक स्थिति का सत्यापन किया। साथ ही पूर्व में वितरित सिलेंडरों के उपभोक्ताओं की सूची से रैंडम कॉल कर आपूर्ति की पुष्टि भी की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि गैस वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता, कालाबाजारी अथवा लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजन से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की शिकायत की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जनपद में गैस आपूर्ति पूर्णतः सामान्य एवं पर्याप्त है तथा प्रशासन द्वारा इसकी निरंतर निगरानी कर आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

## अल्मोड़ा में वरीयता के आधार पर मिले सिलेंडर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** नगर में लगातार गैस वितरण किए जाने का सिलसिला जारी है। गैस सर्विस की ओर से बनाए गए रोस्टर के अनुसार नगर के शिखर तिराहे में घरेलू गैस सिलिंडर बांटे गए। सुबह पांच बजे से उपभोक्ता गैस सिलिंडर लेने के लिए



कतार में खड़े रहे। छह बजे गैस वाहन आने के बाद उपभोक्ताओं को पुलिस की मौजूदगी में गैस सिलिंडर बांटे गए। गैस एंजेसी की ओर से रसोई सिलेंडर के लिए घंटों लाइन में लगकर लोगों को मायूस न लौटना पड़े इसके लिए प्रशासन ने वरीयता के आधार पर एक दिन पहले ही उपभोक्ताओं की सूची चस्पा करने का नियम बनाया है। इसी के तहत रविवार को शिखर तिराहे के पास गैस बाटी गई। इस दौरान उमडे लोगों के हुजूम को नियंत्रित करने के लिए पुलिस कर्मी भी तैनात रहे। भीड़ नियंत्रित हुई तो एजेंसी कर्मियों ने तय सूची के मुताबिक 170 लोगों को ही सिलेंडर वितरित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। रविवार को सिलिंडर बंटने के बाद भी कुछ लोगों को बिना गैस सिलिंडर लिए वापस लौटना पड़ा। इधर, गैस एंजेसी की ओर से बताया कि गया कि वरीयता के आधार पर नियमित सिलेंडर बांटे जा रहे हैं।

# रानीखेत में गैस संकट से व्यापार प्रभावित: हीरा रावत

**रानीखेत।** नगर में गैस संकट को लेकर व्यापारियों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। रविवार को मीडिया को दिए बयान में कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं वर्तमान में विधायक टिकट के दावेदार हीरा रावत ने कहा कि ईरान में चल रहे युद्ध के कारण उत्पन्न गैस संकट का सीधा असर रानीखेत के व्यापार पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पहले से ही पिछले कुछ वर्षों में रानीखेत का व्यापार लगातार गिरावट की ओर है, ऐसे में गैस संकट ने व्यापारियों पर दोहरी मार डाली है। उन्होंने मांग की कि इस कठिन समय में गैस की आपूर्ति नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए, ताकि व्यापारियों को राहत मिल सके। हीरा रावत ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा व्यापारियों को परेशान किया गया तो वह व्यापारी हित और क्षेत्र की जनता के लिए अनशन करने को भी तैयार हैं।

## एक नजर

### घर से बिना बताये चली गई किशोरी

**काशीपुर।** भांजी को मोबाइल पर बात करते देख मामा ने मोबाइल छीना तो किशोरी घर पर बिना बताये कहीं चली गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज की है। ग्राम नीझड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विशनपुर बेलपड़ाव रामनगर निवासी उसकी भांजी बीते तीन माह से उसके घर पर रह रही है। कहा कि 28 मार्च की सुबह उसकी भांजी मोबाइल पर किसी से बात कर रही थी जबकि उक्त मोबाइल उसके पास था उन्हें नहीं पता था। जिस पर उसने अपनी भांजी का मोबाइल छीन लिया। जिसके कुछ समय बाद उसकी भांजी घर से बिना किसी को कुछ बताये कहीं चली गयी है। जिस हर संभावित जगह तलाशा गया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### चैती मेले में पति ने पीटा पत्नी को, मुकदमा

**काशीपुर।** चैती मेले में प्रसाद चढ़ाने अपने पति व सास-ससुर के साथ आई महिला के साथ पति ने मारपीट कर दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने मुक. दमा दर्ज किया है। ग्राम किरतपुर थाना चांदपुर जिला बिजनौर निवासी जूही रानी ने चैती मेला चौकी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 26/27 मार्च की रात्रि लगभग 3.00 बजे अपने पति अंजिल राजपूत, ससुर मुकेश व सास बबीता के साथ चैती मेला में प्रसाद चढ़ा रही थी। इस दौरान उसके पति की किसी अनजान महिला से बहस हो गई। जब उसने अपने पति को समझाने का प्रयास किया तो पति व सास-ससुर ने उसके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी है। विरोध करने पर पति ने भवन के निकास द्वार के बाहर उसे मारना पीटना शुरु कर दिया तथा मेला परिसर से बाहर गाड़ी के पास भी उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मोटेश्वर महादेव मंदिर में भव्य श्रृंगार कल

**काशीपुर।** मोटेश्वर महादेव मंदिर में मंगलवार, 31 मार्च को भोले बाबा का भव्य श्रृंगार किया जायेगा। सायं 7 बजे से बाबा महाकाल के रौद्र रूप का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। बाबा श्री मोटेश्वर महादेव जी का यह भव्य श्रृंगार उज्जैन महाकाल के मुख्य पुजारी अमर शर्मा एवं उनके पुत्र हर्ष शर्मा द्वारा कराया जाएगा। मोटेश्वर बाबा के श्रृंगार में विशेष पुष्प, भस्म और पारंपरिक सामग्री का उपयोग किया जायेगा। मान्यता है कि यह स्थान 12वां उप-ज्योतिर्लिंग और एक शक्तिपीठ भी है। इस मंदिर का निर्माण लगभग 302 ईस्वी में हुआ था। इसमें भैरव नाथ मंदिर और शिव गंगा कुंड नामक एक कुंड शामिल है। इस कुंड के सामने नदी बहती है। पश्चिम दिशा में माँ जगदंबा भगवती बालसुंदरी देवी का मंदिर है, और प्रत्येक वर्ष चैत्र माह में यहाँ एक विशाल मेला आयोजित किया जाता है।

### चैती मेले में लक्खा की भजन संध्या आज रात

**काशीपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैती मेले के अवसर पर एक भव्य भजन संध्या का आयोजन सोमवार, 30 मार्च को किया जा रहा है। इस भजन संध्या में प्रसिद्ध गायक लखबीर सिंह लक्खा अपनी वाणी से माता के भजनों का गुणगान करेंगे। सुप्रसिद्ध गायक लखबीर सिंह लक्खा अपनी मधुर आवाज में माता के भजन और भक्ति गीतों से भक्तों को निहाल करेंगे। यह आयोजन स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं के लिए आस्था और संगीत का एक बड़ा संगम है। हर वर्ष माता के भजनों को सुनने के लिए इस भजन संध्या में लाखों लोग आते हैं। यह जानकारी भाजपा के पार्षद अनिल तोमर एडवोकेट ने प्रेस को दी है।

### डिप्लोमा इंजी. की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**काशीपुर।** शहर में डिप्लोमा इंजीनियरों ने अपनी 27 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। सिंचाई विभाग स्थित संघ भवन में उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के बैनर तले विभिन्न विभागों के इंजीनियर एकजुट हुए और पूर्ण कार्य बहिष्कार का ऐलान किया। हड़ताल के दौरान इंजीनियरों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन लंबा खिंच सकता है। उनका कहना है कि वे लंबे समय से अपनी समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं और देहरादून में भी कई बार सरकार के समक्ष अपनी बात रख चुके हैं, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिले हैं। हड़ताल में शामिल महिला इंजीनियर ज्योति रावत ने कहा कि संघ ने कई माध्यमों से सरकार तक अपनी बात पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली। उन्होंने कहा कि मजबूरी में इंजीनियरों को हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा। इस हड़ताल का असर अब सरकारी योजनाओं और विकास कार्यों पर पड़ सकता है। साथ ही आने वाले दिनों में आम जनता को भी परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

### पीएम के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाएंगे

**अल्मोड़ा।** नगर मंडल अंतर्गत कर्नाटक खोला क्षेत्र में रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' को सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदा. धिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में स्वच्छता, जनभागीदारी, आत्मनिर्भरता और नवाचार जैसे विषयों पर जोर दिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि 'मन की बात' समाज को नई दिशा देने वाला प्रेरणादायक कार्यक्रम है। पदाधिकारियों ने इसे संगठन को मजबूत करने वाला बताया और प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# गजराज को कालाढूंगी से पूर्ण विश्वास

## हल्द्वानी मेयर की सक्रियता पर विधानसभा में सियासी हलचल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** रविवार को हल्द्वानी मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने कालाढूंगी के वार्ड नंबर एक निवासी जनार्दन पांडे के निवास पर पहुंच कर जनता की समस्या सुनी। इस दौरान क्षेत्र वासियों ने अपनी समस्याओं से गजराज को अवगत कराया। उसके उपरांत गजराज ने मौके पर ही कई समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया।



चुनाव से कुछ माह पहले ही हल्द्वानी मेयर गजराज बिष्ट की कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में सक्रियता ने राजनीतिक हलचल तेज़ कर दी है। कालाढूंगी में मेयर ने यह दावा तक कर दिया कि यहां की जनता को उनको पूर्ण समर्थन मिल रहा है। इतना ही नहीं गजराज बिष्ट यहां तक कह गए कि अगर भाजपा ने उनपर विश्वास जताते हुए उनको प्रत्याशी बनाया तो वह भारी बहुमत से सीट भाजपा के खाते में डालेंगे। वहीं कालाढूंगी में हल्द्वानी मेयर की इस सक्रियता ने अंदरखाने सियासी हलचल भी तेज़ कर दी है। भाजपा के दिग्गज विधायक बंशीधर भगत के गढ़ में गजराज बिष्ट की सीधी इंट्री के काफी मायने निकाले जा रहे हैं। यह तो वक्त ही बताएगा कि भाजपा आने वाले विधानसभा चुनाव में इस सिचुएशन को कैसे हैंडिल करती है लेकिन अभी तक इतना तो तय है कि चुनाव में इस सीट पर टिकट को लेकर काफी घमासान देखने को मिलेगा। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता गोपाल बुधलाकोटी, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष राजू जलाल, गणेश कार्की, दिनेश पांडे, कामदेव पांडे, पुरन पांडे, हरीश गजरौला, विद्या रावत, नीमा पांडे, मुन्नी पांडे, जानकी पांडे, तारा पांडे, ममता गजरौला आदि दर्जनों महिलाएं पुरुष मौजूद थे।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** सैनिक भवन परिसर शांतिपुरी नं. 2 में रविवार को पूर्व सैनिक संगठन शांतिपुरी द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में रविवार को क्षेत्रीय लोगों की अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। शिविर में कुल 114 लोगों ने विभिन्न रोगों की जांच एवं उपचार कराकर स्वास्थ्य लाभ लिया। गौतम हास्पिटल रुद्रपुर के विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच करते हुए उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। शिविर के दौरान डॉक्टरों व संगठन के सदस्यों ने लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया। इस अवसर पर अस्पताल के मार्केटिंग हेड अश्वनी पांडे, हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. सुभाष मोहन मिश्रा, जनरल सर्जन डा. फैजल मिराज, जनरल मेडिसिन विशेषज्ञ डा. परमजोत कौर, प्रधान कविता तिवारी, कैप्टन कल्याण सिंह रौतेला बंशीधर जोशी, चंपा कोरंगा सहित कई गणमान्य लोग और संगठन से जुड़े सदस्य मौजूद रहे।

# भक्ति के माहौल में रामकथा शुरू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**शांतिपुरी।** रविवार को शांतिपुरी नंबर 4 श्री संकट मोचन बालाजी मंदिर में आयोजित 10 दिवसीय श्री राम कथा के शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र में धार्मिक माहौल गहराता नजर आया। रविवार को निकली भव्य कलश यात्रा में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में रंग गया। कथावाचक बाल व्यास कपिल देव महाराज के सांनिध्य में निकली इस यात्रा में महिलाएं सिर पर कलश रखकर भक्ति गीतों के साथ आगे बढ़ती रहीं। जबकि पुरुष एवं बच्चे भी पूरे उत्साह से शामिल हुए। यात्रा विभिन्न मंदिरों और शांतिपुरी नंबर 4, जयग्राम, सत्यपुर, पोस्ट ऑफिस, शांतिपुरी नंबर 2, प्रेमनगर, भरतपुर, ढाकानी, शांतिपुरी नंबर 3 से गुजरते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना



के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा। कथा के प्रथम दिवस पर कपिल देव महाराज ने श्रीराम कथा का महत्व बताते हुए कहा कि राम कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण कर आध्यात्मिक लाभ लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान बचुली देवी, भाष्कर कोरंगा, पुष्कर कोरंगा, हरीश पाण्डेय, बिमला को. रंगा, सुमन पाठक, सोनम मेहता, मंजू मिश्रा, गीता देवी, सुनीता खोलिया, दीपा भट्ट, गीता जोशी समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सैमधार व शीशाखानी में जंगली जानवरों का आतंक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** ग्राम पंचायत शीशाखानी के राजस्व ग्राम सैमधार और शीशाखानी में इन दिनों गुलदार और जंगली सुअरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीण दहशत में हैं। हालात को देखते हुए वन विभाग ने गांवों में पिंजरा लगाने के साथ ही अनायडर मशीन भी स्थापित कर दी है। वन क्षेत्राधिकारी केवलानंद पांडे ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से लगातार क्षेत्र में गुलदार दिखने की सूचना मिल रही थी। कई स्थानों पर गुलदार की गतिविधियां बढ़ने के बाद विभाग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सैमधार में पिंजरा लगाया है, ताकि गुलदार को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर भेजा जा सके। उन्होंने बताया कि विभाग स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त कदम भी उठाए जाएं।वहीं ग्राम प्रधान राजेंद्र जनौटी ने बताया कि गांव में हर दिन गुलदार की मौजूदगी देखी जा रही थी।

अब तक कई मवेशियों को वह अपना शिकार बना चुका है, जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण लंबे समय से भय के साए में जी रहे हैं और शाम ढलते ही लोग घरों से बाहर निकलने से कतरा रहे हैं। बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। इसके अलावा क्षेत्र में जंगली सुअरों का आतंक भी कम नहीं है। सुअर लगातार खेतों में घुसकरफसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर रहा है।

# धमकी देने के आरोप में मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** एक व्यक्ति ने करीब आधा दर्जन लोगों पर 10 लाख रूपये न देने पर उसे झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। ग्राम रामनगर. निवासी विपुल कुमार बालिग पुत्र कतार सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 30 जुलाई 2025 को ग्राम रामनगर निवासी जशनदीप सिंह ने एक मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें उसे झूठा फंसाया गया था। विवेचना में साक्ष्य न मिलने पर उसका नाम पृथक कर दिया गया था। उपरोक्त मुकदमें में सुमित ने अपना अनुसुचित जाति प्रमाण पत्र (जो कि तहसील टांडा, जनपद रामपुर उत्तर प्रदेश से जारी) बतौर सबूत उपलब्ध करवाया, वह प्रमाण पत्र प्रार्थी की शिकायत पर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बनवाया जाने के कारण जिला. धिकारी, रामपुर द्वारा सुमित के जाति प्रमाण को निरस्त कर दिया गया। इस विषय में थाना टाण्डा, जनपद रामपुर में सुमित व अन्य के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत है, जिसमें सुमित जमानत पर है। बीती 01 अक्टूबर 2025 की दोपहर करीब 3.15 उसके घर के पास हरविन्दर सिंह उर्फ राजू पुत्र महेन्द्र सिंह, राजेश पुत्र बालकिशन, जसप्रीत सिंह राणा पुत्र इन्द्रजीत सिंह एवं चंद्रावती पुत्री संतराम, निवासीगण ग्राम रामनगर एक राय होकर आये और उसके साथ गाली-गलौच करते हुये कहने लगे कि पहले भी हम सबने मिलकर जशनदीप और सुमित से तुम लोगों पर एससी व एसटी एक्ट व हत्या के प्रयास करने का मुकदमा लिखवाया था अगर तूने सुमित के फर्जी जाति प्रमाण पत्र की ज्यादा तहकीकात की और हमें 10 लाख रूपये नहीं दिये तो हम लोग तूझे चन्द्रावति के झूठे बलात्कार के मुकदमा में जेल भिजवा देंगे और अगर तू तब भी नहीं मानेंगा तो तेरी हत्या करवा देंगे। कहा कि सुमित ने धोखाधड़ी करते हुये कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर बनवाया गये फर्जी अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र का दुरूपयोग करके थाना काशीपुर में उसके व अन्य लोगों के विरूद्ध झूठा एससी व एसटी एक्ट का मुकदमा पंजीकृत कराया व एससी व एसटी एक्ट का दुरुप्रयोग भी किया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# रेल मार्ग के लिए फिर जन आक्रोश, तहसील में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** बागेश्वर-टनकपुर रेल मार्ग निर्माण की मांग को लेकर एक बार फिर जन आक्रोश देखने को मिला। टनकपुर बागेश्वर रेल मार्ग निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले लोगों ने तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे लंबे समय से रेल मार्ग निर्माण की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन अब तक उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उनका आरोप है कि केंद्र सरकार इस महत्वपूर्ण परियोजना को लेकर गंभीर नहीं है, जिससे क्षेत्र के विकास पर असर पड़ रहा है। संघर्ष समिति की अध्यक्ष नीमा दफौटी ने कहा कि पिछले 22 वर्षों से यह आंदोलन लगातार जारी है, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान जनप्रतिनिधि बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव के बाद इस मुद्दे को नजरअंदाज कर दिया जाता है। उन्होंने क्षेत्रीय सांसद पर भी उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि वे इस दिशा में कोई प्रभावी पहल नहीं कर रहे हैं। अब तक केवल सर्वे कार्य ही होता रहा है, जबकि रेल लाइन के निर्माण के लिए जरूरी बजट तक स्वीकृत नहीं किया गया है। नीमा दफौटी ने कहा कि जब तक टनकपुर-बागेश्वर रेल मार्ग निर्माण की मांग पूरी नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा और इसे और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान लक्ष्मी धर्मशक्तू, बंशीधर जोशी, नरेन्द्र खेतवाल, चरण सिंह बघरी, कस्तूबानंद जोशी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बूथ लेवल अभिकर्ताओं की बैठक

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रानीखेत।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रानीखेत विधानसभा क्षेत्र के ताड़ीखेत विकासखंड एवं रानीखेत छावनी क्षेत्र में बूथ लेवल अभिकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीएल-2 के 10 प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए अभिकर्ताओं को उनके दायित्वों और कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर पर सक्रियता बेहद आवश्यक है। मौके पर उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व सीडब्ल्यूसी सदस्य करन माहरा ने कार्यकर्ताओं में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर जोश भरते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं, साथ ही निर्देश दिए गए कि अप्रैल 2026 में प्रस्तावित विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसआईआर) के



दौरान कांग्रेस के कार्यकर्ता बीएलए और बीएलओ के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करें, ताकि मतदाता सूची को सही एवं अद्यतन किया जा सके। बैठक के दौरान कांग्रेस कमेटी एवं करन माहरा की विकासपरक सोच से प्रेरित होकर कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जिसमे जसवंत सिंह फर्त्याल (जैनोली), बालम सिंह मेहरा (जलिखान), अशोक पाण्डेय (रानीखेत), ललित कडाकोटी (भतरोजखान), दयालु राम (जैनोली) एवं दीपक काण्डपाल (खग्यार) शामिल रहे। बैठक में चुनावी तैयारियों को लेकर रणनीति पर भी चर्चा की गई और सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष अरुण रावत, ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम सिंह अधिकारी, पीसीसी सदस्य कैलाश पांडेय, महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा, साई सावित्री व स्प्रिंग फील्ड पब्लिक स्कूल प्रबंधक रमा माहरा, अम्बेडकर समिति अध्यक्ष गुसाई राम, कार्यकारी अध्यक्ष पंकज जोशी, चिलियानौला अध्यक्ष कमलेश बोरा, त्रिभुवन शर्मा, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, यूथ विधानसभा अध्यक्ष अंकिता पंत, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी, अगस्त लाल साह, जीतन जयाल, वसीम कुरेशी, विनीत चौरसिया, जयंत रौतेला, प्रदीप माहरा, पंकज थापा, अमन शेख़, प्रियंका, हेमा, कुसुम जोशी, गीता माहरा, दीपक पंत, विजय तिवारी, पूरन माहरा, ललित बिष्ट, मोहन सिंह बिष्ट, वीरेंद्र बिष्ट, सुरेन्द्र पवार, हेमंत रौतेला, दीप उपाध्याय, धनी राम सहित अन्य मौजूद रहे।

# शिक्षिका नजमुस जावेद सेवानिवृत्ति पर सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राजकीय कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय तल्लीताल की शिक्षिका नजमुस जावेद के सेवानिवृत्ति पर स्कूल प्रबंधन ने उनके कुशल कार्य की प्रशंसा करते हुए फूल मालाओं और शॉल भेंट कर उनको सम्मानित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रमा पांडे, विशिष्ट अतिथि सभासद शीतल कटियार स्कूल प्रबंधन एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के कार्य को सराहा। उन्होंने वर्तमान में सेवानिवृत्त नजमुस जावेद सहित पूर्व में सेवानिवृत्त निगहत शमीम, निगहत अंजुम, विनीता बिष्ट, हरीश चंद्र जोशी, रिहाना जमाल, मो. नफीस, राना राशिद को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संगीता बिष्ट ने किया। इस दौरान सैयद जावेद, लजीना सहित तमाम शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# महिला ने कीटनाशक पीकर दी जान

## दमुवाढूंगा में किराये के घर में उठाया कदम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संदिग्ध परिस्थितियों के चलते काठगोदाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। आनन फानन में परिजन महिला को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल ले गए जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुट गई। जानकारी के अनुसार मूलरूप से पिथौरागढ़ जिले के बेरीनाग में रहने वाली 27 वर्षीय उर्मिला देवी वर्तमान में दमुवाढूंगा बैड़ीखत्ता में एक किराए के मकान में अपने दो बच्चों के साथ रहती है। बताया जा रहा कि बीते शनिवार को उर्मिला ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला की हालत में बिगड़ती देख आसपास के लोगों ने महिला को उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर देर रात महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जा रहा कि मृतका उर्मिला का पति कृष्ण कुमार विदेश में नौकरी करता है और इस वक्त वह लंदन में तीन साल बीजा पर रह रहा है। उर्मिला अपने आठ वर्षीय बेटी और पांच वर्षीय बेटे के साथ हल्द्वानी में रह रही थी। करीब तीन साल पहले ही परिवार यहां आकर बसा था। घटना के बाद दोनों मासूम बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। आसपास के लोगों और परिजनों से पूछताछ की जा रही है, ताकि घटना की असली वजह सामने आ सके।

## युवती को बचाने पहुंची नर्स को युवक ने बेरहमी से पीटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** काठगोदाम थानाक्षेत्र में इंसानियत दिखाना एक नर्स को भारी पड़ गया। पड़ोस में एक युवती को पीटते देख जब नर्स ने विरोध किया तो आरोपी युवक ने उस पर ही हमला बोल दिया और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार दमुवाढूंगा निवासी नर्स गीतांजली बोरा के अनुसार पड़ोस में रहने वाला एक युवक अक्सर अपनी महिला मित्र के साथ आता-जाता था। रविवार सुबह दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद मारपीट में बदल गया और युवक युवती को सड़क पर ही बेरहमी से पीटने लगा। यह दृश्य देख गीतांजली बोरा खुद को रोक नहीं सकीं और बीच-बचाव के लिए पहुंच गईं। उन्होंने युवक को रोकने की कोशिश की, लेकिन इससे वह भड़क उठा। आरोप है कि युवक ने पहले नर्स के साथ अभद्रता की और फिर गाली-गलौज करते हुए उस पर हमला कर दिया। बताया गया कि आरोपी ने नर्स के सीने और चेहरे पर लगातार मुक्के मारे। करीब पांच मिनट तक चली इस पिटाई के बाद गीतांजली बेहोश होकर सड़क पर गिर पड़ीं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें उठाकर बेस अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी पहले भी उसके घर में घुस चुका है, जिससे वह पहले से ही परेशान थी। फिलहाल वह पुलिस को तहरीर देने की तैयारी कर रही है। इस मामले में काठगोदाम थाना पुलिस का कहना है कि घटना की जानकारी मिल गई है और जांच की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# टैक्स नोटिस पर भड़के व्यापारी

## नगर निगम व सरकार के खिलाफ ज़ोरदार प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम द्वारा भेजे जा रहे टैक्स नोटिसों के विरोध में रविवार को ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र के व्यापारियों ने ट्रांसपोर्ट नगर चौराहे

### ट्रांसपोर्ट नगर के कारोबारियों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी

पर नगर निगम व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारियों ने चेताया कि अगर नगर निगम द्वार यह टैक्स नोटिस वापस नहीं लिए गए तो व्यापारी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस दौरान ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसो.



के अध्यक्ष प्रदीप सब्बरवाल और महामंत्री खीमानंद शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा नवगठित वार्डों में 10 वर्षों तक किसी प्रकार का टैक्स न लेने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद मात्र 7 वर्ष के भीतर ही नगर निगम द्वारा टैक्स नोटिस भेजकर व्यापारियों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। व्यापारियों ने चेताया कि यदि सरकार और नगर निगम ने अपने वादे के अनुसार टैक्स छूट लागू नहीं की और नोटिस वापस नहीं लिए गए तो व्यापारी आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार है। प्रदर्शन में ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसो. के कश्मीरी लाल साहनी, इंद्र कुमार भूटियानी, हाजी मंसूर खान, पंकज बोरा, राजेश पुरी, भास्कर त्रिपाठी, हरीश कपिल, शंकर भूटियानी, उपेंद्र ओली, हरीश मठपाल, जसपाल मालदार, लक्ष्मण सिंह नेगी, विशाल जुनेजा, मुकेश खन्ना, दीपक कपिल, विक्की भाटिया, दर्शन सिंह खेतवाल, एनके पंत सहित प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे, नगर महामंत्री मनोज जायसवाल, प्रचार मंत्री संदीप सक्सेना समेत अनेक व्यापारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने गोविन्द बिष्ट

## किशोर पंत को 315 मतों से दी शिकस्त



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बार एसोसिएशन के चुनाव में इस बार भी गोविंद सिंह बिष्ट का दबदबा कायम रहा। उन्होंने निवर्तमान अध्यक्ष किशोर पंत को 315 मतों के बड़े अंतर से हराया। बता दें कि बीते शनिवार को सुबह 8 बजे से शुरू हुआ मतदान शांतिपूर्ण माहौल में हुआ, जिसमें कुल 1324 अधिवक्ताओं में से 1082 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद मतगणना देर रात करीब दो बजे पूरी हुई, और इसके बाद विजेताओं की घोषणा की गई। नतीजे आने के बाद जजी परिसर में समर्थकों ने जश्न मनाया और जुलूस निकाला। चुनाव परिणामों में उपाध्यक्ष पद पर ललित मेर ने जीत हासिल की, जबकि महिला उपाध्यक्ष पद पर बसंती बिष्ट ने बाजी मारी। सचिव पद पर मोहन सिंह बिष्ट ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ते हुए जीत दर्ज की। अन्य पदों पर भी चुनाव परिणाम स्पष्ट हुए जिसमें संयुक्त सचिव पद पर सुधांशु तिवारी, संयुक्त सचिव (प्रेस) पर भानू कबडाल, कोषाध्यक्ष पद पर गौरव कपूर और लेखाधिकारी पद पर गौरव सिंह बिष्ट ने जीत हासिल की। पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर लोकेश राज चौधरी निर्वाचित हुए। सामान्य सदस्य पद पर कड़ा मुकाबला देखने को मिला। राहुल भट्ट, मयंक प्रकाश, राकेश कुकरेती और कैलाश भट्ट को विजयी घोषित किया गया। वहीं महिला सदस्य पद पर सुनीता भट्ट ने जीत हासिल की। चुनाव परिणाम घोषित होते ही विजेताओं के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। अधिवक्ताओं ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और उनसे बार एसोसिएशन के हित में सक्रियता से कार्य करने की अपेक्षा जताई।

### प्रमुख पदों पर वोटों का आंकड़ा

अध्यक्ष-गोविंद सिंह बिष्ट 686, किशोर पंत 371

उपाध्यक्ष-ललित मेर 570, जितेंद्र सिंह बिष्ट 437

महिला उपाध्यक्ष-बसंती बिष्ट 634, निशा आर्या 385

सचिव-मोहन सिंह बिष्ट 558, विनीत परिहार 344, सौरभ बिष्ट 48, कुंदन सिंह बिष्ट 108,

कोषाध्यक्ष-गौरव कपूर 422, हरेंद्र पडियार 394, चंदन सिंह 227

### री-काउंटिंग में भी परिणाम नहीं बदला

गौरतलब है कि सामान्य सदस्य पद पर दीपक और मयंक प्रकाश के बीच मात्र दो वोटों का अंतर था। दीपक ने पुनर्मतगणना की मांग की, और रविवार को हुई री-काउंटिंग में भी परिणाम यथावत रहा। मयंक प्रकाश की जीत पर मुहर लगी।

## एक सटोरिया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजपुरा क्षेत्र में पुलिस ने सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार की रात एसआई कृष्ण गिरी अपनी टीम के साथ राजपुरा लाइन नंबर-1 क्षेत्र में चेकिंग पर थे। तभी गौला गेट के पास एक युवक सट्टे की खाईबाड़ी करता हुआ मिला। जो लोगों को लालच देकर सट्टा लगवा रहा था और मौके पर ही पर्चियां बांट रहा था। टीम को देख अन्य लोग वहां से भाग गए और सट्टा लगाने वाला रवि पुत्र पूरन सिंह, निवासी वार्ड नंबर-13 राजपुरा को गिरफ्तार किया। पकड़े गए सटोरिये के पास से 10 सट्टे की पर्चियां, व 1270 रूपये की नगदी बरामद की है।

# यूओयू में निशुल्क योग कक्षाएं शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के योग विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में संचालित निशुल्क योग कक्षाओं में रविवार को कोरिया नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (दक्षिण कोरिया) के इंटरनेशनल विजिटिंग प्रोफेसर प्रो. क्वांग सिक चुंग ने योग सत्र में शामिल होकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। विश्वविद्यालय परिसर में सुबह 6 से 7 बजे तक आयोजित साप्ताहिक योग सत्र में योग विभाग के शिक्षक, प्रशिक्षक, शोधार्थियों के साथ ही मानपुर पश्चिम गांव के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। विदेशी प्रोफेसर की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने के साथ ही योग



की वैश्विक लोकप्रियता को भी दर्शाया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने बताया कि यह निशुल्क योग शिविर आमजन के स्वास्थ्य लाभ और योग के सकारात्मक प्रभाव को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन का प्रभावी माध्यम है, इसलिए अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ना चाहिए। यह निशुल्क योग कार्यक्रम 22 मार्च से शुरू होकर प्रत्येक रविवार को आयोजित किया जा रहा है और 21 जून तक नियमित रूप से चलेगा। योग विभाग ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस स्वास्थ्यवर्धक पहल का लाभ उठाएं।

# डीएफओ कार्यालय में धरना-प्रदर्शन 6 को

## अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला की बैठक में ऐलान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला की धरना स्थल बागजाला में हुई बैठक में विकास कार्यों की अनुमति पर वन विभाग द्वारा जारी रोक के विरुद्ध आगामी आंदोलन पर विचार-विमर्श के उपरांत तय किया गया कि आगामी 6 अप्रैल को डीएफओ तराई पूर्वी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। अखिल भारतीय किसान महासभा, बागजाला कमेटी की अध्यक्ष डा. उर्मिला रैस्वाल ने कहा कि बागजाला गांव के विकास पर वन विभाग के अवरोध के बागजाला गांव के लोग अभी भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। भाकपा माले नैनीताल जिला सचिव




डा. कैलाश पाण्डेय ने सवाल उठाया कि क्या बागजाला गांव के लोगों को पानी, सड़क और सिंचाई जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिलनी चाहिए? क्या विकास योजनाओं को रोकना जनविरोधी कदम नहीं है? आखिर कब तक वन विभाग की मनमानी सहनी पड़ेगी?। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि वन विभाग की हठधर्मिता के खिलाफ जनहित में उठाई जा रही जायज मांगों को पूरा करने की मांग पर आगामी 6 अप्रैल सोमवार को बागजाला गांव के लोग अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में जनआंदोलन की शुरूआत डीएफओ तराई पूर्वी कार्यालय हल्द्वानी के सम्मुख एक चेतावनी धरने से करेंगे, यदि तब भी समाधान न हुआ तो पुनः अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू करने को बाध्य होंगे। इस धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए जनसंपर्क अभियान, पर्चा वितरण करते हुए जोरदार प्रयास किए जाएंगे जिससे 6 अप्रैल का धरना प्रदर्शन विशाल रूप में हो सके। मीटिंग में डा. उर्मिला रैस्वाल, डा. कैलाश पाण्डेय, हेमा आर्य, मीना भट्ट, पंकज चौहान, प्रेम सिंह नयाल, ललित मोहन, सुनीता, चंदन सिंह मटियाली, नीलम आर्य, हरि गिरी, भगवती गोस्वामी, महेश राम, दिनेश चंद्र, ललित प्रसाद, दौलत सिंह, देवकी देवी, विमला देवी, हीरा देवी आदि शामिल रहे।

## ढाबे में शराब पिलाता एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीती रात्रि काठगोदाम पुलिस ने क्षेत्र में एक ढाबे में छापेमारी की तो पुलिस ने ढाबे पर शराब पिलाने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार की रात काठगोदाम पुलिस क्षेत्र में चैकिंग कर रही थी तभी पुलिस ने चैकिंग के दौरान नारिमन तिराहा क्षेत्र पहुंची, जहां एक ढाबे में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर उन्होंने जांच की। पुलिस ने मौके पर ढाबे में शराब पिलाते हुए अनीश मोहम्मद निवासी कालटैक्स लाइन पार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# मंडल आयुक्त को बताई समस्याएं

## राजकीय फार्मेसी सेवा संघ ने की मुलाकात, मिला आश्वासन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय फार्मेसी सेवा संघ (डीपीए) कुमाऊँ मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने चारधाम यात्रा से जुड़े देयकों के भुगतान एवं व्यवस्थाओं को लेकर कुमाऊँ मंडलायुक्त दीपक रावत से मुलाकात कर अपनी विभिन्न समस्याओं को प्रमुखता से उनके समक्ष रखा। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वर्ष 2024 एवं 2025 की चारधाम यात्रा ड्यूटी से जुड़े लगभग 20 लाख रुपये के लंबित बिलों का भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। इसके साथ ही यात्रा मार्ग पर तैनात फार्मेसी अधिकारियों एवं अन्य स्वास्थ्य कार्मिकों के लिए भोजन और आवास की व्यवस्थाओं को बेहतर, सुदृढ़ एवं मानकों के अनुरूप बनाने पर भी सहमति जताई



गई। संघ की ओर से चारधाम यात्रा मार्ग पर फार्मेसी अधिकारियों के 63 पदों को क्रियाशील करने की मांग भी रखी गई, जो वर्तमान में पूल में रखे गए हैं। इस पर मंडलायुक्त ने गंभीरता से विचार करते हुए सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। संघ के मंडलीय सचिव प्रेम शंकर सिंह ने उम्मीद जताई कि शीघ्र ही समस्याओं का समाधान होगा और चारधाम यात्रा में तैनात कार्मिकों को राहत मिलेगी। इस मौके पर मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में मंडलीय सचिव प्रेम शंकर सिंह, मंडलीय अध्यक्ष गजेंद्र पाठक, मंडलीय कोषाध्यक्ष दिगम्बर सिंह रावत के साथ कार्यकारी अध्यक्ष पवन पांडे मौजूद रहे।

# हल्द्वानी की साहित्यकार मीना अरोड़ा जयपुर में हुई सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** साहित्यिक व सामाजिक मूल्यों की अंतर्राष्ट्रीय मासिक पत्रिका 'माही संदेश' द्वारा महिला सशक्तिकरण और समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित करने हेतु एक भव्य समारोह का आयोजन जयपुर में किया गया। इस आयोजन में सम्मिलित होने के लिए विभिन्न राज्यों से प्रतिभाशाली नारियों का



चयन उनकी योग्यता के आधार पर किया गया। समारोह में राजस्थान सहित 8 विभिन्न राज्यों से शिरकत करने वाली प्रतिभावान व सशक्त महिलाओं को 'प्रेमा माथुर प्रेरणा पुरस्कार' और 'माला माथुर नारी शक्ति सम्मान', तारा देवी नारी शक्ति सम्मान, एलिजाबेथ ज़रीन नारी शक्ति सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा माही संदेश के संरक्षक सुधीर माथुर, प्रधान संपादक रोहित कृष्ण नंदन, और समन्वयक भरत कोराना के कुशल निर्देशन में तैयार की गयी है। उत्तराखंड के हल्द्वानी शहर से साहित्य सेवा में मीना अरोड़ा को भी चुनाव के आधार पर सम्मानित करने हेतु आमंत्रित किया गया। मीना अरोड़ा पिछले कई वर्षों से निरंतर साहित्य सेवा में जुटी हुई हैं। काव्य संग्रह, व्यंग्य संग्रह, उपन्यास, तथा काव्य नाटक जैसी हिन्दी की अनमोल विधाओं पर इनकी पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। मीना अरोड़ा हिन्दी साहित्य विधा में काव्य नाटक रचने वाली प्रथम महिला हैं।

## महापुराण कथा का शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भगवानपुर तल्ला स्थित आशुतोष महादेव मंदिर में श्रीराम सोसायटी द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन रविवार को श्रद्धा, भक्ति और वैदिक परंपराओं के साथ धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भव्य कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में मातृशक्ति और श्रद्धालु शामिल हुए। भजन-कीर्तन और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके बाद विधिपूर्वक गणेश पूजन और कलश स्थापना की गई। कथा के प्रारंभ के साथ ही श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति और जीवन-मूल्यों का महत्व बताया गया। इस आयोजन के मुख्य यजमान गोविंद बढ़ती, तेज सिंह रौतेला, नंदन सिंह अधिकारी, मनोज बिष्ट और राजेंद्र सिंह नगरकोटी मौजूद रहे। आयोजन समिति के चारू पांडे, विजय राठौर, कृपाल सिंह और कैप्टन सोबन सिंह भड़ थे।

# नशाखोरी, असामाजिक गतिविधियों पर रोष

## नगर निगम के वार्ड 46 में साथी संगठन का जन संवाद, मेयर को सौंपेंगे ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अटल पार्क (चंबल पुल) वार्ड नंबर-46 में बढ़ती नशाखोरी और असामाजिक गतिविधियों के विरोध में रविवार को साथी संगठन द्वारा एक जनसंवाद बैठक आयोजित की गई। संगठन ने तय किया कि मंगलवार को संगठन के प्रतिनिधि, मातृशक्ति और केदारेश्वर मंदिर समिति के सदस्य नगर निगम पहुंचकर अटल पार्क की समस्याओं को लेकर मेयर गजराज सिंह बिष्ट को ज्ञापन सौंपेंगे। बैठक में स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर समस्या के समाधान पर चर्चा करते हुए कहा कि पार्क में लगातार मादक पदार्थों के सेवन और अन्य असामाजिक गति.



विधियों के चलते क्षेत्र की महिलाएं और बच्चे असहज महसूस कर रहे थे। कई प्रयासों के बावजूद स्थिति में सुधार न होने पर केदारेश्वर मंदिर समिति और मातृशक्ति द्वारा पार्क में ताला लगाया गया था। हालांकि प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किए जाने के कारण बाद में ताला खोल दिया गया। बैठक में पार्क के बेहतर संचालन के लिए विभिन्न प्रस्ताव भी सामने आए। संगठन के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र सिंह बोरा ने सुरक्षा समिति गठित करने का सुझाव दिया, जिसमें पुरुषों और मातृशक्ति दोनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। वहीं, पार्क के संचालन को लेकर मंदिर समिति को जिम्मेदारी देने का प्रस्ताव भी रखा गया, जिस पर समिति ने विचार के लिए अलग बैठक बुलाने की बात कही। इस दौरान वार्ड नंबर-48 के पार्षद मुकुल बल्यूटिया भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि 31 मार्च को नगर निगम की बोर्ड बैठक प्रस्तावित है। उन्होंने सुझाव दिया कि संगठन, मातृशक्ति और मंदिर समिति के सदस्य मिलकर एक ज्ञापन तैयार कर मेयर गजराज सिंह बिष्ट को सौंपें। इस मौके पर संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी, महासचिव लक्ष्मण सिंह गोनिया, कमला तिवारी मौजूद रहे।

# 'उमंग' में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

## राजकीय प्राथमिक विद्यालय व आंगनबाड़ी केन्द्र दीना का वार्षिकोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय, जूनियर हाईस्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र दीना का संयुक्त वार्षिकोत्सव उमंग-2026 हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान पूजा बिष्ट, पूर्व सैनिक कल्याण समिति के अध्यक्ष पूरन चंद्र जोशी, डा. बंशीधर पांडे, भैरव दत्त भट्ट, प्रधानाध्यापक भुवन गुणवंत एवं भावना भंडारी ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया।

कार्यक्रम में आंगनबाड़ी, प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जिन्हें उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास ने सभी का मन मोह लिया।



प्रधानाध्यापक भुवन गुणवंत ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए आगामी योजनाओं की जानकारी दी। वहीं प्रधानाध्यापिका भावना भंडारी ने नए शैक्षिक सत्र में अधिक से अधिक अभिभावकों से अपने बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूलों में कराने की अपील की। पूर्व सैनिक कल्याण समिति के अध्यक्ष पूरन चंद्र जोशी ने विद्यालय के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्कूल में शिक्षा का स्तर लगातार बेहतर हो रहा है और शिक्षक अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन कर रहे है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए वरिष्ठ शिक्षक डिकर सिंह पडियार ने इसे विद्यालय, छात्र और अभिभावकों को जोड़ने वाला सराहनीय प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में निशुल्क शिक्षा, ड्रेस, पाठ्यपुस्तक, मध्या भोजन और छात्रवृत्ति जैसी अनेक सुविधाएं दी जा रही है जिनका लाभ सभी को उठाना चाहिए। अंत में विद्यालय के प्रधानाध्यापकों ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर हेमवती नंदन दुर्गापाल, ललित बिष्ट, रविंद्र अधिकारी, मदन बर्थवाल, सुमन बिष्ट, अमित जोशी, विजय कपिल, देवेंद्र बिष्ट, कृष्ण नैनवाल, कमला पाठक, ज्योति जोशी, रेखा बिष्ट, नीम जनोटी, कविता दुर्गापाल, दीपा बिष्ट समेत विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारी और अभिभावक मौजूद रहे।

# लिटिल फ्लावर स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित होने पर प्रोग्राम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लिटिल फ्लावर स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किए जाने के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ हुई, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मकता और उत्साह का संचार हुआ। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या शांति जीना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए नियमित अध्ययन और अनुशासन अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम के दौरान कक्षा अनुसार विद्यार्थियों को उनके रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को



पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिली। इसके साथ ही विद्यालय की शिक्षिकाएं प्रेमा बेलवाल, नीतू बिष्ट और सुपर्णा सिंह को 10 वर्षों की उत्कृष्ट सेवा एवं समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। वहीं कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और समय पालन के लिए राधा भट्ट, बीना गोस्वामी, कामेश पांडे और शमशेर अली को भी विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। अंत में प्रधानाचार्या शांति जीना ने सभी उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों और विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस मौके पर शिक्षकगण एवं अभिभावक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# महिला ने फंदा लगाकर दी जान

- **मानसिक तनाव से जूझ रही थी मृतका**
- **पति जब घर पहुंचा तो कुंडे से लटका मिला शव**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** चीनी मिल परिसर स्थित सरकारी आवास में रविवार दोपहर करीब दो बजे एक महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका पिछले कुछ समय से मान. सिक रूप से परेशान बताई जा रही थी।

वार्ड नंबर दस चीनी मिल कॉलोनी निवासी सुरेंद्र चौहान की 52 वर्षीय पत्नी इंद्रावती पिछले काफी समय से मानसिक अवसाद (डिप्रेशन) से गुजर रही थीं। रविवार दोपहर करीब दो बजे, जब वह घर में अकेली थीं, उन्होंने साड़ी का फंदा बनाकर छत के कुंडे से लटककर आत्महत्या कर ली। उनके परिवार में एक बेटी है जो लखनऊ में नौकरी करती है और बेटा दिल्ली में पढ़ाई कर रहा है।

घटना का पता तब चला जब दोपहर करीब तीन बजे इंद्रावती के पति सुरेंद्र सिंह घर पहुंचे। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई, तो उन्हें अनहा. ेनी की आशंका हुई। उन्होंने शोर मचाकर पड़ोसियों को इकट्ठा किया। कड़ी मशक्कत के बाद जब दरवाजा तोड़ा गया, तो भीतर इंद्रावती का शव फंदे से लटका देख परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गई।

आनन-फानन में मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस की मदद से महिला को तुरंत उप जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। परिजनों के अनुसार महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। शव का पंचनामा भरकर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

महिला की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। कॉलोनी के लोग भी इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं। पुलिस फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि मौत के सटीक कारणों की पुष्टि हो सके।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर बुजुर्ग किसान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से साइकिल सवार एक बुजुर्ग किसान की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।



चंदनपुरा निवासी 72 वर्षीय जगीर सिंह पुत्र बलवंत सिंह रविवार को करीब साढ़े बारह बजे गांव बेरिया दौलत में एक संस्कार में शामिल होकर साइकिल से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान बेरिया दौलत में बजाज शोरूम के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हें तुरंत उप जिला चिकित्सालय बाजपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। उसकी तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो बेटियों को छोड़ गए हैं। वह पेशे से किसान थे और खेती-बाड़ी कर परिवार का पालन-पोषण करते थे। बताया जा रहा है कि करीब पांच माह पहले उनके बेटे प्रगट सिंह की सांप के काटने से मौत हो गई थी। अब इस हादसे के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

# कीर्तन के दौरान धारदार हथियारों से युवक पर हमला

**गंभीर हालत में अस्पताल में कराया भर्ती**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महानगर के थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र के अंतर्गत जगतपुरा में कीर्तन के दौरान एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पुरानी रंजिश और गाली-गलौज के विरोध में कुछ युवकों ने एक राय होकर पीड़ित को धारदार हथियारों और बेल्टों से बुरी तरह पीटा, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जगतपुरा निवासी शिवम यादव पुत्र शिव मंगल यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 26 मार्च 2026 की रात लगभग 10:40 बजे स्थानीय काली मंदिर में कीर्तन चल रहा था। उसका मौसेरा भाई सचिन यादव वहां गया था, तभी वहां पहले से मौजूद डुगलू, शोभूज, जग्गी और उनके अन्य साथियों ने सचिन के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब सचिन ने इसका विरोध किया, तो उक्त आरोपियों ने उस पर धारदार हथियारों, कड़ों और बेल्टों से हमला कर दिया।हमले में सचिन के सिर पर गंभीर घाव हुए हैं और वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़ा। शोर मचने पर आस-पड़ोस के लोगों ने बीच- बचाव कर सचिन की जान बचाई, अन्यथा आरोपी उसे जान से मार देते। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी सचिन को दोबारा दिखने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घायल सचिन को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है।ट्रांजिट कैंप पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की धरपकड़ के लिए दबिश दे रही है। क्षेत्र में इस घटना के बाद से तनाव का माहौल है, जिसे देखते हुए पुलिस सतर्कता बरत रही है।

# न्यायालय के आदेश पर ग्यारह लोगों के खिलाफ केस दर्ज

- **झगड़े में बीच-बचाव करने के दौरान युवक पर किया गया था धारदार तलवारों से हमला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के आदेश पर थाना रूद्रपुर पुलिस ने रम्पुरा क्षेत्र के 11 लोगों के विरुद्ध जानलेवा हमले और मारपीट की गंभीर धाराओं में मुक. दमा पंजीकृत किया है। पीड़ित द्वारा पुलिस में सुनवाई न होने पर न्यायालय की शरण ली गई थी, जिसके बाद अब कानूनी कार्यवाही शुरू हुई है।

वार्ड नंबर 24 रम्पुरा निवासी राहुल पुत्र हरीशंकर ने न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में बताया कि बीती 17 सितंबर 2025 की रात लगभग 11 बजे वह अपने चाचा के घर से वापस लौट रहा था। रास्ते में हो रहे एक झगड़े में जब उसने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, तो वहां मौजूद राधेश्याम पुत्र रामनाथ और केशव पुत्र रमेश ने जान से मारने की नियत से उस पर धारदार तलवारों से हमला कर दिया। हमले में राहुल के पेट और हाथ में गंभीर चोटें आई और वह लहूलुहान हो गया। इसी बीच अनिल पुत्र जमुना प्रसाद ने उस पर तमंचा तान दिया और तमंचे की बट से प्रहार किया।पीड़ित का आरोप है कि अनिल पुत्र अशोक, कमल, अनूप, रामकिशन, अर्जुन, जैकी, अशोक और संतोष ने उसे एकराय होकर घेर लिया और लाठियों से बुरी तरह पीटा। शोर मचने पर स्थानीय निवासी लालमन कोली और अन्य लोगों ने उसे बचाया और जिला अस्पताल पहुँचाया। पीड़ित के अनुसार पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। घटना के अगले दिन चौकी रम्पुरा और बाद में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थना पत्र देने के बावजूद जब कोई कार्यवाही नहीं हुई, तो पीड़ित ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश के क्रम में पुलिस ने अभियुक्त राधेश्याम, केशव, अनिल, कमल, अनूप, रामकिशन, अर्जुन, जैकी, अशोक और संतोष सहित सभी 11 नामजद आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# महावीर जयंती पर धूमधाम से निकली भव्य रथ यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान् महावीर स्वामी के 2625 वे जनम कल्याणक (जयंती) के उपलक्ष्य में श्री 1008 आदिश्वर दिगम्बर जैन समिति द्वारा नगर में भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान् महावीर के सन्देश -'जिओ और जीने दो', अहिंसा परमो धर्म: को दर्शाते हुए झांकिया भी निकाली गयी। इससे पूर्व आदिश्वर जैन मंदिर में प्रात: काल भगवान् का अभिषेक, शांति धारा, पूजन किया गया। ध्वजारोहण जय भगवान जैन के द्वारा एवं रथ यात्रा का आरम्भ मुख्य अतिथि देवेंद्र पींचा कमांडर, 31 वाहिनी पीएसी ने दीप प्रज्वलित कर किया।शहर और स्थानीय मार्गदर्शिका

सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य निनाद जैन व संजीब जैन को प्राप्त हुआ। रथ यात्रा का शुभारम्भ नितेश जैन द्वारा किया गय। इस अवसर पर भगवान महावीर के सिद्धांतो पर गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमे सबने अपने-अपने विचार रखे। रथ यात्रा श्री 1008 आदिश्वर जैन मंदिर जी से प्रारम्भ हो कर बालाजी द्वार, अग्रसेन चौक, गाँधी पार्क, बाटा चौक, भगत सिंह चौक, अग्रवाल धर्मशाला रुद्रा कॉन्टिनेंटल होटल होते हुए जैन मंदिर पर सम्पन्न हुई। रथ यात्रा के दौरान शहर के विभिन स्थानो पर, शहर के प्रमुख संस्थानों द्वारा श्री जी को दर्शन एवं भव्य स्वागत किया गया। मंदिर में भगवान की मंगल आरती एवं अभिषेक किया गया। फिर सभी भगत जनो के भोजन प्रसाद की व्यवस्था भी पुष्कर राज जैन के द्वारा की गयी थी। इस अवसर पर मेयर विकास शर्मा, प्रमोद मित्तल, अनुज कुमार जैन, जय भगवान जैन, पुष्कर राज जैन, श्याम सुन्दर जैन, सतीश जैन, आलोक जैन, अमित जैन, संजीव जैन, अशोक जैन, पार्षद चिराग कालड़ा, पियूष जैन, संचय जैन, राजेश जैन, सुभाष चंद्र जैन, डा. रमेश चंद जैन- विपिन जैन, पारस जैन, मोहित जैन, जीतेन्द्र जैन श्रीमती उषा जैन, ज्योत्स्ना जैन, अनुराधा जैन, स्वाति जैन, रेनू जैन, सारिका जैन, रुचिका जैन, ऋचा जैन आदि हैं समाज के लोग मौजूद थे।

# बुक्सा परिषद भवन में एकल अभियान जनजागरण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** विधानसभा बाजपुर अंतर्गत ग्राम बेरियादौलत स्थित बुक्सा परिषद भवन में रविवार को एकल अभियान भूमि सुपोषण एवं संरक्षण जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेता राजेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजेश कुमार ने कहा कि एकल अभियान केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में संस्कार, आत्मविश्वास और जागरूकता का संचार करने वाला एक व्यापक जनआंदोलन बन चुका है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस अभियान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, जो नई पीढ़ी को सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि उनका समर्पण और सेवा भाव ही इस अभियान की असली पूंजी है। ऐसे प्रयासों से ही समाज में सकारात्मक बदलाव संभव है और देश को मजबूत आधार मिलता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए और एकल अभियान को आगे बढ़ाने हेतु पूर्ण सहयोग देने का आश्वा. सन दिया। इस दौरान अंचल सचिव नरेश सिंह, जिला अध्यक्ष एससी मोर्चा यशपाल राजहंस, संभाग प्राथमिक शिक्षा उपाध्यक्ष गोरेंद्र मधुकर चतुर्वेदी, अंचल अभियान प्रमुख दीप सिंह, उदयभान, सुरेश, सुहानी, ममता (अंचल गतिविधि प्रमुख), सरस्वती, आचार्य बहनें एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# बढ़ाए गए किराये का किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ज्येष्ठ उप ब्लॉक प्रमुख संजय नेगी ने राज्य परिवहन प्राधिकरण विभाग द्वारा बढ़ाए गए किराया का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि प्राइवेट स्कूलों के बसों व वैनों का किराया लगभग 50% बढ़ा दिया गया है ! पहले किराया 1 किलोमीटर से 10 किलोमीटर तक 1400 रुपये था अब वो बढ़कर 2200 रुपये हो गया है और इसी तरह 10 से 30 किलोमीटर तक का किराया भी बढ़कर 3700 रुपये तक हो गया है। जिस कारण अभिवावकों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ने जा रहा है।



पहले से ही अभिभावक प्राइवेट स्कूलों की बहुत ज्यादा फीस,किताबों और ड्रेस के आर्थिक बोझ से बमुश्किल बच्चों को पढ़ा पा रहे थे। अब सरकार के बसों का किराया बढ़ाये जाने के फरमान से अभिभावक परेशान है। सरकार और स्कूल मैनेजमेंट द्वारा बिना अभिभावकों को विश्वास में लिए बिना किराया बढ़ाये जाने से आमजन में नाराजगी और गुस्सा है।उन्होंने कहा कि यदि सरकार ने अपना उक्त तुगलगी फरमान वापस नही लिया तो जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय जनता आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# दबिश के दौरान महिला की मौत के मामले में एक दरोगा समेत तीन पुलिस कर्मी लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिद्धा में पुलिस की दबिश के दौरान धक्का मुक्की में वृद्ध महिला की मौत के मामले में थाने के एक दरोगा सहित तीन पुलिस कर्मियों पर गाज गिरी है। एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की है।

गौरतलब है कि शनिवार को कोतवाली से एक दरोगा समेत कई पुलिसकर्मी नाबालिग लड़की को भगाने के मामले में आरोपी कुलदीप सिंह के घर पर दबिश देने गए थे। आरोप है कि इसी दौरान घर में मौजूद बुजुर्ग महिला सुखदेव कौर के साथ पुलिस कर्मियों ने धक्का मुक्की कर दी, जिससे बुजुर्ग महिला मौके पर ही गश खाकर गिर गई। आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने मानवता न दिखाते हुए बुजुर्ग महिला पर नौटंकी करने का आरोप लगाया, जिससे बुजुर्ग महिला को अस्पताल में ले जाने में भी देरी हो गई। परि. जनों ने शनिवार को ही बुजुर्ग महिला के शव को थाने के सामने रखकर जमकर हंगामा काटा था। बुजुर्ग महिला की पुलिस भविष्य के दौरान मौत होने पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी समेत आसपास की कोतवाली की फोर्स पहुंच गई थी।

कोतवाली के सामने शव रखकर प्रदर्शन कर रहे परिजनों को मनाने में पुलिस अधिकारियों के पसीने छूट गए। परिजनों को मनाने के लिए एसओजी प्रभारी उमेश कुमार पूर्व थानाध्यक्ष रहे है, उनको बुलाया गया। एसओजी प्रभारी उमेश कुमार के परिजनों को समझने के बाद ही मामला शांत हुआ। देर रात्रि एसएसपी अजय गणपति ने मामले में कार्रवाई करते हुए कोतवाली के दरोगा सुनील कुमार, मुख्य आरक्षी नवनीत कुमार, लो. केश तिवारी, बबिता रानी को लाइन हाजिर कर दिया है और मामले की जांच पुलिस अधीक्षक रुद्रपुर को सौंपी गई है।

## पुलिस सुरक्षा में पहुंचा शव

**नानकमत्ता।** पुलिस दबिश के दौरान बुजुर्ग महिला सुखदेव कौर का पोस्टमार्टम होने के बाद पुलिस सुरक्षा में शव घर पर लाया भारी पुलिस फोर्स के बीच उनका अंतिम संस्कार होगा। नानकमत्ता कोतवाली निरीक्षक मंजू पांडे, एस ओजी प्रभारी उमेश कुमार पुलिस फोर्स के साथ पीड़ित परिवार के घर मृतक महिला का पोस्टमार्टम करने के बाद पहुंचे। पुलिस सुरक्षा में महिला का अंतिम संस्कार किया जाएगा। पुलिस ने सुरक्षा के इंतजाम किसी भी आपात परिस्थितियों से निपटने के लिए किए थे। बुजुर्ग महिला का शव घर पहुंचने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# विधायक व अन्य लोगों को कौमी एकता सम्मान पत्र से नवाजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ईद मिलन समारोह-एक शाम कौमी एकता के नाम कार्यक्रम मे विधायक सहित कई राजनीतिज्ञो को कौमी एकता अर्वाड से नवाजा गया। भाजपा नगराध्यक्ष भुपेन्द्र खाती की अध्यक्षता और आयोजक व आढ़ती एसो. मंडी समिति के अध्यक्ष अजीर्जु रहमान आढ़ती के संच. ालन मे मौहल्ला गुलरघट्टी स्थित आशियाना कालोनी में समपन्न हुए कार्यक्रम मे विधायक दीवान सिंह बिष्ट को अंगवस्त्र व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।



इसके अलावा इस अवसर पर भाजपा नेता इन्दर रावत, पूर्व पालिक. ाध्यक्ष व भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य भगीरथलाल चौधरी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष इंतजार हुसैन, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष रहे भाजपा नेता मौ. आदिल सैफी, भाजपा किसान मोर्चे के जिला महामंत्री व देवभूमि व्यापार मण्डल के नगराध्यक्ष विपिन कांडपाल, भाजपा नेता राकेश नैनवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, मंडी समिति सचिव सहिल अहमद, नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट-इंडिया के नगराध्यक्ष डॉ. जफर सैफी का माल्यार्पण करके सभी को कौमी एकता अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अपने-अपने सम्बोधन मे वक्ताओ ने केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा अल्पसंख्यको के कल्याण के लिये चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ की जानकारी देते हुये देश व समाज के विकास व आपसी भाईचारे के लिये आपसी तालमेल व नफरत फेलाने वालों लोगों पर अंकुश लगाये जाने की जरूरत पर जोर देते हुए रामनगर के विकास के लिए इस तरह के आयोजनों को ओर बड़े स्तर पर किये जाने व आपसी सद्भावना के लिए एकजुट होकर रहने की बात कही गयी।

इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि जगमोहन सिंह बिष्ट, छात्र संघ उपाध्यक्ष मनोज पांडे,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिला महामंत्री दानिश सिद्दीकी एडवाकेट, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के नगराध्यक्ष फईम कुरैशी, भाजपा ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष जैनुल खान, जफर इकबाल, हाजी सालिम पाशा, हाजी अकरम सिद्दिकी,हाजी जाकिर हुसैन, हाजी अहमद रजा, फैजान रजा, मौ. रजा,हाजी रिजवान अंसारी, हबीब खान, मंजू खान, आदिल खान, हाजी जुल्फिकार कुरैशी, फरीद कुरैशी, रिजवान कुरैशी, परवेज खान, लईक अहमद, इरशाद हुसैन, इकराम सिद्दीकी, राजीव कुमार, बाबूराम, अब्बास, धर्मेन्द्र, गोहर अली आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने देव होम्स दुर्गा मन्दिर के सौंदर्यीकरण कार्य का किया लोकार्पण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने वार्ड नं. 16 देव होम्स फेस 7 में विधायकनिधि से स्वीकृत दुर्गा मंदिर के सौंदर्यकरण कार्य लोकार्पण कर निर्माण कार्य को कॉलोनीवासियो को समर्पित किया।

विधायक अरोरा बोले वार्ड नं. 16 क्षेत्र जो नगर निगम रुद्रपुर के सबसे बड़े वार्डो में से एक है जहां काफी आबादी निवास करती है तो वहीं विधायक द्वारा इस वार्ड में करोड़ों कि लागत के विकास कार्य करवाए गए हैं जिसमे बात करें बिगवाड़ा-दक्ष रोड जो इस पूरे वार्ड कि लाइफ लाइन है, जिससे अनेको कॉलोनी इस मार्ग पर पड़ती हैं ऐसे में यह रोड भी विधायक द्वारा राज्य योजना से बनवायी गई, जिस पर आए दिन लोग एक्सीडेंट के कारण चोटिल होते रहते थे। वहीं इस मार्ग के बनने से लोगों को काफी राहत मिली। वहीं कई कॉलोनियों में मार्ग निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्य करवाने के साथ हीं देव होम्स दुर्गा माता मंदिर में सौंदर्यीकरण को लेकर लोगों द्वारा लंबे समय से मांग चली आ रही थी, इसको विधायक निधि से स्वीकृत कर सौंदर्यीकरण कार्य को करवाया।




इस दौरान अजीत सिंह, केपी राठी, सुधीर चौधरी, एसपी यादव, हरीश मिश्रा, कुबेर चंद्र, जगदीश टम्टा, अमित मिश्रा, विपिन गुप्ता, बालकिशन यादव, प्रिंस यादव, जयंत चौधरी, कृष यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर भद्दी गालियां देने वाले के विरुद्ध ढाई माह बाद भी कोई कारवाई नहीं

- **पीड़ित ने मुख्यमंत्री एवं जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी पत्र लिखकर की है मामले की शिकायत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** कोतवाली बनने के बाद यहां हालात कुछ इस तरह हो चुके हैं कि आरोपियों के विरुद्ध अपराध का प्रमाण देने के बाद भी पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई करने के बजाये पीड़ित पर आरोपियों से सुलाह करने का दबाव बना रही है।

बता दें कि नगर के वार्ड नम्बर तीन निवासी मान सिंह पुत्र श्यामसुन्दर ने कोतवाली पुलिस को अब से तकरीबन , ढाई माह पूर्व एक प्रार्थना पत्र देकर कहा कि कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले नानकसागर डाम पार के कुछ लोगों द्वारा उसकी तथा उसके भाई की फोटो को सोशल मीडिया से चुराकर आरोपी द्वारा उनके फोटो पर भद्दी भद्दी गालियां लिखकर बदनाम करने के लिए अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर वायरल की हैं। आरोप है कि आरोपियों द्वारा गांव के ही कुछ लोगों द्वारा बनाए गए सोशल मीडिया पर बनाये गये नो रोड नो वोट के नाम से व्हाट्सएप ग्रुप में भी पीड़ित व उसके परिवार के लोगों की छवि खराब करने व गाली गलौच की गई है।

पीड़ित का आरोप है कि उसके द्वारा सभी आरोपियों शिकायत करने के बाद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित का आरोप है कि उसने मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड एवं जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी पत्र लिखकर मामले की शिकायत की, लेकिन कोतवाली पुलिस द्वारा उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आरोप है कि पुलिस आरोपियों को बचाने का प्रयास कर उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने से बच रही है।

# एचएनबी महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन

- **महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पंकज कुमार पांडेय एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने क्रमशः 100 तथा 200 मीटर में की दौड़ में हिस्सा लिया।

लंबी कूद में बालक वर्ग में मनदीप सिंह, गौरव सिंह परिहार तथा पीयूष राणा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान, बालिका वर्ग में आंचल, एकता एवं अंकिता ओली ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान, ऊंची कूद बालक वर्ग में राहुल, जोशी निखिल जोशी तथा हर्षित खोलिया ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान, बालिका वर्ग में आंचल, सिमरन तथा मुस्कान ने कम से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान, त्रिकूद बालक वर्ग में गौरव सिंह, अर्जुन और आदित्य ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान, बालिका वर्ग में अंकिता ओली, जहान्वी चंद्र राजपूत तथा ज्योति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान, चक्का फेंक बालक वर्ग में राहुल जोशी, निखिल जोशी तथा तनवीर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान, बालिका वर्ग में ईशा दानू, शिवानी सामंत और आंचल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान, गोला फेंक बालक वर्ग में राहुल जोशी, सचिन तथा आदित्य ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान, बालिका वर्ग में प्रिया राणा, उदिता और शिवानी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान, हैमर थ्रो बालक वर्ग में निखिल जोशी, हर्षित और धीरज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान, बालिका वर्ग में ईशा दानू, हेमलता तथा शिवानी ने क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान, भाला फेंक बालक वर्ग में सचिन, निखिल तथा जयकुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान, बालिका वर्ग में गंगा, उदिता एवं प्रिया ने कर्मचारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान, 200 मीटर दौड़ फाइनल राउंड बालक वर्ग में अर्जुन सिंह, मनदीप एवं सुधांशु ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान, बालिका वर्ग में अंजलि मोनी, अंजलि बोरा एवं मुस्कान ने प्रथम, द्वितीय हुआ तृतीय स्थान, 100 मीटर दौड़ बालक वर्ग में अर्जुन, मनदीप और धीरज ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान बालिका वर्ग में आंचल, शिवांगी एवं शशि कला ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं सभी विजेताओं को प्राचार्य एवं वरिष्ठ प्राध्यापकों ने पुरस्कृत किया।

इसके साथ ही प्राचार्य ने महाविद्यालय चैंपियन राहुल और आंचल को शिल्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया। इस मौके पर डॉक्टर सुरेंद्र विक्रम पडियार, डॉ प्रवीण पांडेय, डॉक्टर पिंकी सिंह, क्रीड़ा प्रभारी डॉक्टर सरिता काला कोटी सहित विद्यालय के सभी प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने हिंदुस्तान ओलंपियाड में स्कूल का नाम किया रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्रीन फील्ड अकैडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र छात्राओं ने हिंदुस्तान ओलंपियाड में नाम रोशन किया है।

ग्रीन फील्ड अकैडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के डायरेक्टर शिशुपाल सिंह रावत ने बताया कि सोनू रावत कक्षा 12, कॉमर्स जिला स्तर प्रथम,राज्य स्तर तृतीय,श्रेया रावत कक्षा 11 साइंस ने जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।आरुषि कक्षा 11 कॉमर्स ने जिला स्तर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।वैष्णवी कक्षा 11 साइंस और भाव्या कक्षा 4 जिला स्तर तृतीय स्थान प्राप्त किया गया।




उन्होंने बताया कि विजेताओं को मुख्यमंत्री के सचिव एवं कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत और डीएम ललित मोहन रायल द्वारा सम्मानित किया गया। मैनेजिंग डायरेक्टर शिशुपाल सिंह रावत, डायरेक्टर गौरव रावत, प्रधानाचार्य कंचन बिष्ट, कोऑर्डिनेटर ज्योति रानी और सभी शिक्षक गणों ने विद्यार्थियों को विजय पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

# आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ के डॉ. मानवेंद्र पाल सिंह बने अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** जिले में राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा सेवा संघ का चुनाव शांतिपूर्ण हुआ। चुनाव प्रक्रिया जिला आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आलोक कुमार शुक्ला, अपर जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. दीपक कुमार सरकार और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. निवेदिता जोशी की उपस्थिति में आयोजित हुई।

चुनाव की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षक के रूप में जिला होम्योपैथिक अधिकारी डॉ. महेश जोशी व एसीएमओ डॉ. हरेंद्र मलिक मौजूद रहे। उनकी निगरानी में पूरी प्रक्रिया विधिवत ढंग से संपन्न कराई गई।

चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद डॉ. मानवेंद्र पाल सिंह को अध्यक्ष, मोहम्मद मारूफ को उपाध्यक्ष, डॉ. राकेश कुमार को सचिव, डॉ. संदीप कुमार गुप्ता को उपसचिव, डॉ. अभिषेक मिश्रा को आय-व्यय निरीक्षक और डॉ. मनोज कुमार सुमन को मीडिया प्रभारी निर्वाचित घोषित किया गया।

इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ. भावना जोशी, डॉ. रविंद्र शाह, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. सलीम और डॉ. आशीष कुमार को नामित किया गया।

# एनएसएस स्वयंसेवियों को दिखाया हुनर

- आपदा के समय किस प्रकार बचाई जाती है घायल की जान
- लोगों को राहत एवं सुविधएं पहुंचाने में लगे हुए हैं स्वयंसेवी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवीधुरा।** जीईसी देवीधुरा में आयोजित एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर में ज्ञानवर्धक और प्रशिक्षणपरक गतिविधियां संचा. लित हो रही हैं। दिन की शुरुआत प्रात:कालीन प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें सभी स्वयंसेवियों ने अनुशासनपूर्वक भाग लिया। इसके उपरांत नाश्ता किया गया।

परियोजना कार्य के अंतर्गत आज शिविर में छक्त्थ की टीम द्वारा विशेष प्रशिक्षण दिया गया। टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर अमित कुमार द्वारा किया गया। उनके साथ SI सुरेंद्र कुमार, कॉस्टेबल दलवीर शर्मा, पोकेंद्र कुमार, अमित गुर्जर, अखिलेश कुमार एवं राकेश कुमार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। एनडीआरएफ टीम ने स्वयंसेवियों को आपदा प्रबंधन से संबंधित




महत्वपूर्ण प्रशिक्षण प्रदान किया। इसमें सीपीआर देना, रक्तस्राव नियंत्रित करना, स्ट्रेचर का उपयोग एवं निर्माण, भूकंप जैसी आपदाओं के दौरान बचाव के उपाय, तथा आपदा से पूर्व, दौरान और बाद की तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य संजय सोराड़ी, ग्राम प्रधान देवीधुरा गौरव कुमार तथा विद्यालय के शिक्षकगण ठाकुर सिंह बिष्ट, दिनेश चंद्र जोशी, योगेश चंद्र जोशी, नीलम जोशी, शकुंतला बोहरा, मनोज कुमार, पंकज मोहन भट्ट आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन NSS प्रभारी नरेन्द्र नाथ गोस्वामी द्वारा किया गया।

दोपहर बाद आयोजित बौद्धिक सत्र में उद्यान विभाग के ।क्व प्रदीप कुमार पचौली ने फल, पौंध आदि की जानकारी दी । साथ ही पर्यावरण संरक्षण एवं जल के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्वयंसेवियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आधुनिक समय में ।प् तकनीक का उपयोग अवश्य करें, लेकिन अपने मस्तिष्क को भी सक्रिय बनाए रखें, ताकि सही निर्णय लेने की क्षमता विकसित हो सके। बौद्धिक सत्र का संच. ालन स्वयंसेवी नेहा भट्ट ने किया। सत्र के दौरान स्वयंसेवियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इनमें कविता, ज्योति, मोहित, देवेंद्र, उमेश, हिमेश, नरेन्द्र सिंह बिष्ट, प्रियंका, अंजली, दीपांशु, यामिनी आदि ने गीत, नृत्य एवं अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे वातावरण उत्साहपूर्ण और आनंदमय बना रहा। पूरे दिन के कार्यक्रमों ने स्वयंसेवियों को आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हुए उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## एक नजर

# साइकिलिंग के जरिए युवाओं को दिया शारीरिक रूप से फिट एवं नशे से दूर रहने का मंत्र




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** खेल विभाग द्वारा छममनियां चोड में साइकिलिंग के जरिए युवाओं को शारीरिक रूप से फिट एवं उन्हें नशे से दूर रखने के साथ ईंधन खपत कम करने के लिए शुरू किए गए अभियान में युवाओं की रुचि लगातार बढ़ते जा रही है, खेलो इंडिया साई सेंटर के कोच मोहन सिंह राणा के प्रयास अब रंग दिखाने लगे हैं,

उनके द्वारा संचालित इस अभियान के बाद कई यावाओं द्वारा नशे से नाता तोड़कर अपने स्वास्थ्य व फिटनेस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राणा द्वारा सेना, अर्ध सैनिक बलों, एवं पुलिस की भर्ती के लिए भी इन सस्थाओं के मानकों के अनुरूप उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। श्री राणा का कहना है कि साइकिलिंग ऐसा अभ्यास है जो पूरे शरीर, मन मस्तिष्क एवं विचारों को तरंगित कर व्यक्ति को पूर्ण रूप से स्वस्थ्य बनाने में मदद करता है। रविवार को खेलो इंडिया फिट मूमेंट अभियान के तहत शामिल युवाओं को मुख्य अतिथि, पूर्व जिप. सदस्य सचिन जोशी व शिक्षा विभाग के प्रशासनिक अधिकारी नागेन्द्र जोशी, रमेश चंद्र जोशी ने अव्वल रहे युवाओं को पुरुस्कृत कर सम्मानित किया।

# वरिष्ठ पत्रकार दीपक फुलेरा के विरुद्ध की गई कार्रवाई कहीं मुख्यमंत्री को बदनाम करने की साजिश तो नहीं है?

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** पत्रकार दीपक फुलेरा के विरुद्ध की गई कार्रवाई से अंतर्मन से सभी पत्रकार आहत हैं। पत्रकार के विरुद्ध यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब जिले में जिला पुलिस व प्रशासन का पत्रकारों के साथ एक दूसरे के न केवल पूरक बने हुए हैं बल्कि वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की परिकल्पना के अनुसार मॉडल जिले के नियोजन एवं उत्तराखंड को एक ऐसा राज्य बनाने में पत्रकार अपनी लेखनी से रंग रहे है। जिससे हिमालयी राज्यों के लोग उनका अनुशरण कर सकें। यह घटना कहीं सीएम धामी व पत्रकारों के बीच बने मधुर संबंधों में खटास पैदा करने का तिगड़मी लोगों का कोई षड्यंत्र तो नहीं है? जिन्हें ऐसा स्वस्थ माहौल रास नहीं आ रहा है। केवल रसोई गैस के मुद्दे पर ही ग्राउंड रिपोर्टिंग के जरिए सही तस्वीर सामने लाने पर जो कार्रवाई की गई है इसे दुर्भाग्यपूर्ण भी कहा जा सकता है। जिससे पत्रकार भड़क जाए। जहां तक पीड़ित दीपक फुलेरा का सवाल है वह ना केवल संवेदनशील मिजाज के वरिष्ठ पत्रकार हैं बल्कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की विकास यात्रा में उनके सहयोगी भी बने हुए हैं तथा उन्होंने हमेशा स्वस्थ पत्रकारिता को पनपाने में अपनी भूमिका निभाई है। सभी पत्रकार इस बात को जानना चाहते है कि वह कौन है? जिसने खिलती हुई फुलवारी में अंगारे बिछाने का काम किया है।पत्रकारों को इस बात की भी हैरानी है की रसोई गैस को लेकर चल रही मारामारी की तस्वीर प्रका. शित करने पर जब पत्रकार की कलम को 'कुंठित' करने का प्रयास किया जाता है तो फिर तो उनकी हालात तो उस बगैर हथियार के पुलिस कर्मी की हो जाएगी जो आतंकवादियों का मुकाबला कर रहा होगा। इस मामले पर गंभीरता से चिंतन,मनन और मंथन करने की जरूरत है।

# उत्तराखंड का अनोखा मुस्लिम गांव 'खूना मलक'

## जहां बसती है मनिहारों की सदियों पुरानी विरासत

- चंद राजाओं के दौर में राजस्थान से आए कारीगर
- आज 600 परिवारों तक पफैला इतिहास, बचाने की चुनौती बनी विरासत और बोली



**आबिद सिद्दीकी**

**टनकपुर/चम्पावत।** पहाड़ों की शांत वादियों में बसा खूना मलक गांव अपने भीतर एक अनोखा और कम ज्ञात इतिहास समेटे हुए है। जिला मुख्यालय चंपावत से लगभग 12 किलोमीटर दूर लोहाघाट मार्ग पर स्थित यह गांव उत्तराखंड का ऐसा पहाड़ी मुस्लिम बहुल क्षेत्र है, जहां मनिहार समुदाय की सदियों पुरानी परंपरा आज भी जीवित है।



इतिहास के पन्नों में दर्ज है कि कुमाऊं के चंद राजवंश के शासनकाल में इस गांव की स्थापना हुई। बताया जाता है कि उस समय चंद राजाओं की रानियों को चूड़ियां पहनने का अत्यधिक शौक था। उनकी इस इच्छा को पूरा करने के लिए राजस्थान से मनिहार (चूड़ी बनाने वाले कारीगर) समुदाय के कुशल लोगों को यहां बुलाकर बसाया गया। यही कारीगर रानियों के लिए प्रतिदिन नई चूड़ियां बनाते और पहनाते थे। स्थानीय बुजुर्गों के अनुसार, रानियां सुबह नई चूड़ियां पहनती थीं और शाम को उन्हें तोड़ देती थीं। इस परंपरा के चलते मनिहारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई थी। यही कारण है कि उस दौर में यहां बसाए गए कुछ परिवार आज बढ़कर लगभग 600 परिवारों के बड़े समुदाय में बदल चुके हैं, जो वर्तमान में टनकपुर क्षेत्र के मनिहार गोठ सहित आसपास के इलाकों में निवास करते हैं। मनिहार शब्द का अर्थ ही होता हैख्चूड़ी बनाने वाला। इस समुदाय के इतिहास को लेकर दो प्रमुख मान्यताएं प्रचलित हैं। पहली मान्यता के अनुसार, लगभग 700 ईस्वी में चंद शासन की शुरुआत के साथ ही मनिहार परिवार यहां लाए गए थे। दूसरी मान्यता के अनुसार, वर्ष 1638 में मुगल बादशाह शाहजहां के समय बाज बहादुर चंद कुछ मनिहारों को रामपुर से चम्पावत लेकर आए थे। हालांकि, स्थानीय लोगों के बीच पहली मान्यता को अधिक प्रामाणिक माना जाता है, जिसके समर्थन में पुराने दस्तावेज और राजस्व अभिलेख भी उपलब्ध हैं।

इतिहास की गवाही आज भी गांव में मौजूद पुरानी मस्जिद देती है, जो अब खंडहर में तब्दील हो चुकी है। इसके बाद निर्मित नई मस्जिद लगभग 350 से 400 वर्ष पुरानी मानी जाती है, जहां आज भी लोग नमाज अदा करते हैं। पुराने राजस्व अभिलेखों (खतौनी) में 1200 और 1300 फसली वर्ष का उल्लेख भी इस समुदाय की प्राचीन उपस्थिति को प्रमाणित करता है। मनिहार समुदाय की सांस्कृतिक पहचान भी बेहद खास है। इनकी अपनी एक अलग बोली है, जिसमें उर्दू, नेपाली, कुमाऊंनी और हिंदी का अनूठा मिश्रण देखने को मिलता है। यह बोली न केवल उनकी पहचान है, बल्कि उनकी सांस्कृतिक धरोहर भी है। हालांकि, बदलते समय के साथ यह बोली अब विलुप्ति के कगार पर पहुंच रही है। इस विरासत को बचाने के लिए स्थानीय शिक्षक जहीर अब्बास लगातार प्रयासरत हैं। वे समय-समय पर लोगों को जागरूक करते हैं और आधुनिक माध्यमों जैसे व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए इस बोली के संरक्षण का प्रयास कर रहे हैं।

आज यह समुदाय अपनी सादगी, मेहनतकश जीवनशैली और उत्तराखंडी संस्कृति में पूरी तरह रचा-बसा हुआ है। पारंपरिक वेशभूषा और सामाजिक मूल्यों के साथ यह लोग पहाड़ की सांस्कृतिक विविधता को समृद्ध बना रहे हैं। खूना मलक केवल एक गांव नहीं, बल्कि इतिहास, परंपरा और सांस्कृतिक समन्वय का जीवंत उदाहरण है, जिसे सहेजना और आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना बेहद जरूरी है। वर्तमान में लतीफ हुसैन, सखावत हुसैन, मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद अहसान के परिवार यहां निवास कर रह रहे हैं। गांव के अन्य लोग टनकपुर के ग्राम पंचायत मनिहार गोठ में अपना जीवन यापन कर रहे हैं।



### शिक्षक जहीर अब्बास ने कहा

"हमारी यह बोली और परंपरा हमारी पहचान है। अगर अभी इसे नहीं बचाया गया, तो आने वाली पीढ़ियां अपनी जड़ों से कट जाएंगी। मेरा प्रयास है कि लोग अपनी भाषा और इतिहास पर गर्व करें और इसे आगे बढ़ाएं।"

### गांव के बुजुर्ग लतीफ हुसैन का कहना है

"हमारे पूर्वजों को चंद राजाओं के समय यहां बसाया गया था। उस दौर में रानियों को रोज नई चूड़ियां पहनाई जाती थीं। हम लोग पीढ़ी दर पीढ़ी यही काम करते आए हैं, यही हमारी पहचान है।"

### युवा साथी सलमान का कहना है

"हमारी पहचान हमारी बोली और इतिहास से है। हम नई पीढ़ी के लोग इसे आगे बढ़ाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए जागरूकता और सहयोग बहुत जरूरी है।"

### स्थानीय लोगों ने बताया, कि

"गांव में नमाज केवल शुक्रवार के दिन हाफिज गुलाम रसूल के द्वारा ही अदा की जाती है। उस दिन सभी लोग एकत्र होकर जुमे की नमाज पढ़ते हैं, जो हमारी परंपरा और एकता का प्रतीक है।"

### फरियाद हुसैन का कहना है

"हमारे पूर्वजों की यह विरासत हमारे लिए गर्व की बात है। हम चाहते हैं कि आने वाली पीढ़ी भी अपने इतिहास और परंपरा को समझे और इसे आगे बढ़ाए।"

### शफीकुर रहमान (पूर्व सदर) ने कहा

"खूना मलक का इतिहास हमारी पहचान है। मनिहार समाज की यह विरासत सिर्फ एक गांव तक सीमित नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर है। इसे सहेजना हम सभी की जिम्मेदारी है।"

# हिंदू नव वर्ष पर नगर में निकाली पथ संचलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** राष्ट्रीय सेवक संघ ने शताब्दी वर्ष और हिंदू नववर्ष के पावन पर्व पर नगर में भव्य पथ संचलन किया। पथ संचलन श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार से प्रारम्भ हुआ। जो मुख्य मार्ग, अनाज मंडी पंजाबी कॉलोनी, गूलरभोज रोड एवं सकैनिया मोड होते हुए श्री सनातन धर्म मंदिर पहुंचकर समाप्त हुआ।

पथ संचलन में शामिल राष्ट्रीय सेवक संघ कार्यकर्ताओं का गूलरभोज रोड पर पूर्व पालिका अध्यक्ष अंजू भुड्डी के नेतृत्व में महिलाओं व व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। समर पाल सिंह ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के देश में चल रहे कार्यों तथा संगठन की नीतियों से से भी अवगत करवाया गया।

यहां विधायक अरविंद पांडेय, भाजपा प्रदेश मंत्री गुंजन सुखीजा, पालि. काध्यक्ष पालिका अध्यक्ष मनोज गुंबर, सुरेश खुराना, अशोक हुड़िया धीरज पंत, मुनि भुसरी, पंकज सेतिया, राकेश भुडडी, सुबोध कुमार शर्मा, अनिल जेटली, चंकित हुड़िया, पृथ्वी बजाज, विनोद चुघ, अनिल , विजय सिडाना, बचन सिंह, दर्शन सिंह नेगी, प्रेम सिंह, राजकुमार सुखीजा, बलवीर सिंह, सचिन बत्रा, मनीष फुटेला हरलोक सिंह नामधारी, गुरजीत आदि रहे।

# मेरे मन का बालगीत कार्यक्रम का आयोजन

- गायन प्रतियोगिता में नायरा व सांची प्रथम, पिंकी द्वितीय व सानिया रही तृतीय

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** हरिकृष्ण देवसरे बालसाहित्य पुरस्कार प्राप्त साहित्यकार, बालसाहित्य की धरती के संपादक रावेंद्र कुमार रवि के संयोजन में तारा बाल संस्था मुंडेली में संस्थाध्यक्ष कुमार विमलेश द्वारा बच्चों के लिए मेरे मन का बालगीत कार्यक्रम को आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थाध्यक्ष की माता तारा देवी द्वारा विधिवत सरस्वती-पूजन के साथ किया गया। बच्चों में पढ़ाई के प्रति ललक जगाने, उनकी अभिव्यक्ति तथा कंठस्थ करने की क्षमता में वृद्धि करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

इस मौके पर जानी-मानी बालसाहित्यकार नूरेनिशाँ द्वारा एक बालगीत गायन प्रतियोगिता का संयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नोजगे पब्लिक स्कूल मुंडेली की नर्सरी कक्षा की नन्ही छात्रा नायरा और डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकीफार्म की कक्षा 4 की छात्रा साँची सिंह ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खटीमा की पिंकी ने द्वितीय स्थान तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय चारुबेटा की कक्षा चार की छात्रा सानिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में पलक, मनीषा, राघव, साँची, नायरा, सानिया, आलिया, मंथन, राखी, लक्ष्मी, पिंकी, सुमन,




महक, अवनी द्वारा देश-भर के प्रतिष्ठित रचनाकारों अनुपमा गुप्ता, निश्चल, मेराज रजा, मुक्ति जैन, राजपाल सिंह गुलिया, रावेंद्र कुमार रवि, आशा शर्मा, नूरे निशाँ, प्रदीप शुक्ल, सलोनी राजपूत, शादाब आलमघ आदि के बालगीत सुनाए।

कार्यक्रम में उपस्थित बाल साहित्य की धरती के प्रकाशक संजय कुमार अग्रवाल ने भी अपना बालगीत सुनाकर वाहवाही लूटी। इनके अतिरिक्त क्षेत्र की मशहूर व्लॉगर शांति देवी और संस्था की शिक्षिका निकिता जोशी ने भी बाल गीत सुनाए। प्रतियोगिता के निर्णायक महेंद्र प्रताप पांडेय, कैलाश चंद्र पांडेय और कोलकाता से पधारे जितेंद्र सिंह रहे। अंक संयोजन का कार्य कक्षा 11 की छात्रा आलिया ने तथा संचालन सभी ने संयुक्त रूप से किया।

# खबर का असर: डीएम के निर्देश पर टूटा चेंबर हटाया, नई व्यवस्था से मिली राहत

- मीडिया में मामला उठते ही हरकत में आया प्रशासन
- पालिका ने तुरंत किया समाधन-स्थानीय लोगों ने जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** सड़क के बीचों-बीच बने टूटे चेंबर को लेकर प्रकाशित खबर का असर आखिरकार देखने को मिला। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया और मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त चेंबर को हटाकर नया चेंबर स्थापित कर दिया गया।



खबर का असर

ज्ञात हो कि खन्ना चौराहे के समीप शारदा ज्वेलर्स के सामने सड़क पर बना चेंबर कई जगह से टूट चुका था, जिससे आए दिन राहग. ीरों के चोटिल होने और बड़े हादसे का खतरा बना हुआ था। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही थी, जिसके बाद इस समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। खबर प्रका. शित होने के बाद प्रशासन ने त्वरित संज्ञान लेते हुए नगर पालिका को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद पालिका की टीम ने मौके पर पहुंचकर पुराने चेंबर को हटाया और नई सुरक्षित संरचना स्थापित कर दी, जिससे आवागमन अब पूरी तरह सुरक्षित हो गया है। चेंबर ठीक होने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली है। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी एवं संबंधित विभाग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय रहते कार्रवाई होने से एक बड़ा हादसा टल गया। लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह प्रशासन जनसमस्याओं पर त्वरित संज्ञान लेता रहे, तो क्षेत्र की कई समस्याओं का समाधान आसानी से हो सकता है।

# धर्म परिवर्तन का आरोप माहौल हुआ तनावपूर्ण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** रामजीवनपुर नंबर-3 स्थित एक स्थानीय चर्च में रविवार को नियमित प्रार्थना सभा के दौरान धर्म परिवर्तन के आरोप को लेकर अचानक माहौल तनावपूर्ण हो गया। सैनी समाज के कुछ लोगों ने यह आरोप लगाते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसके बाद एसडीएम ने तत्काल कानूनगो को गांव भेजकर प्रार्थना कार्यक्रम रुकवाया।

रविवार को शिकायत मिलते ही एसडीएम ने मामले की जांच के लिए तत्काल कानूगो विनोद कुमार को गांव स्थित चर्च भेजा। टीम के पहुंचते ही वहां चल रहा प्रार्थना कार्यक्रम रोक दिया गया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर कार्यक्रम से संबंधित जानकारी जुटाई। इस दौरान चर्च परिसर के बाहर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए, जिससे कुछ समय के लिए हल्का तनाव भी बना रहा। वहीं मसीही समाज ने आरोप को सिरे से नकारते हुए कहा कि चर्च में केवल प्रार्थना और आध्यात्मिक सभा चल रही थी, जिसे बिना किसी ठोस आधार के बाधित किया गया। समाज के लोगों ने इस कार्रवाई को अनुचित बताते हुए रोष व्यक्त किया और कहा कि उनकी शांतिपूर्ण धार्मिक गतिविधियों को गलत तरीके से विवाद का रूप दिया गया।

वहीं सुरेंद्र सागर ने बताया कि मसीह और सैनी परिवार के बीच पैसे के लेनदेन का विवाद था, जिसके चलते यह स्थिति उत्पन्न हुई। एसडीएम ऋचा सिंह ने कहा कि टीम की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी और किसी भी समुदाय की धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन नहीं होने दिया जाएगा। मौके पर अरविंद सैनी, रामकिशोर सैनी, दुर्गेश सैनी, राज. कुमार, अजय सैनी, रमेश सैनी, चंद्रसेन सैनी, राजू सैनी, रोहित सैनी और अमन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्कूल बस किराए में वृद्धि अनुचित और आम जनता के हितों के खिलाफ: शबाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नारी शक्ति एवं बाल विकास जन जागृति समिति की अध्यक्षा शबाना सैफी ने सरकार द्वारा स्कूल बस किराए में की गई भारी वृद्धि को अनुचित, अलो. कतांत्रिक और आम जनता के हितों के खिलाफ बताया है। उन्होंने इस विषय पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में इस प्रकार की आर्थिक बोझ बढ़ाने वाली नीतियां समाज के कमजोर और मध्यम वर्गीय परिवारों पर सीधा प्रभाव डालती हैं।

उन्होंने कहा कि जब रामनगर से पीरूमदारा तक लगभग 9 किलोमीटर की दूरी का सामान्य किराया मात्र घ्20 है, तो उसी दूरी के आधार पर स्कूल बसों का मासिक किराया 900 से 1000 या उससे भी अधिक वसूल करना पूरी तरह से अनुचित प्रतीत होता है। उन्होंने



सवाल उठाया कि आखिर किस आधार पर इतनी अधिक दरें निर्धारित की जा रही हैं और क्या इसके लिए कोई स्पष्ट नियम तय किए गए हैं।उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान में कई स्कूलों द्वारा अभिभावकों से 900 से लेकर 1000 तक प्रति माह बस शुल्क लिया जा रहा है, और कुछ मामलों में यह बढ़ोतरी 2200 तक पहुंच गई है। इस प्रकार की अचानक और बहुत ज्यादा शुल्क ने अभिभावकों को आर्थिक रूप से परेशान कर दिया है। कई परिवार ऐसे हैं जिनकी आय सीमित है, और वे पहले से ही बच्चों की शिक्षा, किताबों, यूनिफॉर्म और अन्य खर्चों को पूरा करने में संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में बस किराए में इतनी बड़ी बढ़ोतरी उनके लिए एक अतिरिक्त बोझ बन गई है।

शबाना सैफी ने यह भी कहा कि यह स्थिति केवल आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक असमानता को भी बढ़ावा देती है। गरीब और मध्यम वर्ग के बच्चों की शिक्षा पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है, क्योंकि कई अभिभावक बढ़े हुए खर्चों के कारण अपने बच्चों को स्कूल भेजने में असमर्थ हो सकते हैं। इससे शिक्षा के अधिकार पर भी प्रश्नचिह्न लग सकता है।

उन्होंने सरकार और संबंधित प्रशासन से मांग की कि इस मुद्दे पर तुरंत संज्ञान लिया जाए और स्कूल बस किराए को नियंत्रित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। साथ ही, उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि किराया निर्धारण में पारदर्शिता होनी चाहिए और इसमें अभिभावकों की राय को भी शामिल किया जाना चाहिए। शबाना सैफी ने कहा कि यदि इस समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो नारी शक्ति एवं बाल विकास जन जागृति समिति अभिभावकों के साथ मिलकर आंदोलन करने के लिए भी बाध्य होगी। उनका उद्देश्य केवल इतना है कि बच्चों की शिक्षा पर किसी भी प्रकार का आर्थिक बोझ न पड़े और सभी को समान रूप से शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सके।

# शंकर सिंह पटवाल अध्यक्ष, पीयूष भाटिया बने उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मेट्रोपोलिस रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गए। अध्यक्ष पद पर शंकर सिंह पटवाल ने निवर्तमान अध्यक्ष देवेन्द्र शाही को 107 मतों से हराकर जीत दर्ज की। वहीं पीयूष भाटिया उपाध्यक्ष, पूनम वर्मा सचिव और जितेन्द्र सिंह उर्फ जीवन कोषाध्यक्ष पद पर विजयी घोषित हुए।

एसोसिएशन के कम्युनिटी हॉल में संपन्न कराए गए चुनाव में अध्यक्ष पद पर शंकर सिंह पटवाल ने अपने प्रतिद्वंद्वी निवर्तमान अध्यक्ष देवेन्द्र शाही को 107 मतों से परास्त किया। शंकर सिंह पटवाल को 286 मत और देवेन्द्र शाही को 179 मत प्राप्त हुए। उपाध्यक्ष पद पर पीयूष भाटिया ने विक्रांत फुटेला को 139 मतों से परा. जित किया। भाटिया को 301 मत और विक्रांत को 162 मत मिले। सचिव पद पर पूनम वर्मा ने राजीव भटनागर को 123 मतों से हराया। पूनम को 234 और भटनागर को 171 मत मिले। कोषाध्यक्ष पद पर जितेन्द्र सिंह उर्फ जीवन ने प्रवीण कोठारी को 119 मतों से शिकस्त दी। उन्हें 301 मत मिले, जबकि प्रवीण को 162 मत प्राप्त हुए। सदस्य पद पर सज्जन सिंह, शशि श्रीवास्तव, पंकज तिवारी और नीशु विजयी घोषित किए गए। चुनाव एसडीएम ऋचा सिंह और तहस. ीलदार दिनेश कुटोला की देखरेख में संपन्न हुए। कुल 689 मतदाताओं में से 467 ने मतदान किया। एसडीएम कोर्ट में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष और चार सदस्य पदों के लिए कुल 46 नामांकन पत्र दाखिल हुए, जिनमें से 30 उम्मीदवार मैदान में रहे। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 3 बजे तक चला।

# पूर्णाहुति के साथ कथा का समापन

## भवाली के देवी मंदिर में देवी देवताओं का विधिवत पूजन-अर्चन तथा हवन-यज्ञ

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के भवाली स्थित देवी मंदिर में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य व दिव्य तरीके से समापन हो गया। बता दें श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के मुख्य यजमान श्रीमती नीलम मेहरा व बालम सिंह मेहरा, श्रीमती वसंती मेहरा व सगत सिंह मेहरा तथा श्रीमद् देवी भागवत कथा के समस्त यजमानों के द्वारा समस्त आचार्यों द्वारा प्रातः काल आचार्य व्यास कैलाश चंद्र सुयाल, उप व्यास कैलाश चंद्र पांडे, आचार्य कैलाश चंद्र जोशी तथा आचार्य गिरीश चंद्र जोशी, आचार्य नीरज पलड़िया, मोहन चन्द कपिल, दीपेश कपिल द्वारा नित्य पूजन अभिषेक, भगवती विग्रह पूजन, गणेश पूजन, पंचांग पूर्वांगादि पूजन तथा मन्दिर परिसर में समस्त देवी-देवताओं का विधिवत पूजन



अर्चन, हवन, यज्ञ, पूर्णाहुति व गोदान कन्या पूजन किया गया।

संगीत कलाकारों के द्वारा देवी भजनों के गायन से आचार्यों के वैदिक मंत्रोच्चार से सारा भवाली क्षेत्र भक्ति की इस पावन गंगा में सराबोर हुआ। श्रद्धालुओं के द्वारा पुस्तक पूजन, व्यास पूजन किया गया तथा महाआरती के उपरांत व्यास कैलाश चंद्र सुयाल द्वारा अखिल ब्रह्माण्ड नायिका जगज्जननी देवी भगवती की नौ दिवसीय कथा के महत्वपूर्ण आयोजन हेतु आयोजक व मुख्य यजमान बालम सिंह मेहरा को तथा सभी यजमानों, आचार्यों तथा समस्त नगरवासियों व श्रोताओं को सभी श्रद्धालुओं तथा समस्त सहयोगियों को आशीर्वाद दिया।

गोलज्यू मंदिर घोड़ाखाल के आचार्य जीवन चंद्र जोशी ने आयोजक बालम सिंह मेहरा द्वारा किए गए। इस श्रीमद् देवी भागवत कथा के आयोजन हेतु उन्हें हृदय से आशीर्वाद दिया। संगीत गायकों आचार्य उमा शंकर कपिल, नीरज सती व आचार्य नीरज ढौंढियाल के द्वारा देवी भजनों के उपरांत सामूहिक रूप से श्री हनुमान चालीसा पाठ किया गया तथा बहुत ही सुन्दर सुन्दर भजनों का गायन किया गया जिसमें श्रोताओं के द्वारा भी सहयोग किया गया। दूसरी ओर मुख्य यजमान बालम सिंह ने श्रीमद् देवी भागवत कथा के सफलतापूर्वक व निर्विघ्न संपन्न होने पर अपने आशीर्वचन स्वरूप सभी महानुभावों का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि इस यज्ञ को सफलता पूर्वक संपन्न करने हेतु समस्त ईष्ट मित्रों, बन्धु बान्धवों, मातृशक्ति तथा व्यासों, आचार्यों, संगीत कलाकारों व देवी मंदिर भवाली परिवार के समस्त सहयोगियों, समस्त नगरवासियों व श्रोताओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए सभी के उज्वल भविष्य व मंगलमय जीवन की कामना की। धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में हरि शंकर काण्डपाल, महेश जोशी, मनीष साह, नवीन क्वीरा, आरती भगत, राजेश चंदोला, जीवन चन्द जोशी, प्रमोद क्वीरा, गुड्डू क्वीरा, गिरीश चंद्र तिवारी, प्रकाश पंत, डा. ऊषा तिवारी, महेंद्र सिंह, अजय बिष्ट, तनुजा कनवाल, माला कनवाल, प्रशांत जोशी, लवेन्द्र क्वीरा, सुमीता काण्डपाल, नीमा क्वीरा, नीतु बिष्ट, नीलम मेहरा, आरती भगत, सगत सिंह मेहरा, बसन्ती मेहरा, भगवती सुयाल, हर्षित सुयाल तथा अनेक श्रद्धालु भक्तों ने सहयोग प्रदान किया। कथा के परायण के उपरांत विशाल भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं के द्वारा प्रसाद प्राप्त किया।

## तल्लीताल में चलेगा पांच दिनी अंतिम सदस्यता अभियान 1 से

**नैनीताल।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल नैनीताल के तल्लीताल इकाई की चुनावी बैठक रविवार को तल्लीताल में हुई जिसमें प्रदेश संगठन मंत्री रवैल सिंह आनंद द्वारा नवनियुक्त चुनाव अधिकारी जगदीश साह को संगठन की रीति नीति के विषय में निर्देशित करते हुए उन्हें चुनाव संबन्धी आवश्यक जानकारी और दस्तावेज सौंपे। इस मौके पर साह ने उन्हें स्वीकार करते हुए संगठन का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा के तल्लीताल इकाई के चुनाव संपन्न करने की जो जिमेदारी संगठन ने उन्हें दी है उसके लिए व्यापार मंडल के शीर्ष नेतृत्व का वह धन्यवाद ज्ञापित करते हैं। बैठक में चुनाव संपन्न कराने हेतु रूप रेखा तैयार की गई जिसके अंतर्गत सर्वप्रथम जो व्यापारीगण व्यापार मंडल की सदस्यता लेने से किसी भी कारणवश छूट गए थे उनके लिए सदस्यता अभियान की अवधि बढ़ाने के संबंध में निर्णय लिया गया।मुखय चुनाव अधिकारी जगदीश साह ने बताया के बुधवार यानी 1 अप्रैल से समिति सदस्य अभियान को पुनः 5 दिवस के लिए सुचारू करेगी ये अभियान बुधवार 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक तल्लीताल बाजार दुकान नं. 115-116 साह पुस्तक भंडार के सामने चलाया जाएगा जो कि अंतिम सदस्यता अभियान होगा।सदस्यता हेतु पूर्व में निर्धारित प्रमाणों की ही आवश्यकता होगी जिनमें मुखयत 7 पंजीकरण प्रमाण में से कोई एक प्रमाण आवश्यक होगा।सदस्यता हेतु प्रत्येक व्यापारी से 100 रुपया सदस्यता शुल्क के रूप में लिए जाएंगे। सदस्यता हेतु व्यापारी की 2 फोटो एवं प्रतिष्ठान की फोटो (बोर्ड सहित) और आधार कार्ड की फोटोकॉपी अति आवश्यक है। बैठक में सह चुनाव प्रभारी क्रमशः सईब अहमद, आयुष भंडारी, प्रतीक साह तथा समिति सदस्य पार्थ साह व हर्षित बिष्ट मौजूद रहे।

## एक नजर

### वैश्य महासभा ने किया खिचड़ी प्रसाद वितरित

**काशीपुर।** कुमाऊं वैश्य महासभा ने शुक्रवार को वीएसवी पब्लिक स्कूल के सामने चैती रोड, काशीपुर में भव्य खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया। शहर के गणमान्य व्यक्तियों और महासभा के पदाधिकारियों ने इसमें हिस्सा लिया। इस आयोजन से महासभा ने धार्मिक परंपरा का निर्वहन करने के साथ-साथ सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया।

### विशेष कोटा के आधार पर गैस की मांग

**अल्मोड़ा।** शहर में कॉमर्शियल गैस सिलेंडरों की किल्लत ने व्यापारिक पहिये की रफ्तार रोक दी है। रविवार को इस संकट से तिलमिलाए टैंट कारोबारियों ने बैठक कर विरोध जताया। कैटरिंग व्यवसायों के लिए विशेष कोटा के आधार पर गैस उपलब्ध कराने की मांग उठाई। रविवार को टेट एंड केटरिंग एसोसिएशन ने रविवार को बैठक की। इस दौरान कारोबारियों ने कहा कि कर्मिशयल सिलेंडर उपलब्ध नहीं होने से टेट कारोबारियों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। कहा कि शादियों का सीजन शुरू हो गया है, जिसकी भारी बुकिंग्स पहले ही ली जा चुकी हैं। कैटरिंग और टेट व्यापारियों के अनुसार, तंदूर व चुल्हें पर केवल रोटियां बन सकती हैं, लेकिन छौंका लगाने और सूक्ष्म पकवानों के लिए गैस अनिवार्य है। उन्होंने शासन प्रशासन से टेट काराबोरियों की समस्या को देखते हुए कैटरिंग व्यवसायों के लिए विशेष कोटा या प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध करने की मांग उठाई। यहां बैठक में पूरन सिंह अधिकारी, दिनेश चंद्र जोशी, भारत, गोविंद सिंह बिष्ट, नंदन सिंह फर्त्याल, हर्षवर्धन जोशी, राजेंद्र पाल, सचिन पाल, मनोज सिंह भंडारी, मनोज बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### महातपस्या सातवें दिन भी जारी

**बागेश्वर।** पृथक विकासखंड की मांग को लेकर कांडा कालिका मंदिर में क्रमिक अनशन व महातपस्या सातवें दिन भी जारी है। रविवार को राजेंद्र राम, एडवोकेट महीप किशोर, पूर्व प्रधान भगवत राम क्रमिक अनशन पर बैठे। आंदोलन को समर्थन देने भूपेंद्र कोरंगा भी पहुंचे। उन्होने भी इस आंदोलन को जायज बताया। विकासखंड स्थापना को लेकर शासन प्रशासन की ओर से सकारात्मक प्रयास नहीं हो रहे हैं। इस कारण क्षेत्र का विकास भी रुक रहा है। लोग आंदोलन की राह पर हैं। इस आंदोलन को मुकाम तक पहुंचाया जाएगा। इस मौके पर हीरा सिंह कर्म्याल, किशोरी लाल वर्मा, रूप सिंह माजिला, बंशीधर कांडपाल, हेम कांडपाल, धनी राम, नवीन रौतेला, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

### नैनीताल में पर्यटकों की भीड़-भाड़ से बढ़ी रौनक

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में रविवार को वीकेंड के चलते दिनभर पर्यटकों की भीड़-भाड़ से काफी रौनक देखने को मिली। पर्यटकों ने नैनी झील में नौका विहार करने के साथ ही नगर के प्रमुख दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। होटल एसोसियेशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि वीकेंड में शहर में लगभग सात हजार से अधिक पर्यटक पहुंचे हैं। वीकेंड कारोबार बेहतर रहा। अगले वीकेंड ईस्टर के चलते और बेहतर कारोबार की उममीद है।

### दीवार तोड़कर रास्ता बनाने का आरोप

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में निजी संपत्ति की दीवार तोड़कर जबरन रास्ता बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मल्लीताल गार्डन हाउस निवासी गंगा चौधरी का आरोप है कि 29 मार्च 2026 को कुछ लोगों ने बिना अनुमति उसके घर की दीवार तोड़ दी और वहां से रास्ता बनाने की कोशिश की। पीड़िता का आरोप है कि यह कार्य उसकी जानकारी और सहमति के बिना किया गयाए जिससे उसकी संपति को नुकसान पहुंचा है। पीड़िता ने कहा कि इस घटना से वह और उसका परिवार काफी परेशान है। उसने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है, वहीं दूसरे पक्ष की ओर से भी महिला की दीवार से उनकी खिड़की बंद होने की बात कही। देर तक कोतवाली में दोनों पक्षों के बीच हंगामा चलता रहा। मामले में कोतवाली की एसआई आशा बिष्ट ने बताया कि मामले में एक पक्ष के भरत व अन्य व दूसरे पक्ष की गंगा चौधरी के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की गई है।

### शांतिका देवी सिद्ध पीठ मंदिर में अनुष्ठान

**नैनीताल।** नगर के बारापत्थर स्थित शांतिका देवी सिद्ध पीठ मंदिर में रविवार को विविध धार्मिक अनुष्ठानों के साथ सुंदरकांड पाठ व भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संखया में श्रद्धालुओं ने भागीदारी कर प्रसाद ग्रहण किया। शांतिका देवी सिद्धपीठ मंदिर में पुजारी पंडित महेश चंद्र जोशी ने धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए। मंदिर में सुंदरकांड पाठ के बाद दिनभर भजन कीर्तनों का भी आयोजन हुआ। इस आयोजन में पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल समेत नारायण नगर वार्ड के सभासद भगवत सिंह रावत समेत सैनिक स्कूल वार्ड की सभासद लता दफौटी थे।

### पॉलीटेक्निक का सात दिनी एनएसएस शिविर

**नैनीताल।** राजकीय पॉलीटेक्निक नैनीताल का सात दिनी एनएसएस विशेष शिविर रविवार को संपन्न हो गया। समापन दिवस कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई जिसमें स्वयंसेवकों ने नृत्य, गीत व नाटक एवं अन्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए गए।कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा भी संबोधन दिया गया। उन्होंने सभी स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए उनके समर्पण, अनुशासन एवं कार्यों की प्रशंसा की।

# पाषाण देवी मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के ठंडी सड़क स्थित प्रसिद्ध श्री मां पाषाण देवी मंदिर में रविवार को कामदा एकादशी के विशेष मौके पर विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया जिसकी वजह से क्षेत्र तथा नगर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिर के पुजारी जगदीश चंद्र भट्ट के नेतृत्व में सुबह 10 बजे सबसे पहले गणेश पूजा हुई उसके बाद श्री मां पाषाण देवी का विशेष पूजन किया गया।

दोपहर 12 बजे हवन व पूर्णाहुति के बाद अपराह्न एक बजे से मंदिर सभागार में भक्तजनों विशेषकर महिलाओं की ओर से सुंदरकांड का आयोजन किया गया वहीं शाम को तीन बजे मां पाषाण देवी जी की पंच



आरती हुई इस दौरान वातावरण और भक्तिमय हो गया। उसके बाद भजन कीर्तन के बाद अंत में भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। दिन भर चले धार्मिक अनुष्ठानों को कामयाब बनाने में अमित डालाकोटी, प्रमोद सुयाल, राजेश मिश्रा, नवीन तिवारी, पंकज भट्ट, अभिषेक, आयुष भंडारी, ठाकुर सिंह कैड़ा, मंजू रौतेला, रश्मि राणा, विमला तिवारी, जानकी बिष्ट, तारा पांडे, दीपा जोशी, सरिता, भगवती शर्मा, मंजू डालाकोटी, गीता नैनवाल, कुसुम तिवारी, दिया बिष्ट तथा रजनी जोशी समेत अन्य भक्तजन भक्तिभाव से जुटे रहे। अंत में मंदिर के पुजारी जगदीश चंद्र भट्ट ने सभी भक्तजनों का विशेष आभार जताया।

# डांस में गुरकीरत ने किया नाम रौशन



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** बैलपड़ाव निवासी कलवंत चंद प्रवक्ता पीएम श्री राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज कोटाबाग एवं शिक्षिका परमजीत की सुपुत्री गुरकीरत कौर ने 7 वर्ष की उम्र में कितना दम डांस प्रतियोगिता में देश भर में तृतीय स्थान प्राप्त कर रनअप अवार्ड अपने नाम कर क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे उत्तराखंड का नाम रौशन किया है। यह प्रतियोगिता रयात बहारा यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में 24 मार्च को आयोजित की गई। जिसके फाइनल में राउंड में गुरकीरत कौर ने रनर अप का अवार्ड जीत कर ट्राफी अपने नाम की। बच्ची को प्रेमलता पांडे, मीना जोशी, डॉक्टर भवतोष भट्ट, सरिता गोस्वामी आदि क्षेत्र वासियों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# 200 लोगों ने उठाया शिविर का लाभ



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** ढाल सोसाइटी के सहयोग से राजकीय प्राथमिक विद्यालय, घुनी नंबर-2, बच्ची नगर कटघरिया में 'एन असिस्टेंस फार लाइफ' संस्था द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर में स्त्री रोग, शिशु रोग, सामान्य रोग एवं नेत्र रोग विशेषज्ञों की टीम ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। साथ ही जरूरतमंदों को निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। करीब 200 लोगों ने शि. विर में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया और सेवाओं का लाभ उठाया। स्थानीय लोगों ने संस्था के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। संस्था की अध्यक्षा मेघा भट्ट ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जा सकें। आयोजन में संस्था के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# समाज की निःस्वार्थ सेवा हो ध्येय

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिले के बेतालघाट स्थित शहीद श्री खेमचंद्र डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का रविवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ भव्य समापन हो गया। शिविर के तहत सप्तम व अंति दिवस का आरंभ प्रातः कालीन ईश वंदना, लक्ष्य गीत एवं व्यायाम के साथ हुआ। उसके बाद प्रथम सत्र में स्वयंसेवी छात्राओं द्वारा शिविर स्थल की साफ-सफाई की गई। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विनय कुमार विद्यालंकर ने करते हुए उन्होंने अपने संबोधन में तैंतीस कोटि देवी-देवताओं में आठ वसु, ग्यारह रुद्र, बारह आदित्य और दो अश्विनी




इन प्रमुख वैदिक देवताओं के विषय में बताया। उन्होंने हिन्दी के प्रसिद्ध साहित्यकार दुष्यन्त कुमार के कथानक द्वारा सेवा एवं समर्पण के महत्व के विषय में बताया । उन्होंने सर्वे भवन्तु सुखिनः के माध्यम से स्वयसेवियों को कहा कि समाज के लिए मेरी क्या आहूति हो सकती है? यह विचार हमारे भीतर आना चाहिए तभी हम समाज की सेवा निःस्वार्थ से कर पायेंगे। उन्होंने सबसे बड़ा धर्म सेवा धर्म को बताते हुए आचाररूपरमो धर्मः पर भी विस्तृत जानकारी दी। समारोह के मुख्य अतिथि बीआर कालाकोटी (प्रधानाचार्य आश्रम पद्धति विद्यालय) ने कहा समाज में प्रत्येक मनुष्य राष्ट्र के लिए कर्तव्यरत् हैं। एनएसएस के कार्यक्रम हमारे भीतर आत्मविश्वास के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं। विशिष्ट अतिथि डा. दीप चंद्र रिखाड़ी (अधिवक्ता उत्तराखंड हाईकोर्ट) एवं प्रबंध निदेशक विवेक. ानंद पबलिक स्कूल बेतालघाट ने स्वयंसेवियों को अपने जीवन के अनुभवों से प्रोत्साहित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ आशीर्वाद दिया। इस दौरान स्वयंसेवी ममता बोहरा तथा निकिता बधानी ने अपने शिविर के अनुभव साझा किए। इस अवसर पर छाया पन्त को उत्कृष्ट ग्रुप लीडर जबकि पूजा को सक्रिय स्वयंसेवी व निकिता बधानी को उत्कृष्ट स्वयंसेवी, आल राउंडर स्वयंसेवी हिमानी बिष्ट तथा ममता बोहरा को अनुशासित स्वयंसेवी के रूप में पुरस्कृत किया। कार्यक्रम अधिकारी ममता पाण्डे ने सभी का आभार जताया। संचालन डा. दीपक ने किया।

# जलवायु परिवर्तन पर व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय तथा वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने रविवार को वर्धमान कॉलेज बिजनौर द्वारा आयोजित विकसित भारत 2047 विषय पर विशेष आमंत्रित व्याख्यान दिया। प्रो. तिवारी ने जलवायु परिवर्तन का जैव विविधता पर प्रभाव एवं 2047 विषय पर व्याख्यान दिया। प्रो. तिवारी ने कहा कि आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भारत 2047 में विशिष्ट राष्ट्र बने इसके लिए हम सब को मिल कर कार्य करना होगा। जलवायु परिवर्तन का मिटिगेशन करना होगा जिसमें टेंपरेचर वृद्धि को सबसे पहले कम करना होगा । 2047 तक भारत 8 प्रतिशत जीडीपी के साथ 30 से 40 ट्रिलियन की आर्थिकी तक पहुंच जाएगा। जैव विविधता विश्व के 11 प्रतिशत



आर्थिकी में हर वर्ष योगदान करते हैं तथा भारत 12 मेगा डायवर्सिटी देशों में शामिल है किन्तु जलवायु परिवर्तन वेजिटेरियन को नुकसान पहुंचा रहे हैं तथा ये वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौती है। प्रो. तिवारी ने कहा कि कम कार्बन उत्सर्जन तथा पलायन को रोकना जिससे शहरों का दबाव कम हो तथ्य सौर ऊर्जा व पवन ऊर्जा का प्रयोग बढ़ाना होगा। भारत की 140 मिलियन हेक्टेयर भूमि को जंगल बनाने की जरूरत होगी। कहा कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि हम पर्यावरण की जिम्मेदारी को पूर्ण करे। ग्रीन इकॉनॉमी को बढ़ावा देना तहां इकोसिस्टम इन्फोर्समेंट जरूरी होगा । 2047 पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत महत्व का भी है। इस अवसर पर प्रो. तिवारी को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डा. मित्तल, दे चारु दत्त, डाा. मुकेश, डा. अनामिका सहित प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

# नैनीताल में खुला टंबल ड्राई ड्राईक्लीन एवं लांड्री स्टोर



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के बड़ा बाजार में टंबल ड्राई ड्राईक्लीन एवं लांड्री स्टोर का उद्घाटन रविवार को व्यापार मंडल अध्यक्ष किशन नेगी ने किया। टंबल ड्राई ड्राईक्लीन एवं लांड्री स्टोर पूरे भारतवर्ष के 600 से अधिक शहरों में 1500 से अधिक स्टोर हैं। इस स्टोर के खुलने से शहर के व्यापारियोंए होटलों एवं आम जनमानस को एक सुदृढ़ सुविधा लोगों को प्राप्त होगी। इस अवसर पर स्टोर के संचालक विजेंद्र सिंह बिष्ट द्वारा उनका धन्यवाद ज्ञापित किया गया। उद्घाटन अवसर पर सभासद मुकेश जोशी, व्यापार मंडल के महामंत्री त्रिभुवन सिंह फर्त्याल, मंडी सलाहकार मनोज जोशी, दयाकिशन पोखरिया, रुचिर शाह, व्यापार मंडल उपाध्यक्ष भारती कैड़ा व बसंत मेहरा आदि उपस्थित थे।

# प्रीति ने जीता गोल्ड और सिल्वर मेडल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड की बेटी और रानीखेत के ग्राम पाखुड़ा की निवासी एडवोकेट प्रीति गोस्वामी ने गुवाहाटी (असम) में आयोजित दूसरे पैरा लॉन बाउल्स नेशनल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिंगल्स श्रेणी में सिल्वर मेडल तथा ट्रिप्स श्रेणी में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। यह चैंपियनशिप 24 से 28 मार्च 2026 तक पैरा लॉन बाउल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा पैरालिंपिक कमेटी ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित की गई। प्रीति गोस्वामी वर्तमान में नैनीताल हाई कोर्ट में अधिवक्ता के रूप में कार्यरत हैं। वे एक बहुमुखी दिव्यांग खेल प्रतिभा हैं जिन्होंने पैरा लॉन बाउल्स के अलावा पैरा तैराकी, मास्टर्स एथलेटिक्स और मोटरस्पोर्ट्स में भी उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया है। इस कामयाबी पर पैरा लॉन



बाउल फेडरेशन के नेशनल प्रेसिडेंट मोहम्मद रजा तथा स्टेट सेक्रेटरी फिरोज खान ने कहा कि पैरा लॉन बाउल्स दिव्यांग खिलाडियों के लिए एक उत्कृष्ट खेल है। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे खिलाड़ी भविष्य में एशियन चैंपियनशिप और वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी सफलतापूर्वक भाग लेकर देश का नाम रोशन कर सकते हैं। दूसरी ओर प्रीति गोस्वामी ने कहा पैरा लॉन बाउल्स नेशनल चैंपियनशिप में सिल्वर और गोल्ड मेडल जीतकर मैं बेहद खुश और गर्व महसूस कर रही हूँ। यह सफलता मेरे कड़ी परिश्रम और समर्पण का फल है। मैं अपने राज्य उत्तराखंड और देश भारत के लिए और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। मैं पैरा लॉन बाउल फेडरेशन के सभी अधिकारियों और कोचिंग स्टाफ का आभार व्यक्त करती हूँ जिनके मार्गदर्शन से यह संभव हुआ।

# मंगोली में शराब की दुकान का विरोध तेज़

## आक्रोश: महिलाओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल-कालाढूंगी मोटर मार्ग में स्थित मंगोली क्षेत्र में प्रस्तावित शराब की दुकान के विरोध में ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। महिलाओं व जनप्रतिनिधियों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने के बाद अब जिलाधिकारी कार्यालय में प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने ज्ञापन तैयार कर कहा है कि क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल है लेकिन शराब की दुकान खुलने से सामाजिक वातावरण प्रभावित होगा। उन्होंने बताया कि प्रस्तावित स्थल के 100 मीटर के दायरे में स्कूल स्थित है साथ ही नजदीक ही सीएचसी केंद्र भी है जहां प्रतिदिन महिलाएं व अन्य ग्रामीण इलाज के




लिए पहुंचते हैं। ऐसे संवेदनशील स्थान पर शराब की दुकान खोलना नियमों के भी खिलाफ है। कहा है कि दुकान खुलने से क्षेत्र में अराज. कता बढ़ेगी और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा पर विपरीत असर पड़ेगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पहले भी इस संबंध में आपत्ति दर्ज कराई गई थी लेकिन इसके बावजूद प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। महिलाओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई तो वे जिला मुख्यालय नैनीताल पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से जनभावनाओं का सममान करते हुए प्रस्तावित शराब की दुकान को निरस्त करने या किसी अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवकी बिष्ट समेत ग्राम प्रधान अधौड़ा प्रेमा मेहरा, जलालगांव प्रधान खुशाल बिष्ट, नलनी प्रधान गोविंद सिंह, क्षेत्र पंचायत सदस्य सूरज अधिकारी, खुर्पाताल प्रधान हंसी नेगी, खमारी प्रधान हेम बहुखंडी समेत सामाजिक कार्यकर्ता भास्कर बहुखंडी व जीवन सिंह नेगी समेत महिला समूहों की महिलाएं मौजूद रहीं।

## टैक्सी चालक का चालान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल स्थित पुराने घोड़ा स्टैंड क्षेत्र में सड़क किनारे टैक्सी खड़ी कर सवारी तलाशना एक चालक को भारी पड़ गया। व्यस्त मार्ग पर खड़ी टैक्सी के कारण यातायात प्रभावित होने पर पुलिस ने चालक के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार रविवार को मल्लीताल पुराना घोड़ा स्टैंड पर एक टैक्सी चालक ने अपनी टैक्सी पार्क की और वह सवारी खोजने के लिए चला गया। पुलिस की ओर से बार-बार अनाउंसमेंट कर वाहन हटाने के निर्देश दिए गए लेकिन चालक ने टैक्सी नहीं हटाई। इसके चलते मौके पर यातायात व्यवस्था बाधित होने लगी। इस दौरान चालक आया तो पुलिस चालक को कोतवाली ले आई। जहां उसको जमकर फटकार लगाई गई। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर तल्लीताल निवासी मनोज कुमार के खिलाफ चालानी कार्रवाई की।

# स्वर संगम संगीत संस्थान की बाल प्रतिभा प्रतियोगिता सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्वर संगम संगीत संस्थान हल्द्वानी द्वारा स्व. जीसी उप्रेती की पौत्री और उत्तराखंड के पूर्व उच्च शिक्षा उप निदेशक डा. आरपी उप्रेती की पुत्री स्व. निधि की स्मृति में आयोजित शास्त्रीय गायन, वादन, तबला और कथक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में बाल कलाकारों की प्रतिभा का आंकलन शास्त्रीय गायन विशेषज्ञ गरिमा मेहता और लखनऊ घराने के



तबला विशेषज्ञ नीरज जोशी ने किया। प्रतियोगिता में आचार्य हरीशचंद्र पंत, रेनू तिवारी, मीरा पंत और डा. मुक. ेश चंद्र पंत ने गायन, वायलिन, बांसुरी, सितार, की-बोर्ड और कथक नृत्य में बच्चों को मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। शास्त्रीय गायन में प्रथम स्थान विहान जोशी, द्वितीय नमन हरबोला और तृतीय पूर्वी द्विवेदी रहे। स्वर वाद्य में वायलिन में प्रथम प्रियल सती, तृतीय अनंत शर्मा और सितार में द्वितीय मेहुल जोशी को स्थान मिला। तबला में प्रथम स्थान वैभव कर्नाटक, द्वितीय पार्थ भट्ट और तृतीय आद. विक शर्मा रहे। कथक नृत्य में प्रथम स्थान शैल्बी सिंह, द्वितीय अक्षया तिवारी और तृतीय समायरा कन्याल ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का सफल संचालन प्रसिद्ध तबला वादक रण विजय सिंह ने किया। पुरस्कार वितरण के दौरान सरोद वादक स्मित तिवारी, गायक गौरव बिष्ट और बैंगलुरू में रह रहे तबला वादक इंजीनियर आदित्य नारायण ने उदीयमान बाल कलाकारों को प्रमाणपत्र और पुरस्कार प्रदान कर उनकी प्रतिभा को सराहा और प्रोत्साहित किया।

# एसपी देहात ने किया कलियर थाने का निरीक्षण

## थाने की सफाई व्यवस्था, रिकॉर्ड के रख रखाव व असलहों का लिया जायजा

**❖लंबित विवेचनाओं को समय से किया जाए निस्तारण : सुयाल**

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** एसपी देहात शेखर चन्द्र सुयाल एवं सीओ रुड़की नताशा सिंह ने रविवार को कलियर थाने का अर्धवार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने थाना परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मालखाना, शस्त्रागार, हवालात एवं अभिलेखों के रख-रखाव की स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने मालखाने में रखे सामान के सुव्यवस्थित रख-रखाव तथा अभिलेखों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित मामलों की समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया।एसपी देहात शेखर चन्द्र सुयाल ने कहा कि थाना स्तर पर सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त रहनी चाहिए तथा आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क निगरानी रखने, सत्यापन अभियान को तेज करने एवं रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। वहीं सीओ रुड़की नताशा सिंह ने पुलिसकर्मियों को अनुशासन बनाए रखने और कार्यप्रणाली में निरंतर सुधार लाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करना भी अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार, एसएसआई सुनील पंत, इमलीखेड़ा चौकी प्रभारी शहजाद अली, धनौरी चौकी प्रभारी पुष्कर सिंह चौहान, एसआई विनोद गोला, उपेंद्र सिंह, विशाखा राठौर, एएसआई राम अवतार, हेड कांस्टेबल कुमाल तोमर सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहें।

# दरगाह में लगातार बढ़ता जा रहा है फर्जी खादिमों का आतंक

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिरान कलियर।** दरगाह में फर्जी खादिमों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है, जिससे दरगाह की छवि धूमिल हो रही है। देशभर से जियारत के लिए आने वाले जायरीन के साथ अभद्र व्यवहार और अवैध वसूली की घटनाएं सामने आ रही हैं। शिकायतों के बावजूद इन फर्जी खादिमों में न तो पुलिस का भय नजर आ रहा है और न ही दरगाह प्रबंधन का प्रभाव।

बताया जा रहा है कि दरगाह परिसर में 50 से 70 तक फर्जी खादिम सक्रिय हैं,जो जायरीनो (श्रद्धालुओं) को जबरन अपनी ओर खींचते हैं और उनसे पैसे की मांग करते हैं। विरोध करने पर बदसलूकी और अभद्रता पर उतर आते हैं, जिससे जायरीन में भय का माहौल बना हुआ है। दरगाह सुपरवाइजर मोहम्मद हारून ने कलियर थाना पुलिस को तहरीर देकर मामले की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि तहसीलदार रुड़की एवं दरगाह प्रबंधक की ओर से जारी एक वीडियो में कुछ फर्जी खादिम दरगाह परिसर में अव्यवस्था फैलाते और जायरीन से वसूली करते नजर आ रहे हैं।वीडियो के आधार पर पहचान करते हुए आधा दर्जन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।तहसीलदार रुड़की एवं दरगाह प्रबंधक विकास अवस्थी ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस को तहरीर दी गई है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# लंढौरा मंडल के भाजपा प्रशिक्षण शिविर का समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** भाजपा लंढौरा मंडल द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में मुख्य वक्ताओं द्वारा कार्यकर्ताओं को भाजपा की रीति नीति का पाठ पढ़ाते हुए केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के बाद द्वितीय सत्र का समापन हुआ।

जानकारी के अनुसार लंढौरा रंग महल में आयोजित भाजपा प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन रविवार को चार बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई। सत्र के दौरान राज्यमंत्री शोभाराम प्रजापति ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सभी कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को सुना इसके बाद आई टी सेल के जिला संयोजक सुशील रावत ने कार्यकर्ताओं को आज के आधुनिक युग में सोशल मीडिया के महत्व की जानकारी दी। वरिष्ठ भाजपा नेत्री रानी देवयानी ने कार्य पद्धति विषय को लेकर कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा प्रदान कर उन्हें मजबूत और जागरूक बनाया जाता है, ताकि वे अपने क्षेत्र में पार्टी की विचारधारा को प्रभावी ढंग से प्रसारित कर सकें।

मनोज नायक ने एसआईआर को लेकर जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौम्पियन, मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार पांडे, चौधरी चरण सिंह, सचिन चौधरी, मोहित गिरी, अंकित आर्य, कुलदीप चौधरी, अमित चौधरी, महेश पाल, मांगेराम गोर, अनुज सैनी, रिसालत हैदर, संजीव चौधरी, शिवा चौधरी, नितीश, सतेन्द्र, अनिल, पहल सिंह, संदीप सैनी, शिवांग, विपिन, नवनीत शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## एसएसपी ने किया कई कोतवालियों में फेरबदल

# भगवानमहर मंगलौर तो रितेश शाह बने भगवानपुर कोतवाल, अंकुर शर्मा को बुग्गावाला की कमान

**❖निरीक्षक अमरजीत को कोतवाली बहादराबाद, निरीक्षक कुंदन राणा को कोतवाली नगर, निरीक्षक चन्द्रभान सिंह को पुलिस लाइन से कोतवाली ज्वालापुर, निरीक्षक विजय सिंह को थानाध्यक्ष झबरेड़ा वहीं अंकुर शर्मा को एसएसआई भगवानपुर से थानाध्यक्ष बुग्गावाला बनाया गया है**

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** जनपद में कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह ने देर रात कई कोतवालियों में फेरबदल करते हुए निरीक्षक एवं उपनिरीक्षकों को नई जिम्मेदारी सौंपी गयी।



एसएसपी द्वारा किये गये फेरबदल में निरीक्षक रितेश शाह को कोतवाली नगर से कोतवाली भगवानपुर कोतवाल बनाया गया है तो बुग्गावाला से भगवानमहर को मंगलौर कोतवाली की कमान सौंपी गयी है। वहीं निरीक्षक कुंदन राणा को कोतवाली ज्वालापुर से कोतवाली नगर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निरीक्षक चन्द्रभान सिंह को पुलिस लाइन से कोतवाली ज्वालापुर तैनात किया गया है। वहीं निरीक्षक विजय सिंह को कोतवाली बहादराबाद से थानाध्यक्ष झबरेडा बनाया गया है। इसी क्रम में निरीक्षक अमरजीत को कोतवाली मंगलौर से कोतवाली बहादराबाद भेजा गया है। उपनिरीक्षक सुखपाल मान को पुलिस लाइन से एसएसआई मंगलौर नियुक्त किया गया है।

वहीं उपनिरीक्षक अंकुर शर्मा को एसएसआई भगवानपुर से थानाध्यक्ष बुग्गावाला बनाया गया है। उपनिरीक्षक मनोज गैरोला को एसएसआई मंगलौर से एसएसआई बहादराबाद तैनात किया गया है। उपनिरीक्षक अजय शाह को थानाध्यक्ष झबरेडा से पुलिस कार्यालय तथा उपनिरीक्षक नितिन बिष्ट को एसएसआई बहादराबाद से पुलिस कार्यालय संबद्ध किया गया है।एसएसपी कार्यालय की ओर से जारी इस तबादला सूची को प्रशासनिक आवश्यकता और कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने की दृष्टि से अहम माना जा रहा है।

# सेवानिवृत्त होने वाले 12 शिक्षकों को किया सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंगलौर।** झबरेड़ा विधायक विरेन्द्र जाती ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि शिक्षक समाज के वास्तविक मार्गदर्शक होते हैं, जिनकी तपस्या से राष्ट्र का भविष्य आकार ग्रहण करता है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया है, किंतु शिक्षक का ज्ञान, अनुभव और संस्कार सदैव समाज को आलोकित करते रहते हैं।

विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख कविन्द्र चौधरी ने कहा कि शिक्षा समाज के विकास की आधारशिला है और शिक्षक उस आधारशिला के सशक्त स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षक अपने अनुभवों की अमूल्य निधि से नई पीढ़ी को दिशा देने में सदैव सक्षम रहते हैं। उन्होंने संगठन की इस पहल को सराहनीय बताते हुए इसे प्रेरणादायी परंपरा बताया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.शि.) हरिद्वार अमित कुमार चंद ने अपने उद्बोधन में शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार और उत्तरदायित्व की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, अनुशासन और नैतिक मूल्यों का विकास करना है। डायट प्राचार्य मेराज अहमद ने कहा कि शिक्षा और संस्कृति का समन्वय ही समाज को सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक यदि नवाचार और सतत अधिगम को अपनाते रहें, तो शिक्षा व्यवस्था में गुणात्मक परिवर्तन संभव है। इस अवसर पर 31 मार्च 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले नारसन ब्लॉक के 12 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन बीर सिंह पंवार ने किया। समारोह में शानेकरीम सिद्दिकी पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश चौहान, मंत्री हेमेन्द्र चौहान, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार शर्मा, अंबरीष वर्मा, शरद शर्मा, रविन्द्र कुमार, तरुण चौहान, सतीश शर्मा, मनोज शर्मा, सुशील सैनी, अमित कुमार, दिनेश बडवाल, अब्दुल कादिर, विधि गुप्ता, कुंतला गुप्ता, जेबा प्रवीन, वसीम सिद्दिकी, राजकुमार राठी, तेजवीर, अखलाख, तस्लीमा कुरैशी, कृष्णपाल सिंह, नरेन्द्र कुमार, संजय कुमार, राकेश शर्मा, भारत भूषण, मोहब्बत अली, मासूम अली, शफक्कत अली, प्रवीण राणा, निष्कर अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल, योगेन्द्र, हेमन्त ध्यानी, नरेश चोपड़ा, चंद्रसेन, शिवनंदन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व सीएम हरीश रावत ने दरगाहपुर में ईद मिलन समारोह में की शिरकत

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** क्षेत्र के ग्राम दरगाहपुर में पूर्व प्रधान आरिफ के निवास पर एक भव्य ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और क्षेत्रवासियों को ईद की मुबारकबाद दी।



राजनीति से ऊपर उठकर मनाएं त्योहार: हरीश रावतसमारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि ईद का त्योहार आपसी प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा, ष्हमें हिंदू-मुसलमान की राजनीति से ऊपर उठकर एक-दूसरे के त्योहारों को मिलकर मनाना चाहिए। ये त्योहार सभी की खुशियों के लिए बने हैं। उन्होंने आरिफ पूर्व प्रधान के इस प्रयास की सराहना की और सभी के लिए सुख-शांति की कामना की। नेताओं ने दिया भाईचारे का संदेशकार्यक्रम में मौजूद अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी अपने विचार साझा किएबालेश्वर सिंह कांग्रेस जिला अध्यक्ष उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। हमें बुराई त्यागकर भलाई के रास्ते पर चलना चाहिएसंजय सैनी जिला पंचायत सदस्यउन्होंने कहा कि गिले-शिकवे भुलाकर साथ आने से न केवल सामाजिक ताना-बना बुनता है, बल्कि इससे कांग्रेस पार्टी को भी मजबूती मिलेगीडॉ. उमा दत्त शर्मा: उन्होंने सभी से अपील की कि अच्छाई के मार्ग पर चलते हुए हर वर्ग के त्योहार में उत्साहपूर्वक शामिल हों। रवि पाल सैनी : उन्होंने पूर्व प्रधान आरिफ के इस कदम को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर होते रहना चाहिए। इस अवसर पर भारी संख्या में स्थानीय लोग और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य संजय सैनी करणपाल, पूर्व प्रधान मोहम्मद आरिफ, पूर्व प्रधान जगबीर सिंह, पूर्व प्रधान विनोद कुमार, मास्टर जाफिर, प्रधान कमलकांत, मुखिया राकेश सैनी, सनुज चौधरी, जिला पंचायत सदस्य रवि पाल, राहुल सैनी धर्मराज चौहान सनव्वर राजा सतवीर सिंह साजिद अंसारी प्रधान मोहम्मद अली हिना खातून समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# लक्सर पुलिस ने अलग-अलग जगह से दबोचे दो नशा तस्कर

**❖एक से 8.86 ग्राम व दूसरे से 4.40 ग्राम स्मैक हुई बरामद**

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** जनपद हरिद्वार को नशामुक्त बनाने के संकल्प के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ैच द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत लक्सर पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रभारी निरीक्षक लक्सर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में सक्रियता दिखाते हुए एक स्मैक तस्कर को रंगे हाथों दबोचा है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस की टीमें नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए लगातार संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी और निगरानी कर रही हैं चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने लक्सर क्षेत्र से एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका। तलाशी लेने पर उसके पास से 4.40 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। अभियुक्त की पहचान गुलशन उम्र 25 वर्ष, पुत्र पालू, निवासी ग्राम निरंजनपुर, थाना कोतवाली लक्सर के रूप में हुई है। पुलिस नेअभियुक्त के खिलाफ संबंधित मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस टीम में उप निरीक्षक अजय कुमार हे. कानि. रविन्द्र कुमार नागर लक्सर कानि. राजेन्द्र सिंह बिष्ट लक्सर शामिल रहे।

वहीं दूसरी ओर जनपद को नशा मुक्त करने व नशा (स्मैक/ चरस/ गांजा व अवैध शराब आदि) तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा जनपद पुलिस को निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशों के अनुपालन में कोतवाली लक्सर पुलिस ने क्षेत्र से एक व्यक्ति को 8.86 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली लक्सर पर एन0डी0पी0एस0 एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया। पकड़ा गया आरोपित- खालिद पुत्र सलीम निवासी ग्राम लादपुर कला कोतवाली लक्सर है।

**खोया पाया-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी हाई स्कूल वर्ष 2012 की मार्कशीट रोल नंबर 0003936 व वर्ष 2014 इंटरमीडिएट की मार्कशीट अनुक्रमांक संख्या 14002977 व वर्ष 2018 बीटैक की मार्कशीट अनुक्रमांक संख्या नं 140430107084 वास्तव में कहीं खो गई है जिसका प्रयोग किसी अन्य को अवैध होगा।

**तालिब खान पुत्र गुलजार खान नि. ग्राम सेठपुर थाना व तहसील लक्सर हरिद्वार।**

# झबरेड़ा फायरिंग में तमंचे सहित एक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**झबरेड़ा।** फायरिंग प्रकरण में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 315 बोर का तमंचा जिंदा कारतूस बरामद कर लिया है। आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

जानकारी के अनुसार गौरव पुत्र ऋषिपाल निवासी कस्बा व थाना झबरेड़ा, जनपद हरिद्वार द्वारा आारोपी शिवांश पुत्र रणवीर निवासी मोहल्ला छावनी, कस्बा व थाना झबरेड़ा के विरुद्ध स्वयं व अपने मेहमानों के साथ गाली-गलौच करते हुए फायरिंग करने के संबंध में मुकदमा अपराध संख्या 53/26, अभियोग पंजीकृत कराया गया था। उक्त प्रकरण में प्रभावी कार्यवाही करते हुए दिनांक 28.03.2026 को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा झबरेड़ा कला बाईपास से आरोपी शिवांश पुत्र रणवीर निवासी कस्बा व थाना झबरेड़ा, धर दबोचा। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक तमंचा .315 बोर, एक खोखा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अजय शाह, उपनिरीक्षक जय सिंह, का० मुकेश तोमर, का० रणवीर सिंह आदि शामिल रहे।

# लक्सर पुलिस ने कुछ ही घंटों में दबोचा बाइक चोर

शाह टाइम्स संवाददाता

**लक्सर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशों पर अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत लक्सर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की घटना का चंद घंटों में खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बीती 26 मार्च को मेहताब अहमद निवासी सहारनपुर ने लक्सर कोतवाली में तहरीर दी थी कि 24 मार्च को कुंआ खेड़ा स्थित कचरा फैक्ट्री के पास से उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई है। पुलिस ने तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की सीसीटीवी और मुखबिर तंत्र से मिली मदद कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और स्थानीय स्तर पर सूचनाएं जुटाईं। सटीक जानकारी के आधार पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने पारस वर्मा (निवासी केशव नगर, लक्सर) को चोरी की हीरो स्प्लेंडर के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

## नेहरू स्टेडियम में आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट चैम्पियनशिप का समापन

# पुरुष वर्ग में पांडिचेरी ने जीता फाइनल तो महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश बनी चैंपियन

**❖ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व राज्यमंत्री व एसोसिएशन के महासचिव ने खिलाड़ियों को प्रदान की ट्रॉफी**

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुड़की।** उत्तराखंड टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित 33वीं फैडरेशन कप टेनिस बॉल क्रिकेट चैम्पियनशिप का आज नेहरू स्टेडियम में समापन हो गया। जिसके पुरुष वर्ग के फाइनल मैच में पांडिचेरी ने गत दस वर्षों के चैंपियन उत्तर प्रदेश की टीम को हराकर विजयश्री हासिल की वहीं महिला वर्ग में उतर प्रदेश ने अपना दबदबा कायम रखा और तमिलनाडु की टीम को हराकर खिताब बरकरार रखा। पुरुष वर्ग में पांडिचेरी की टीम ने टॉस जीतकर आठ विकेट 67 रन बनाकर उत्तर प्रदेश को 68 रन का लक्ष्य दिया। जिसका पीछा करते हुए उत्तर प्रदेश की टीम निर्धारित ओवर में 55 रन ही बना सकी और पांडिचेरी ने 12 रन के अंतर से मैच जीत लिया। गोवा और तमिलनाडु को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला। दूसरी ओर यूपी की महिला टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 72 रन बनाए। जिसके जवाब में तमिलनाडु की टीम 54 रन ही बना सकी। गोवा और पांडिचेरी को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान मिला। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट दीपक सेठ ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को उत्साहवर्धक टिप्स दिए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री शोभा राम प्रजापति, चौधरी अजीत सिंह और रामकुमार वालिया ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह में पांडिचेरी, तमिलनाडु, गोवा, यूपी, लक्ष्यद्वीप , जम्मू-कश्मीर के पदाधिकारियों ने भी भागीदारी की।



# समाज एकजुट होकर दहेज प्रथा पर रोक लगाए:मुफ्ती रियासत

शाह टाइम्स संवाददाता

**लंढौरा।** जमीअत उलेमा ए हिंद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मुफ्ती रियासत अली ने कहा कि दहेज प्रथा पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। उन्होंने कहा कि दहेज में बेवजह खर्च की रोक लगा कर इस पैसे को अपने बच्चों को अच्छी तालीम हासिल कराने के लिए खर्च किया जाए।

रविवार को मदरसा इमदादुल इस्लाम लंढौरा में जिला स्तर पर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान मुफ्ती रियासत अली ने कहा कि दहेज का चलन बढ़ता जा रहा है। जिसके चलते मीडियम और गरीब तबके के सामने बड़ी परेशानी खड़ी हो गई है। उन्होंने कहा कि दहेज पर रोक लगाने के साथ इस पैसे से बच्चों को अच्छी शिक्षा ग्रहण कराए। मुफ्ती ने कहा कि मां बाप अगर अपनी लड़कियों अपनी संपत्ति में हिस्सा देते है तो दीनी ऐतबार से बहुत सही है। मास्टर अहसान अली ने कहा कि बारात में कम से कम लोगों को ले जाया जाए। दावत नामा भी वालीमे का ही दिया जाए। विधायक फुरकान अहमद ने कहा कि इस कुप्रथा को रोकने के लिए सभी मौजिज लोगो को आगे आना चाहिए। मौलाना नवाब अली ने कहा कि ब्याह शादी में कई तरह की ऐसी रस्म है काफी खर्चीली है। ऐसी सभी रस्मों पर रोक लगना बेहद जरूरी। एडवोकेट अब्दुल शमी ने कहा कि दहेज प्रथा पर रोक लगाने के लिए हर बिरादरी के मौजिज लोगों को आगे आकर पहल करनी पड़ेगी। बाद में तय किया गया कि इसके लिए हर गांव में कमेटी का गठन किया जाएगा। इस मौके पर कारी कुर्बान अली, चेयरमैन साजिद अली, एडवोकेट अब्दुल शमी, प्रधान जब्बार अली, प्रधान यूसुफ, खालिद, हाजी इरशाद समेत पुरे जिले से गणमान्य लोग मौजूद रहे।



शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 30 मार्च 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# नो किंग को लेकर प्रदर्शन

ईरान के साथ अमेरिका–इस्राईल युद्ध को 30 दिन हो गए हैं और इसका अंत होता दिखाई नहीं दे रहा है, बल्कि अगर हम यह कहें कि इसका और विस्तार ही हो रहा है, तो गलत नहीं होगा, क्योंकि सुनने में आ रहा है कि अमेरिका ईरान के साथ जमीन पर दो हाथ करने के लिए सैनिक भेज रहा है, लेकिन कहते हैं कि अति हर चीज की बुरी होती है। लोगों की जिस तरह कठिनाइयां इस संघर्ष से बढ़ती जा रही हैं उससे लगता है कि अब लोगों का धैर्य टूटता जा रहा है। जिस तरह कई देशों में इस युद्ध को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए हैं, उससे साफ हो गया है कि अब आम जनता ने मान लिया है कि बस बहुत हो चुका। और देशों की बात तो छोड़िए खुद अमेरिका में ही बेहद बड़े स्तर पर राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर आए हैं। बताया जा रहा है कि इसमें 80 लाख से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया, दिलचस्प बात यह है कि यह प्रदर्शन अमेरिका के सभी पचास राज्यों में 3300 से ज्यादा जगहों पर हुए। इन प्रदर्शनों के आयोजकों का कहना था कि अक्टूबर में पिछले प्रदर्शनों की तुलना में इस बात करीब दस लाख ज्यादा लोग शामिल हैं। लोग इतने उत्तेजित दिखाई दिए कि राष्ट्रपति ट्रम्प और उप राष्ट्रपति जेडी वेन्स के खिलाफ पोस्टर दिखा रहे थे और उन पोस्टरों पर उन्हें पद से हटाने की मांग की गई थी। लोगों का कहना था कि हमें किंग नहीं चाहिए। वह नॉ किंग का नारा लगा रहे थे। प्रदर्शन के दौरान कई जगह पुलिस के साथ टकराव भी देखने में आया। बात केवल अमेरिका की नहीं है। ग्रीस की राजधानी एथेन्स में अमेरिकी दूतावास के बाहर भी युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन हुआ। इटली भी प्रदर्शन से अछूता नहीं रहा, वहां की राजधानी में कई बड़े नेताओं के खिलाफ प्रदर्शन हुआ। लोग इस्राईल के पीएम नेतन्याहू, इटली की पीएम मिलोनी और ट्रम्प के खिलाफ प्रदर्शन खुलकर कर रहे हैं। अमेरिकी डेमोक्रेट नेता बर्नी सैंडर्स ने प्रदर्शनों को संबोधित करते हुए कहा भी कि ट्रम्प और नेतन्याहू ने अमेरिका को ऐसे युद्ध में धकेल दिया जो असंवैधानिक और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प अभी भी बेपरवाह दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि उनके फैसले देश को मजबूत बनाने के लिए हैं और साथ ही कहा कि वह राजा नहीं हैं। उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोप गलत हैं। ट्रम्प कुछ भी कह रहे हैं, लेकिन पेरिस, लंदन जैसे शहरों में जिस तरह बड़े प्रदर्शन उनके खिलाफ हो रहे हैं, उससे साफ हो जाता है कि दुनिया अब इस युद्ध से ऊब चुकी है और शीघ्र इसे खत्म होते देखना चाहती है और डोनाल्ड ट्रम्प और नेतन्याहू के लिए भी यह फैसला ठीक होगा कि वह किंग के बर्ताव से हटकर आम जनता का प्रतिनिधित्व करते दिखाई दें, जो बहुत कठिनाइयों का सामना इस समय कर रही है।

## बसपा में ही बन जाता जेवर एयरपोर्ट



जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट के सभी बुनियादी काम बसपा की सरकार में पूरे हो गए थे, अगर केंद्र में रही कांग्रेस की सरकार ने इस पर रोड़े न अटकाए होते, तो इसका निर्माण काफी पहले ही पूरा हो जाता, काफी लम्बे इंतजार के बाद जेवर में नोएडा इण्टरनेशनल हवाई अड्डे के प्रथम चरण का कल उद्घाटन हुआ, जबकि इसकी रूपरेखा ही नहीं, बल्कि इसके सभी जरूरी बुनियादी कार्य बीएसपी की मेरी सरकार में ही शुरू हो गये थे, इतना ही नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार अगर रोड़ा नहीं अटकाती, तो विकास का यह कार्य, यमुना एक्सप्रेसवे आदि की तरह, काफी पहले मेरी सरकार में ही पूरा हो गया होता, सपा का तो ज्यादातर समय गरीबी व पिछड़ेपन आदि को दूर करने हेतु विकास के ठोस कार्य करने के बजाय, कमजोर तबकों के हित, कल्याण व उनके उत्थान हेतु लिये गये ऐतिहासिक फैसलों व किये गये महत्वपूर्ण कार्यों को निष्क्रिय बनाने खर्च हुआ। **–सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# ट्रम्प की हठधर्मिता से धराशायी हुई वैश्विक अमेरिकी प्रभुत्व की धारणा





तनवीर जाफरी

निसंदेह संयुक्त राज्य अमेरिका विश्व के सर्वशक्तिशाली देशों में अपना सर्वोच्च स्थान रखता है। यही वजह है कि दुनिया के अधिकांश देश श्सर्वशक्तिमान अमेरिकाश से अपने मधुर सम्बन्ध बनाए रखना ही बेहतर समझते हैं। अपने प्रभुत्व या दबदबे को कायम रखने के लिए अमेरिका भी अन्य देशों के बीच श्बांटो और राज करोश का खेल खेलता आ रहा है। इसी घिनौने खेल के तहत वह दुनिया के लगभग 57 इस्लामिक देशों में शिया सुन्नी मतभेद को हवा देता रहता है। और इसी प्रोपेगेंडा की आड़ में अमेरिका कई इस्लामिक देशों में सामरिक महत्व के अनेक अड्डे संचालित कर रहा है। विदेश संबंध परिषद के अनुसार अमेरिका इस क्षेत्र में कम से कम 19 देशों पर स्थाई और अस्थाई दोनों तरह के सैन्य ठिकानों का एक व्यापक नेटवर्क संचालित करता है। इनमें बहरीन, मिस्र, इराक, जॉर्डन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित आठ स्थाई सैन्य अड्डे भी शामिल हैं।

अधिकांश इस्लामिक देशों में सैन्य अड्डे संचालित करने के बदले अमेरिका को वहां की सरकारों से भारी धन भी मिलता है। उदाहरण के तौर पर सऊदी अरब जैसा इस्लामिक देश अमेरिका को अपने यहां तैनात अमेरिकी सैनिकों के खर्च को आंशिक तौर पर उठाने के बदले में लगभग 500 मिलियन डॉलर देता आ रहा है। अमेरिका और मेजबान देश आमतौर पर स्टेटस ऑफ फोर्सेज एग्रीमेंट और अन्य रक्षा समझौतों के तहत तय करते हैं कि कौन कितना खर्च उठाएगा। इन देशों को भी अमेरिकी संरक्षण, हथियारों की बिक्री, प्रशिक्षण, रक्षा गठबंधन और अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ने के रूप में लाभ होता है, जिसके बदले वे अमेरिकी सैनिकों के खर्च या उपयोग के लिए कुछ न कुछ भुगतान या संसाधन देते हैं। अमेरिका दशकों से इसी नीति पर चलते हुए अनेक तेल उत्पादक इस्लामिक देशों से अपनी आवश्यकतानुसार तेल लेता है साथ ही इनकी सुरक्षा के नाम पर इन्हें हथियार भी बेचता है। कुल मिलकर इस प्रपंच के पीछे वह इन देशों को यही सन्देश देता आ रहा है कि –श्अमेरिका ही तुम्हारा रक्षक है अन्यथा ईरान जैसा देश मध्य एशिया के खाड़ी देशों को निगल जाएगा, परन्तु गत 28 फरवरी से अमेरिका व इस्राईल द्वारा ईरान पर थोपे गए युद्ध के बाद ईरान ने स्वयंभू महाबली अमेरिका को जिस तरह उसकी औकात दिखाई है उसने अमेरिका व इस्राईल सहित स्वयं को अमेरिकी सैन्य ठिकानों के बल पर सुरक्षित रहने की दशकों से गलत धारणा पाले बैठे इस्लामिक देशों को भी बहुत कुछ सोचने पर मजबूर कर दिया है। ईरान ने जिन लगभग 8 मुस्लिम देशों पर हमले किए इनमें सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, कतर, बहरीन, जॉर्डन व इराक जैसे देशों के नाम शामिल हैं। इन ईरानी हमलों में असली निशाना खाड़ी देशों में फैले अमेरिकी सैन्य ठिकाने थे, न कि इन देशों के सार्वभौमिक इलाके। इन हमलों से अमेरिका की रडार, संचारघसिस्टम,थाड एंटी–मिसाइल रडार, हैंगर, रिफ्युलिंग विमान और ढांचा जैसे संवेदनशील टार्गेट पर निशाने साधे जिससे अमेरिकी सैन्य संचालन की क्षमता कहीं घटी तो कहीं बिल्कुल ही समाप्त हो गई। इन्हीं ईरानी हमलों के बाद अमेरिका को अपना रक्षक समझने वाले खाड़ी के इस्लामिक देशों को यह सोचने पर मजबूर होना पड़ा कि जब अमेरिका खुद अपने सैन्य ठिकानों की हिफाजत नहीं कर सका तो वह दूसरे देशों की रक्षा कैसे करेगा ? इन्हीं हालात ने इस्लामिक देशों को यह सोचने के लिए भी मजबूर किया है कि अमेरिका पर सुरक्षा हेतु निर्भर रहने से बेहतर है इस्लामिक देशों के परस्पर मधुर संबंध बनाना। और साथ ही इनमें से कई इस्लामिक देशों ने अमेरिका व इस्राईल द्वारा खड़े किए गए शिया–सुन्नी मतभेद के पीछे की चाल को भी पहचान लिया है। इसीलिए पूर्णतय: अमेरिकी अनुकम्पा पर आश्रित रहने वाले चंद पिछलग्गू देशों के सिवा अधिकांश देशों ने अमेरिका से फासला बनाकर रखने का मन बना लिया है। ट्रंप ने इस्राईल के दबाव अथवा बहकावे में आकर अपने जिद्दीपन के चलते ही ईरान विरोधी सैन्य अभियान में शामिल होने जैसा जो घातक फैसला किया है उससे दुनिया के अनेक देश ही खिलाफ नहीं बल्कि अमेरिका में घरेलू स्तर पर भी काफी विरोध के स्वर बुलंद हुए हैं। गत दिनों किए गए अनेक सर्वेक्षणों में लगभग 50 से 60 प्रतिशत तक अमेरिकियों ने ईरान के खिलाफ जारी सैन्य हमलों का विरोध किया है या ट्रंप के इस निर्णय से अपनी असहमति जताई है। कई सर्वेक्षणों में तो इन्हें अत्यधिक हस्तक्षेप या अनावश्यक युद्ध तक की संज्ञा भी दी गई है। डेमोक्रेट पार्टी के विशेष जनसमूह और कई उदारवादी व प्रगतिशील संगठनों ने ट्रंप की ऐसी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किए ऑनलाइन अभियान चलाए और कांग्रेस में प्रस्ताव लाकर इसका विरोध भी किया है। कांग्रेस में डेमोक्रेट नेता टिम केन द्वारा रिपब्लिकन रेंड पॉल के साथ एक द्विदलीय वार पावर रेजोल्यूशन भी लाया गया जिसका उद्देश्य ट्रंप को ईरान के खिलाफ हथियारबंद अभियान सीमित करने के लिए बाध्य करना था। हालांकि यह प्रस्ताव खारिज जरूर हो गया, परन्तु इसके द्वारा अमेरिका में ही ट्रंप की नीतियों का औपचारिक विरोध जरूर उजागर हुआ। कई प्रमुख अमेरिकी मीडिया और विदेश नीति विशेषज्ञों ने ईरान में युद्ध को गलत अमेरिकी रणनीति बताया और इसे ह्इस्राईल के दबावह्न में घसीटा गया युद्ध और अमेरिकी संसाधनों के व्यर्थ बर्बादी के रूप में वर्णित किया गया है । ट्रंप की नीतियों का यह विरोध इस स्तर तक पहुंच गया कि अमेरिकी राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी केंद्र के निदेशक जोसेफ केंट ने ईरान के साथ जारी युद्ध के विरोध में अपने पद से इस्तीफा तक दे दिया। अपने इस्तीफे के पत्र में जोसेफ केंट ने स्पष्ट लिखा कि ईरान से अमेरिका को ह्कोई तत्काल खतराह्न नहीं था और यह युद्ध इस्राईल और उसकी अमेरिकी लॉबी के दबाव में शुरू किया गया है, इसलिए वे इसका समर्थन नहीं कर सकते। ट्रंप प्रशासन के भीतर कुछ राष्ट्रीय सुरक्षा और खुफिया विभाग के अधिकारियों में भी ईरान युद्ध के विरुद्ध असंतोष और मौन विरोध है। कहना गलत नहीं होगा कि राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिकी इतिहास के अब तक के सबसे पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं जिन्होंने अपने बड़बोलेपन,घातक व अगंभीर निर्णयों से अमेरिका की छवि को गहरा धक्का पहुंचाया है। जब जिस देश पर चाहे मनमाना टेरिफ लगाकर अन्य देशों को विचलित करना,कभी कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बता देना,कभी वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मदुरै व उनकी पत्नी का जबरन अपहरण कर लेना कभी ग्रीन लैंड पर कब्जे की बात करना कभी क्यूबा पर हमला करने की बातें कर दूसरे देशों की संप्रभुता को ठेंगा दिखाना तो कभी ईरान युद्ध को लेकर बुरी तरह फंसने के बाद युद्ध से बाहर निकलने के लिए तरह तरह के झूठ बोलना व बहाने तलाशना और सोने पर सुहागा यह कि एप्सटीन फाइल्स में ट्रंप जैसों का नाम आने के बाद इनकी बौखलाहट का और अधिक बढ़ जाना इस नतीजे पर पहुंचने के लिए काफी है कि ट्रंप की हठधर्मिता ने अमेरिकी प्रभुत्व की वैश्विक धारणा को पूरी तरह धराशाई कर दिया है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# आ अब लौट चलें...

**गत 79 वर्षों में हमारी सरकारों ने अगर इस अनुभव का लाभ उठाया होता और आर्थिक विकास के मॉडल को इस तरह दिशा दी होती की गांव का जीवन आत्मनिर्भर बनता तो शहरीकरण और उससे पैदा हुई हजारों चुनौतियां आज हमारे सामने मुंह बाय न खड़ी होती। गांव की लक्ष्मी गांव में रहती और गांव का युवा गांव में ही रोजगार पाता तो करोड़ों भारतवासियों को गंदी बस्तियों में नारकीय जीवन न जीना पड़ता। मुझे लगता है कि अगर गौ रक्षा के मामले में एक नई और समेकित सोच को केंद्र में रखते हुए विकास का मॉडल तैयार किया जाए तो गो वंश और भूमिहीन परिवारों का बहुत कल्याण हो सकता है। ए कोरी कल्पना नहीं है। इस दिशा में हमने एक छोटा सा प्रयोग 20 बरस पहले मथुरा में करके देखा था। जिसके सकारात्मक परिणाम आए।**



विनीत नारायण



जो लोग एक्स (ट्विटर) पर गंभीर विषयों को तलाशते रहते हैं उन्हें पता है कि किस तरह बाजारू शक्तियां हमारे दैनिक जीवन पर शिकंजा कसती जा रही हैं। हमारे खाद्यान, सब्जियां, फल व दूध ही नहीं, हमारी दवाईयां और वैक्सीन तक सब पर इन ताकतों का कब्जा है। इनका उद्देश्य ना तो हमें स्वस्थ रखना है और ना ही सुखी। अरबों खरबों रुपये का मुनाफा कमाना ही इनका उद्देश्य होता है। इनके लिए हम सब प्रयोगशाला के जानवर हैं, जिन पर यह लगातार खतरनाक परीक्षण करते रहते हैं। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का ताना–बना इस तरह बुना जाता है कि दुनिया के तमाम देशों का नेतृत्व इन ताकतों के चंगुल में फसा रहे और अपनी प्रजा के हितों का बलिदान करके भी इनके मुनाफे बढ़ाने में मदद करे। इन ताकतों का मुख्य केंद्र है अमरीका। यह सर्वविदित है कि अमरीका की शस्त्र उद्योग लॉबी अमरीकी शासकों को मोहरा बना कर दुनिया भर में युद्ध करवाती रहती है। जिससे उसका माल बिकता रहे। इन ताकतों के आगे अमरीका का सभ्य और सुसंस्कृत समाजभी लाचार है। 'एपस्टीन फाइल्स' में जिस क्रूर, पाशविक प्रवृत्तियों का खुलासा हुआ है उसके बाद अमरीका के तमाम मशहूर बड़े लोग जेल के सीखचों के पीछे होने चाहिए थे, पर वहां ऐसा नहीं हो रहा। गोस्वामी तुलसीदास जी लिख गए हैं कि समरथ को नहीं दोष गुसाईं। जिस तरह के संकट और महामारियां अब लगातार हमारे जनजीवन पर बार–बार हमला करने लगी हैं, उससे यह स्पष्ट है कि हमारा और हमारी अगली पीढ़ियों का भविष्य अंधकार मय है। राष्ट्र का 'सकल घरेलू उत्पादन' या आर्थिक वृद्धि की दर उस राष्ट्र के लोगों के सुखी और स्वस्थ होने का पैमाना नहीं होते। ये आंकड़े उन्हें मुट्ठी भर लोगों को हर्षित करते हैं जो देश के तीन चौथाई संसाधनों पर कब्जा किए बैठे हैं। अगर लोगों की खुशहाली देखना है तो हमें पड़ोसी देश भूटान की ओर रुख करना पड़ेगा। जो अपनी प्रगति को सकल घरेलू उत्पादन के पैमाने पर नहीं बल्कि सकल घरेलू उल्लास हैप्पीनेस इंडेक्स के पैमाने पर नापता है। हमें अपने विकास की दिशा और दशा बदलनी चाहिए। देश के 5.5 लाख गांवों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। जिससे आम भारतीय बाजारू शक्तियों के मकड़ जाल से बच कर सुखी और स्वस्थ जीवन जी सके। खाड़ी के देशों में चल रहा भयानक युद्ध, उससे निरंतर बढ़ता ऊर्जा संकट और वायु में घुलता जहर पूरी दुनिया के लिए हर दिन चिंता बढ़ा रहा है। इसका बुरा असर अर्थव्यवस्था और रोजगार पर भी पड़ रहा है। समस्या भयावय होती जा रही है। हर घर में अनिश्चितता और हताशा बढ़ने लगी है। कुकिंग गैस पर से निर्भरता हटा कर गोबर के कंडों और लकड़ी पर लौटना पड़ सकता है।

क्यों न इस दिशा में एक नई पहल की जाए। सनातन हिन्दू संस्कृति में गाय को मां माना जाता है। धर्म शास्त्र कहते हैं कि गाय में 33 करोड़ देवताओं का वास होता है। गाय का दूध, उससे बना दही, छाछ, पनीर व घी स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम माना जाता है। देशी गाय के गोबर और मूत्र के गुण वैज्ञानिक परीक्षणों से सिद्ध हो चुके हैं। सदियों से हर सनातनी के घर गौ पालन की प्रथा थी, पर शहरीकरण और आधुनिक जीवनशैली ने इस परंपरा को बहुत तेजी से नष्ट किया है। गौ वंश और कृषि आधारित जीवन आम भारतीय को स्वस्थ और सुखी रखने के लिए सर्वश्रेष्ठ सिद्ध हुआ है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# ओली की गिरफ्तारी से दहशत और सन्नाटे में नेपाल की राजनीति






यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल में सत्ता परिवर्तन की अनुभूति का आगाज आगजनी और प्रदर्शनों से होगा, नेपाल की जनता ने ऐसा नहीं सोचा था। ठीक है राजनीति में बदले की भावना भी एक अध्याय है लेकिन इसके लिए थोड़ा इंतजार ठीक था। माना कि पूर्व पीएम और कम्युनिस्ट विचारधारा के वरिष्ठ नेता केपी शर्मा ओली के खिलाफ की गई कार्रवाई कानून का हिस्सा है लेकिन इसकी जो टाइमिंग है वह बालेन सरकार पर सवाल खड़ा करती है। अब इसे कोई नेपाल में कम्युनिस्ट विचारधारा पर प्रहार मान रहा है तो कोई हिन्दू राष्ट्र का आगाज। सच क्या है,यह जानने के लिए कयासबाजी और शंका आशंका से बचना होगा।

बालेन शाह को जनता ने अटूट विश्वास के साथ सत्ता के सिंहासन तक पहुंचाया है। उन्हें जनता के हित को वरियता देनी चाहिए थी। कानून तो अपना काम देर सबेर करता ही। पूर्व सांसद महेश बस्नेत और नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दीपक खड़का को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस तरह गिरफ्तारी अभियान चल रहा है उससे ऐसा लगता है अभी और बड़े नेताओं की गिरफ्तारी मुमकिन है। शपथ ग्रहण के बाद जनता के हित के लिए कुछ निर्णय लिया गया होता तो परिवर्तन की अनुभूति का यह अच्छा संकेत होता। ओली अथवा उनकी सरकार में गृह मंत्री रहे रमेश लेखक तथा पूर्व आईजी चंद्र कुबेर खापुंग के खिलाफ कार्रवाई तय थी क्योंकि पूर्व जज गौरी बहादुर कार्की की अध्यक्षता में जेन जी आंदोलन के समय हुई जनहानि और सरकारी संपत्तियों के नुकसान के कारणों की जांच हेतु गठित आयोग ने इन तीनों को जिम्मेदार ठहराया है। सवाल केवल आंदोलन के समय नुकसान और जनहानि का ही नहीं है,ओली और उनके तत्कालीन सरकार के तमाम मंत्री और बड़े अफसरों के हाथ भ्रष्टाचार से सने हुए हैं। बड़े बड़े धन्ना सेठों के करोड़ों करोड़ बिजली बिल को भारी धनराशि वसूल कर रफा–दफा किया गया है। एक तरह से यह सरकारी खजाने की लूट है जिसमें सत्ता दल के नेता और अफसरों ने जमकर लूट की।नकली भूटानी नागरिकता मामले में विभिन्न दलों के तमाम बड़े नेता और मंत्रियों पर आरोप लगे हैं। इनमें कई तो अभी भी जेल में हैं, जबकि कुछ जमानत पर बाहर आ गए। नेपाली कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा के भी इस लूट में शामिल होने की चर्चा है। पूर्व गृह मंत्री रवि लामी छाने ने ऐसे तमाम भ्रष्टाचार की जांच की पहल की थी, लेकिन ओली सरकार ने ऐसा नहीं होने दिया। नतीजा रवि लामी छाने को गृहमंत्री पद छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था।इस तरह देखें तो नेपाल में लोकतंत्र बहाली के बाद जिसके भी नेतृत्व में सरकारों का गठन हुआ,सब के सब सिर्फ अपनी जेबें भरते रहे, अपने बेटी बेटों और रिश्तेदारों का ख्याल करते रहे। कहना न होगा कि पूर्व की लोकतांत्रिक सरकारें जनता की सरकार न रहकर प्रायवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम कर रहीं थीं, बेशर्मी की हद पार करते हुए। जिन आरोपों में पूर्व पीएम ओली और उनके गृह मंत्री के खिलाफ कार्रवाई हुई है, देखें तो उसकी जद में पूर्व पीएम और माओवादी केंद्र के अध्यक्ष प्रचंड भी आ सकते हैं। राजशाही के खिलाफ लंबे समय तक चले जनयुद्ध में हजारों लोग मारे गए थे। प्रचंड ने कुछेक मौकों पर इस नरसंहार की जिम्मेदारी स्वयं अपने ऊपर ली थी। सार्वजनिक मंच से प्रचंड के इस कबूलनामें को अपराध स्वीकार करना मानते हुए ओली ने ही जांच आयोग गठित करने की बात कही थी। यदि बालेन सरकार ने ऐसा कर दिया तो प्रचंड की भी मुश्किलें बढ़ सकती है। भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू किए गए बालेन सरकार के इस जंग में अच्छे अच्छों की मुसीबतें बढ़नी तय है और तब ऐसा हो सकता है कि अभी जो सारे दल अलग–अलग हैं वे एक साथ मिलकर बालेन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने को एक जुट हो जाएं।बालेन सरकार की कार्रवाई यदि ओली, रमेश लेखक की गिरफ्तारी तक ही रही तो उन पर दुर्भावना का आरोप लग सकता है। इस तोहमत से बचने के लिए एक एक करके सभी भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई मुमकिन है। इस बीच ओली की गिरफ्तारी के बाद उपजे आंदोलन और प्रदर्शन को लेकर नेपाली कांग्रेस में अलग–अलग मत उभर कर सामने आया है। बालेन सरकार को सोचना होगा कि आंदोलन और प्रदर्शनों की दशा में उनके समक्ष जनता से किए गए वादों को पूरा कर पाना मुश्किल होगा क्योंकि फिर उन्हें कानून व्यवस्था से निपटने में ही वक्त जाया करना पड़ेगा।

ओली की गिरफ्तारी के खिलाफ काठमांडू में जिस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई, जाहिर है नवनियुक्त सरकार उससे असहज हुई है। हजारों की संख्या में एमाले कार्यकर्ता राजधानी की सड़कों पर उतर कर कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन गए। काठमांडू की मुख्य सड़कों पर मशाल जुलूस निकाल कर बालेन और गृहमंत्री सुडान गुरूंग के स्तीफे की मांग करते रहे। यह आंदोलन कुछ दिन और चल सकता है। एमाले के पूर्व सांसद मंगल प्रसाद गुप्ता कहते हैं कि जेन जी आंदोलन के उग्र होते ही ओली और गृहमंत्री ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था ऐसे में सरकारी संपत्तियों के नुकसान और जनहानि की जिम्मेदारी इन पर कैसे हो सकती है। वहीं इस घटना की जांच हेतु गठित आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हामी नेपाल के संचालक सुडान गुरूंग जो अब गृहमंत्री हैं ने काठमांडू जिला प्रशासन से शांति पूर्वक आंदोलन की अनुमति ली थी फिर भी ओली सरकार उग्र और हिंसक प्रदर्शन को काबू करने में नाकामयाब रही। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में जिन्हें आरोपित किया है उनके खिलाफ और गहनता से जांच की आवश्यकता बताई है। हालांकि जांच आयोग ने ओली के खिलाफ तीन साल से दस साल तक कारावास के सजा की संस्तुति की है यह जानते हुए भी कि ओली किडनी रोग के गंभीर मरीज हैं और उनका जीवन डायलिसिस पर निर्भर है। फिलहाल ओली और रमेश लेखक को अभी पांच दिन की पुलिस हिरासत में रखा गया है। ओली की गिरफ्तारी से नेपाल की राजनीति में दहशत भरा सन्नाटा पसरा हुआ है, भ्रष्टाचारी नेता और अफसर किसी कोने में दुबके हुए हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



जम्मू-कश्मीर। जम्मू में आयोजित 'जम्मू मैराथन 2026' के दौरान पदक प्रदर्शित करते जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला।

## पाक ध्वज वाले 20 और जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर सकेंगे

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने रविवार को कहा कि ईरान ने पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को व्यस्त होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दे दी है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन दो जहाज इस जलडमरूमध्य क्षेत्र से गुजरेंगे। डार ने कहा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि ईरान सरकार ने पाकिस्तानी ध्वज वाले 20 और जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति देने पर सहमति जताई है। उन्होंने इसे 'शांति का संकेत' और ईरान का 'स्वागत योग्य और रचनात्मक कदम' बताते हुए कहा कि यह कदम क्षेत्र में स्थिरता लाने में सहायक होगा।

## रूसी वायु रक्षा बलों ने 200 से अधिक यूक्रेनी ड्रोन नष्ट किए

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि रूसी वायु रक्षा बलों ने शनिवार रात रूसी क्षेत्रों के ऊपर मंडरा रहे 203 यूक्रेनी ड्रोन नष्ट करने में सफलता हासिल की है। मंत्रालय ने मीडिया एजेंसी मैक्स को बताया कि पिछली रात, वायु रक्षा चेतावनी तंत्र ने बेलगोरोड, ब्रायन्स्क, वोल्गोग्राद, वोरोनेज, कलुगा, कुर्स्क, लेनिनग्राद, नोवगोरोड, ओरयोल, पेन्जा, प्सकोव, रोस्तोव, समारा, सारातोव, स्मोलेंस्क, टवर, तुला क्षेत्रों, मॉस्को क्षेत्र, क्रास्नोदार क्षेत्र, क्रीमिया गणराज्य और काला सागर के ऊपर 203 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को नष्ट कर दिया। यह भी कहा गया है कि इस दौरान कोई जनहानि नहीं हुई है और इन्हें नष्ट कर सुरक्षा बलों ने काफी उपलब्धि हासिल की है।

# किम जोंग उन ने बढ़ाई ट्रम्प की बढ़ी टेंशन

### उत्तर कोरिया ने अमेरिका तक मार करने वाले मिसाइल इंजन का किया परीक्षण, अमेरिकी रक्षा तंत्र के लिए खतरा

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक नए और शक्तिशाली मिसाइल इंजन के परीक्षण का जायजा लिया। सरकारी मीडिया ने रविवार को इसकी जानकारी दी। यह इंजन एक अपग्रेडेड, हाई-थ्रस्ट, सालिड-फ्यूल पर आधारित है और इसकी ताकत पहले से कहीं ज्यादा है। किम जोंग उन ने इसे देश की सैन्य शक्ति बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है। इस परीक्षण का मकसद ऐसी मिसाइलें बनाना है जो अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बना सकें।

रिपोर्ट्स के मुताबिक इन मिसाइलों को पहचानना और रोकना बहुत मुश्किल है। कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के अनुसार, यह इंजन कार्बन फाइबर से बना है। इस इंजन की अधिकतम ताकत 2500 किलोटन मापी गई है। इससे पहले सितम्बर में हुए परीक्षण में यह ताकत 1970 किलोटन थी। यह टेस्ट देश के पांच साल के हथियार विकास कार्यक्रम का हिस्सा है। इसका लक्ष्य परमाणु क्षमता वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को और आधुनिक बनाना है। किम जोंग उन ने कहा कि इस टेस्ट से देश की रणनीतिक ताकत सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई है। हालांकि,



■ इस परीक्षण का मकसद ऐसी मिसाइलें बनाना है जो अमेरिका और उसके सहयोगियों को निशाना बना सकें

यह टेस्ट कब और कहां हुआ, इसकी सटीक जानकारी नहीं दी गई है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि उत्तर कोरिया के दावे बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हो सकते हैं। दक्षिण कोरिया के एक शोधकर्ता ली चुन ग्यून ने कहा कि उत्तर कोरिया इसमें कुछ बातें छिपा रहा है। उन्होंने इंजन के जलने के कुल समय जैसी जरूरी जानकारी नहीं दी है। उत्तर कोरिया ने सितम्बर के परीक्षण को सालिड-फ्यूल इंजन का नौवां और अंतिम ग्राउंड परीक्षण बताया था, और पहले कहा था कि इस इंजन का उपयोग इंटरकान्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइलों (आईसीबीएम) के लिए किया जाएगा। उस समय पर्यवेक्षकों ने अनुमान लगाया था कि उत्तर कोरिया जल्द ही उस इंजन से लैस एक आईसीबीएम का परीक्षण-प्रक्षेपण करेगा, लेकिन उसने अभी तक ऐसा नहीं किया है। विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया के इस कार्यक्रम में कुछ देरी हो रही है। यह भी संभव है कि वह रूस की तकनीकी मदद से बेहतर इंजन बना रहा हो। हाल के समय में रूस और उत्तर कोरिया के बीच संबंध गहरे हुए हैं। उत्तर कोरिया ने यूक्रेन युद्ध में रूस की मदद के लिए अपने सैनिक और हथियार भी भेजे हैं। ठोस ईंधन वाले इंजन से उत्तर कोरिया छोटी मिसाइलें भी बना सकता है। इन्हें पनडुब्बियों या मोबाइल ट्रकों से लान्च करना आसान होगा। जो कि अमेरिका के रक्षा तंत्र के लिए खतरा बढ़ाएगा। उत्तर कोरिया ने पिछले कुछ वर्षों में कई मिसाइलों का परीक्षण किया है। ये मिसाइलें अमेरिका तक पहुंचने की क्षमता रखती हैं। हालांकि, विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया को अभी भी कुछ तकनीकी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसमें सबसे बड़ी चुनौती मिसाइल के वारहेड को वायुमंडल में दोबारा प्रवेश कराते समय सुरक्षित रखना है।

## संक्षिप्त समाचार

### ईरान संकट पर रूस की मददगारों को नसीहत

**मॉस्को।** रूस ने कहा है कि ईरान संकट का समाधान निकालने में मदद करने की कोशिश कर रहे बाहरी पक्षों को सिर्फ अपने संकीर्ण एजेंडे पर ध्यान नहीं देना चाहिए। यह बात रूस के विदेश मंत्री के पश्चिम एशिया शांति प्रक्रिया के लिए विशेष प्रतिनिधि व्लादिमीर सैफ्रोनकोव ने कही है। सैफ्रोनकोव ने कहा कि यहां मुझे यह बताना जरूरी लगता है कि, कुल मिलाकर, खाड़ी में मौजूदा संकट के साथ-साथ अन्य संघर्षों का समाधान बाहरी पक्षों की समन्वित कार्रवाई पर निर्भर करता है। यह जरूरी है कि हर कोई 'खेल के एक ही नियम' के अनुसार काम करे और सिर्फ अपने संकीर्ण एजेंडे से निर्देशित न हो।

### रूसी गैस टैंकर पर हुए हमले की जांच हो: लीबिया

**बेनगाजी।** लीबिया की सर्वोच्च राज्य परिषद (एसएससी) के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार आदेल अब्देलकाफी ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय संगठनों को देश के तट से दूर भूमध्य सागर में रूसी गैस टैंकर पर हुए हमले की जांच करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि रूस के परिवहन मंत्रालय ने तीन मार्च को कहा था कि रूसी गैस टैंकर 'आर्कटिक मेटागाज' पर लीबिया के तट से दूर, भूमध्य सागर में माल्टा के क्षेत्रीय जल क्षेत्र में यूक्रेन की मानवरहित नावों द्वारा हमला किया गया था।

### ड्रोन कार्रवाई में रूस के उस्त-लूगा तट को हुआ नुकसान

**मॉस्को।** रूस के लेनिनग्राद क्षेत्र में 27 ड्रोन मार गिराए जाने से उस्त लूगा तट को नुकसान पहुंचा है। लेनिनग्राद के गवर्नर अलेक्सांद्र ड्रोज्डेन्को ने यह जानकारी दी है। उन्होंने मैक्स पर कहा सत्ताईस यूएवी मार गिराए गए। उस्त-लूगा तट को नुकसान पहुंचा है। कोई हताहत नहीं हुआ। गवर्नर ने बताया कि हमले की जवाबी कार्रवाई जारी है।

### अमेरिका में 48 रूस विभिन्न जेलों में बंद: संघीय जेल ब्यूरो

**वाशिंगटन।** अमेरिका में वर्तमान में 48 रूसी नागरिक विभिन्न जेलों में बंद हैं, जो देश की जेलों में बंद सभी विदेशी नागरिकों का लगभग 0.2 प्रतिशत है। विधि विभाग के संघीय जेल ब्यूरो (बीओपी) की प्रेस सेवा ने संवाद समिति रिया नोवोस्ती को यह जानकारी दी है। फिलहाल अमेरिकी गोपनीयता कानूनों के तहत प्रतिबंधों का हवाला देते हुए इन व्यक्तियों के नाम और व्यक्तिगत विवरण का खुलासा नहीं किया गया है। एजेंसी ने यह भी बताया कि वर्तमान में 48 यूक्रेनी नागरिक और चार बेलारूसी नागरिक अमेरिकी जेलों में हैं। बीओपी के अनुसार, अमेरिकी जेलों में बंद सभी विदेशियों में से आधे से अधिक, यानी लगभग 12500 लोग, मैक्सिको के नागरिक हैं।

# IRGC टारगेट पर अब इजरायली-अमेरिकी विश्वविद्यालय

### तेहरान में विश्वविद्यालय पर हमले के बाद इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अपना वैध लक्ष्य करार दिया

**मॉस्को/तेहरान।** ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने तेहरान में एक विश्वविद्यालय पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में इजरायली और अमेरिकी विश्वविद्यालयों को हमलों के लिए वैध लक्ष्य मानना शुरू कर दिया है। प्रेस टीवी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। चैनल ने टेलीग्राम पर बताया कि तेहरान यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी पर अमेरिका-इजरायल के हमले के बाद आईआरजीसी ने चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र में मौजूद सभी अमेरिकी और इजरायली विश्वविद्यालय वैध लक्ष्य हैं।

ईरान के विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता इस्माइल बाकाई ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस्फाहान यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी और तेहरान स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, उन कई विश्वविद्यालयों और अनुसंधान केंद्रों में से केवल दो हैं, जिन पर पिछले 30 दिनों के दौरान ईरानी राष्ट्र के खिलाफ छेड़े गए अपने अवैध युद्ध के दौरान हमलावरों ने जानबूझकर हमले किए हैं। उन्होंने आगे कहा कि वास्तव में, ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजरायल की आक्रामकता का असली मकसद लगातार सामने आ रहा है: विश्वविद्यालयों, अनुसंधान केंद्रों, ऐतिहासिक स्मारकों और प्रमुख वैज्ञानिकों को सुनियोजित तरीके से निशाना बनाकर हमारे देश की वैज्ञानिक नींव और सांस्कृतिक विरासत को पंगु





■ ईरान युद्ध में बीते एक माह के दौरान जान माल का बेहिंसाब नुकसान, हजारों लोग हताहत, लाखों विस्थापित

बनाना है। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका का यह दावा कि वह ईरान के 'परमाणु कार्यक्रम' और 'आसन्न खतरे' का मुकाबला कर रहा है कि सिवाय दुर्भावनापूर्ण बहानों के और कुछ नहीं है-ये केवल मनगढ़ंत बातें हैं जिनका मकसद उनके असली इरादों को छिपाना है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में विभिन्न लक्ष्यों पर हमले शुरू कर दिए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। इसके जवाब में ईरान इजरायली क्षेत्र में सैन्य लक्ष्यों के साथ-साथ पश्चिम एशिया में स्थित अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जवाबी हमले कर रहा है। दूसरी ओर अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण बीते एक माह में जान माल का बेहिंसाब नुकसान हुआ है, लेकिन इस संघर्ष का अंत कहीं नजर नहीं आ रहा है। दोनों देश अपने-अपने संघर्षविराम मसौदे पेश कर चुके हैं लेकिन अब तक आम सहमति नहीं बन सकी है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, बीते एक माह में ईरान में मृतकों की संख्या 1900 से अधिक हो गई है। लेबनान में इजरायल की सैन्य कार्रवाई के कारण 1100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, जिनमें 121 बच्चे शामिल हैं।

इजरायल पर हुए हमलों में करीब 20 लोगों की जान गई, जबकि खाड़ी क्षेत्र में लगभग 25 लोगों के मारे जाने की खबर है। अरब देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान के हमलों में कई सैनिक हताहत हुए हैं, जिनमें कम से कम छह सैनिकों की मौत की पुष्टि हुई है। लेबनान में 12 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। ईरान में करीब 10,000 नागरिक ठिकानों को नुकसान पहुंचा है। यह युद्ध 28 फरवरी को शुरू हुआ जब अमेरिका और इजरायल ने तेहरान सहित ईरान के कई शहरों पर बड़े पैमाने पर हमले किए, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई सहित कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की मौत हुई। इसी दिन ईरान के होर्मोजगान प्रांत के मिनाब शहर का एक बालिका विद्यालय भी अमेरिकी मिसाइल का निशाना बना, जिसमें 165 लोगों की मौत हुई।

मृतकों में ज्यादातर 7-12 वर्ष की छात्राएं थीं, हालांकि अमेरिका ने इस हमले की जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया और कहा कि घटना की जांच हो रही है। अमेरिका-इजरायल ने आयतुल्ला खामेनेई की हत्या को 'पूर्ववर्ती हमला' करार दिया। इसके जवाब में ईरान ने अपनी पूर्व की चेतावनियों पर अमल किया और इजरायल के साथ-साथ खाड़ी देशों में अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइल एवं ड्रोन हमले किए। इसके साथ ही ईरान ने होर्मुज जलडमरुमध्य को भी बंद कर दिया, जहां से पूरी दुनिया का 20 प्रतिशत कच्चा तेल गुजरता है। युद्ध के शुरुआती दिनों में ही हिजबुल्लाह भी संघर्ष में शामिल हो गया, जिसके बाद इजरायल ने लेबनान में जमीनी कार्रवाई शुरू की। इस दौरान खाड़ी देशों ने हमलों की निंदा की, जबकि अमेरिका ने कहा कि उसका लक्ष्य ईरान की सैन्य क्षमता को नष्ट करना है। युद्ध के दूसरे सप्ताह तक यह स्पष्ट हो गया कि ईरानी शासन ध्वस्त नहीं हुआ है और युद्ध लंबा खिच सकता है। तीसरे सप्ताह में संघर्ष और तेज हुआ जब इजरायल ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों, विशेषकर साउथ पार्स गैसफील्ड पर हमला किया। इस हमले के बाद धधकती आग के कारण कई किलोमीटर दूर तक काले बादल छा गए और आसपास के इलाकों में काली बारिश भी हुई। इसके जवाब में ईरान ने क्षेत्र के ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया। इस दौरान इजरायल ने सुरक्षा सचिव अली लारिजानी और बासिज प्रमुख गुलामरजा सुलेमानी सहित ईरान के कई शीर्ष सुरक्षा अधिकारियों की हत्या की। दूसरी ओर, ईरान ने अमेरिका की सैन्य क्षमता पर हमला जारी रखा। अमेरिकी सेना की केन्द्रीय कमान के अनुसार, वह ईरान में 11000 से ज्यादा सैन्य लक्ष्यों पर हमला कर चुका है और उसे करीब 3500 ठिकानों पर हमला करना बाकी है। उधर, होर्मुज जलडमरुमध्य बंद होने के कारण तेल की कीमतें 110 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गई हैं और वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा गया है। चौथे सप्ताह में अमेरिका ने संकेत दिया कि वह कूटनीतिक समाधान की तलाश में है और ईरान को युद्धविराम का प्रस्ताव भेजा।

## लेबनान में पत्रकारों की मौत पर ईरान की कड़ी प्रतिक्रिया

**तेहरान/बेरूत।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने लेबनान में तीन पत्रकारों की मौत पर गहरी चिंता जताते हुए इसे 'सिर्फ मीडिया जगत के लिए बड़ी क्षति ही नहीं, बल्कि वैश्विक चेतना के लिए एक गंभीर चेतावनी' बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, जेध्धीन शहर में एक हवाई हमले में अल मनार टीवी के पत्रकार अली शोएब और अल मयादीन के पत्रकार सुफातिमा और मोहम्मद फेटोनी की मौत हो गई। यह हमला इजराइल रक्षा बल द्वारा किया गया बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में अराघची ने इस हमले को 'स्पष्ट रूप से लक्षित हत्या' करार दिया और कहा कि यह 'सच्चाई सामने लाने वाली आवाजों को खामोश करने की कोशिश' है। उधर इजरायल की सेना ने अली शोएब की मौत की पुष्टि करते हुए दावा किया है कि वह हिजबुल्लाह का सदस्य था और पत्रकार के रूप में काम कर रहा था। गौरतलब है कि लेबनान में संघर्ष शुरू होने के बाद यह दूसरी बार है जब इजराइल पर पत्रकारों को निशाना बनाने के आरोप लगे हैं, जिससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ गई है।

## ईरान जंग पर पाकिस्तान की 3 देशों के साथ मीटिंग

**इस्लामाबाद।** ईरान जंग को खत्म करने के लिए पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सऊदी अरब, तुर्की और मिस्र के विदेश मंत्रियों की बैठक शुरू हो गई है। पाकिस्तान इस बैठक को होस्ट कर रहा है। मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलत्ती पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार से मुलाकात की हैं। इसके साथ ही इशाक डार तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान और सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ अलग-अलग बैठकें भी करेंगे। यहां वे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से भी मुलाकात करेंगे। पाकिस्तान अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता की भूमिका निभाने की भी पेशकश भी कर चुका है। उसने ईरान को 15 सूत्रीय अमेरिकी प्रस्ताव भी सौंपा है। इसमें ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को पूरी तरह बंद करना, मिसाइल कार्यक्रम घटाना, क्षेत्रीय प्राक्सी ग्रुप्स से समर्थन रोकना और सैंक्शन्स में राहत जैसे मुद्दे शामिल हैं। ईरान इस प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है।

■ रूस, सऊदी-तुर्की और मिस्र के विदेश मंत्री इस्लामाबाद पहुंचे
■ इशाक डार तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान और सऊदी के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान के साथ अलग-अलग बैठकें भी करेंगे

## कुर्दिस्तान के राष्ट्रपति आवास पर ड्रोन अटैक

### अमेरिका ने बताया कायरतापूर्ण हमला

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया का पूरा इलाका इन दिनों बारूद के ढेर पर बैठा हुआ है। ताजा मामला इराक के कुर्दिस्तान से आया है, जहां राष्ट्रपति के आवास को निशाना बनाकर एक बड़ा ड्रोन हमला किया गया। इस हमले ने न सिर्फ कुर्दिस्तान बल्कि अंतर्राष्ट्रीय गलियारों में भी हड़कंप मचा दिया है। घटना के बाद से अमेरिका बेहद तल्ख तेवर में नजर आ रहा है।

वहीं, ईरान भी चुप नहीं है। दोनों देशों के बीच का पुराना विवाद एक बार फिर सामने आ गया है। जैसे ही राष्ट्रपति आवास पर हमले की खबर आई, अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बिना देर किए एक बयान जारी किया। अमेरिका ने हमले को 'कायरतापूर्ण आतंकवादी कृत्य' बताते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की है। अमेरिका ने साफ लफ्जों में कहा है



■ ईरान के साथ छिड़ी जुबानी जंग, अंतर्राष्ट्रीय गलियारों में भी हड़कंप मचा

कि वह कुर्दिस्तान और इराक की संप्रभुता और सुरक्षा के साथ मजबूती से खड़ा है। अमेरिका ने इराकी प्रशासन से मांग की है कि इस साजिश के पीछे जो भी चेहरे हैं, उन्हें बेनकाब कर सख्त से सख्त सजा दी जाए। इस एक हमले ने जितनी दहशत जमीन पर नहीं फैलाई, उससे कहीं ज्यादा इसने कूटनीतिक गलियारों में तनाव पैदा कर दिया है। हमले के कुछ ही घंटों के भीतर अमेरिका और ईरान के बीच आरोपों के तीर चलने लगे। अमेरिकी सुरक्षा अधिकारियों का दावा है कि इस हमले के पीछे उन उग्रवादी गुटों का हाथ है, जिन्हें सीधे तौर पर ईरान से खाद-पानी और हथियार मिलते हैं। अमेरिका ने कहा कि ईरान समर्थित ये गुट क्षेत्र में अपनी धमक बनाए रखने के लिए ऐसे हमलों को अंजाम देते रहते हैं। दूसरी तरफ, ईरान ने भी इन आरोपों पर चुप रहना ठीक नहीं समझा। ईरान ने अमेरिका के इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है।

## जमीनी हमले की साजिश रच रहा अमेरिका: गालिबाफ

**तेहरान।** ईरान पर अमेरिका-इजरायल के हमलों को रोकने के कूटनीतिक प्रयास लगातार जारी हैं। हालांकि, हमलों का स्तर कम न होने से पश्चिम एशिया में तनाव गहराता जा रहा है। इस बीच ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने रविवार को दावा किया कि अमेरिका युद्ध समाप्त करने के लिए कूटनीतिक प्रयास करने का दिखावा कर रहा है, लेकिन हकीकत में वह एक जमीनी हमले की योजना बना रहा है।

मोहम्मद बाकेर गालिबाफ ने कहा कि दुश्मन सार्वजनिक रूप से बातचीत और संवाद के संदेश भेज रहा है, जबकि गुप्त रूप से जमीनी हमले की साजिश रच रहा है। गालिबाफ ने यह भी कहा कि ईरान के सैनिक अमेरिकी सैनिकों के जमीन पर उतरने का इंतजार कर रहे हैं ताकि उन्हें आग लगाकर खाक कर सकें। उन्होंने कहा कि दुश्मन बातचीत की बात करता है, लेकिन जमीनी आक्रमण की योजना बना रहा है। अमेरिका संघर्षविराम के लिए 15 सूत्रीय सूची के जरिए से वह हासिल करने की कोशिश कर रहा है जो वह युद्ध में नहीं जीत सका। हमारी सेनाएं तैयार हैं और हम कभी अपमानित नहीं होंगे। ईरानी संसद के अध्यक्ष ने कहा कि अमेरिका को जवाब देकर उनके क्षेत्रीय सहयोगियों को हमेशा के लिए सबक सिखाएंगे।

■ ईरानी सैनिक अमेरिकी सैनिकों के जमीन पर उतरने के इंतजार में ताकि उन्हें आग लगाकर खाक कर सकें

# ईरान में जमीनी अभियान की अमेरिका कर रहा तैयारी

### अभियान मे विशेष ऑपरेशन बलों व पारंपरिक पैदल सेना इकाइयों की कार्रवाई शामिल होगी

■ अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान 11000 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले किए

**वाशिंगटन।** अमेरिकी रक्षा विभाग ईरान में कई हफ्तों तक चलने वाले जमीनी अभियान की तैयारी कर रहा है। वाशिंगटन पोस्ट ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है।

अखबार के अनुसार किसी भी संभावित जमीनी अभियान में विशेष ऑपरेशन बलों और पारंपरिक पैदल सेना इकाइयों द्वारा की जाने वाली कार्रवाई शामिल होगी। अखबार ने बताया कि यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि क्या अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पेंटागन की उन योजनाओं में से किसी को मंजूरी देंगे। इससे पहले, अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने पश्चिम एशिया में अमेरिकी नौसेना के युद्धपोत यूएसएस त्रिपोली के पहुंचने की घोषणा की थी। उल्लेखनीय है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में लक्ष्यों पर हमले शुरू किए, जिससे काफी जान माल का नुकसान हुआ। ईरान इजरायली क्षेत्र के साथ ही पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य लक्ष्यों पर जवाबी हमले कर रहा है। वहीं अमेरिका ने ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दौरान 11000 से ज्यादा सैन्य ठिकानों पर हमले किए है। अमरीकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) यह जानकारी दी है। सेंटकॉम द्वारा एक्स पर पोस्ट की गई जानकारी के अनुसार, अमेरिका ने अब तक 11000 से ज्यादा ठिकानों पर हमला किए है, जिसमें 150 से ज्यादा क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए जहाज शामिल हैं। सेंटकॉम ने दावा है कि अमरीकी वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने 11000 से ज्यादा उड़ानें भरी हैं। गौरतलब है कि अमेरिका और इजरायल ने 28 फरवरी को ईरान में ठिकानों पर हमला करना शुरू किया था। ईरान, इजरायली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिम एशिया में अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर भी जवाबी हमला कर रहा है।

### परमाणु स्थलों पर रेडिएशन का स्तर बढ़ने की सूचना दे ईरान: आईएईए

**वियना।** ईरान के परमाणु स्थलों पर अगर रेडिएशन का स्तर बढ़ता है, तो वह इसकी सूचना अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) को देगा। वियना में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में रूस के स्थाई प्रतिनिधि मिखाइल उल्यानोव ने आरआईए नोवोस्ती को दिए एक साक्षात्कार में यह बात कही। उल्यानोव ने कहा कि रेडिएशन प्रदूषण के संबंध में कुछ ईरानी एजेंसियां हैं जो निश्चित रूप से रेडिएशन के स्तर को माप रही हैं और अगर यह स्तर बढ़ता है, तो वे आईएईए सचिवालय को सूचित करेंगी। मुझे लगता है कि इस बात का भरोसा किया जा सकता है।

श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कॉलोनी, मेन पचैण्ड़ा रोड़, निकट गऊशाला, मुजफ्फरनगर
प्रवेश सूचना-पैरामेडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स
10th व 12th (OPEN Board) से करें (विषय-साइंस, आर्ट, कॉमर्स etc.)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास/10thफेल, 12th हेतू-10th पास/12th फेल
(Fresh, Part Admission & TOC Facility Available) (Exam-July व Oct 2026)
NIOS(शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (X-Ray Tech), CCH(एलोपैथिक), CAT(आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक), CHD(होम्यापैथिक), Diploma in Yoga & YTTP, ECCE-(प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), CCA (कम्पयूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact us for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, Dip. in Panchkarma Therapy, OT Tech., DMLT, BMLT, BNYS, Optometry, Ophthalmic, Dental Tech & Hygiene, Radiology & Imaging Tech, Dietician and Nutritionist, Optician Dispensing, MPHW, MRT, Agriculture, Bachelor (All Paramedical) BBA, MBA, BSC, MSC, B.Com, M.Com, M.A. B.A. Polytechnic, ITI, Nursing Assitant Etc.
M.: 8505978850, 9634519104

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108